ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 26 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-190 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

प्रियंका चाहर पर लगा ब्रांडेड कपड़े चुराने ... पेज 10 पर

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

जीवन रक्षा को मिली उड़ान

झारखण्ड की जनता के लिए पहली बार

एयर एम्बुलेंस सेवा

सेवा का शुभारंभ - 28 अप्रैल 2023

नागर विमानन प्रभाग से संपर्क करें

+91 82105 94073

0651-4665515

airambulance.cad@gmail.com

सेवा हेतु प्रमुख मार्गों पर दरें -

सेक्टर	दर	सेक्टर	दर
रांची - नई दिल्ली	₹5.00 लाख	रांची - हैदराबाद	₹7.00 लाख
रांची - मुम्बई	₹7.00 लाख	रांची - वाराणसी	₹3.30 लाख
रांची - चेन्नई	₹8.00 लाख	रांची - लखनऊ	₹5.00 लाख
रांची - कोलकाता	₹3.00 लाख	रांची - तिरुपति	₹8.00 लाख

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य मार्गों पर परिचालन हेतु यह सेवा ₹1,10,000 /- मात्र प्रतिघंटे की दर पर उपलब्ध रहेगी, यथा - रांची - चंडीगढ़, रांची - पटना आदि

रांची तथा

देवघर | दुमका
बोकारो | धनबाद
जमशेदपुर | गिरिडीह

एयरपोर्ट पर भी एयर एम्बुलेंस सेवा होगी उपलब्ध

अधिकतम दो घंटे में

एयर एम्बुलेंस उड़ान हेतु होगा तैयार।
आपातकालीन उपकरणों सहित चिकित्सक के साथ सेवा होगी उपलब्ध

फ्लाइट रीशिड्यूल

करने का भी विकल्प, बशर्ते प्रस्तावित रीशेड्यूल में किसी अन्य आवेदक का प्रोग्राम प्रभावित न हो रहा हो

पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण

एयर एम्बुलेंस सेवा।
एयर एम्बुलेंस सेल की सेवा 24x7 घंटे रहेगी उपलब्ध

PR No. 295944 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

डैम तलाब सूखे, वन्य प्राणी जीव जंतु का जीवन पानी के बिना बेहाल

पाटन। भीषण गर्मी की शुरूआत हो चुकी है गर्मी शुरू होते ही पाटन प्रखंड के कई इलाके के क्षेत्र मे तालाब,डेम, कुआं चापानल सूख गए हैं। राजहरा पंचायत के बिल्होरी मे 16 एकड़ में फैले लघु सिंचाई विभाग से निर्मित डैम 35 वर्ष पूर्व बनाया गया था। इस डैम में हर साल मत्स्य विभाग के द्वारा मछली पालन किया जाता है। लेकिन इस बार वर्षा नहीं होने के करण इस साल डैम सूख गया । भीषण गर्मी की शुरूआत हो चुकी है। गर्मी शुरू होते ही पाटन प्रखंड के कई इलाक ों के क्षेत्र में तालाब,डेम, कुआ,ं चापानल सूख गए हैं। पानी नहीं रहने की वजह से मछली पालन नहीं हुआ डैम मे पानी रहने पर क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था रहती थी। इस बार किसान खेती से वंचित रहे। जंगलों में रह रहे पशु पक्षीयों की हालत नाजुक है। डैम में पानी नहीं रहने की वजह से गांव-गांव भटकते रहते हैं। जंगली क्षेत्र से नीलगाय पानी की तलाश में खोजते खोजते गांव घर कस्बे में घुस जाती हैं। जिससे गांव में लगी फसल बर्बाद होती हैं। बिल्होरी के ग्रामीणों का कहना है कि इस डैम का चार बार मरम्मत भी किया गया है. लेकिन इस डेम के गहरीकरण, सुंदरीकरण मे लेपा पोती कर दिया गया। इसी गांव के संघर्षशील व्यक्ति ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि डैम में पानी रहने पर फसल की उपज होती रहती थी। मत्स्य विभाग द्वारा टेंडर कर मछली डाला जाता था जिससे दो चार युवाओं को रोजगार मिल जाता था। इस वर्ष डैम सूखा की चपेट में है।

NEWS इन ब्रीफ

घरेलू उपभोक्ता एक-मुश्त योजना का लाभ उठायें : प्रदीप

हुसैनाबाद। झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड राँची द्वारा घोषित एकमुश्त योजना पूरे झारखण्ड में लागू है। यह योजना आगामी 30 जून 2023 तक लागू है। इस योजना के अन्तर्गत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ता एवम कृषि उपभोक्ता जिनका बिद्युत भार 05 किलोवाट है और वैसे बिद्युत उपभोक्ता जिनका विद्युत विपत्र माह दिसंबर 2022 के बिजली बिल मे जो बिल बकाया है,वह 100 प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा। उक्त जानकारी झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड हुसैनाबाद के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उपभोक्ता इस योजना का लाभ 5 बराबर किस्तो में भी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि साथ ही साथ जो उपभोक्ता अभी तक विद्युत कनेक्शन नही लिए है वह यथाशीघ्र अपना कनेक्शन करवा लें,अन्यथा पकड़े जाने पर उनपर विभागीय कारवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि जिन बिजली उपभोक्ताओं का बकाया राशि 5 हजार से है,वह यथाशीघ्र कार्यालय में आकर अपना बिल जमा करें।अन्यथा बिजली कनेक्शन काटते हुए विभागीय नियमानुसार कारवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि वैसे उपभोक्ता जो अभी तक बिजली मीटर नही लगवाए है ,वह अविलंब बिजली मीटर लगाकर 100 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का लाभ लें।

पांडू पंचायत में बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी

नवीन मेल संवाददाता

पांडू। पंचायत सचिवालय में मंगलवार को क्षत्रिय जागृति मंच के द्वारा बाबू बीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई।। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक रामबेलास सिंह व संचालन प्रद्युम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह ने किया।। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षत्रिय जागृति मंच के हुसैनाबाद पूर्व मुखिया जगदीश सिंह, विशिष्ठ अतिथि के रूप में जागृति मंच के संस्थापक प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, सीबी रमण सिंह, उंटरीरोड मुखिया अशोक सिंह, युवा नेता अविनाश सिंह उर्फ सिंटू सिंह, गोविंद सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबू बीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। वहीं उपस्थित अतिथियों को पगड़ी दे कर सम्मानित किया गया।। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया जगदीश सिंह ने कहा कि पांडू में आयोजित बाबू बीर कुंवर

सिंह जयंती के अवसर पर हम सबों को उनके पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य करने की जरूरत है, उन्होंने कहा कि क्षत्रिय का मतलब है छाया देना, किसी समाज के गरीब - असहाय व्यति को सहयोग करना ही असली धर्म है। एक अच्छे समाज के निर्माण व विकास के लिए शिक्षा का स्तर ऊंचा होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह ने अपनी वीरता के कारण अंग्रेजों को धूल चटाने का काम किया था। पहले युग में न्याय के लिए लोगों को अस्त्र - शस्त्र की जरूरत पड़ती थी। लेकिन आज के परिवेश में कलम की जरूरत है ,जिससे शिक्षित व संगठित समाज का निर्माण हो सके।। क्षत्रिय जागृति मंच के संस्थापक प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा की समाज को एकजुट हो कर कार्य करने की जरूरत है जिससे समाज में फैली कुरुतियाँ दूर की जा सके। उन्होंने कहा कि समाज में दहेज प्रथा एक गंभीर समस्या बन गयी है। जिसके कारण गरीब परिवार के बेटियों की शादी में भारी परेशानी हो रही है इसके लिए समाज के लोगों को एकजुट हो कर सहयोग करने की जरूरत है, वहीं गोविंद सिंह ने मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया जगदीश सिंह को तलवार भेंट की। वहीं मंच के संस्थापक प्रेमतोष सिंह को युवा समाजसेवी सिंटू सिंह ने तलवार भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जगदीश सिंह ने युवा समाजसेवी अविनाश कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह को तलवार भेंट कर पांडू क्षत्रिय जागृति मंच के लिए जिम्मेवारी सौंपी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि कृष्णविजय सिंह उर्फ बुचुन सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह, शंभुशरण सिंह, ब्रजभूषण सिंह, श्यामसुंदर सिंह, अरविंद सिंह, बबलू सिंह, नीरज सिंह, अखिलेश सिंह, सिकन्दर सिंह, सुदर्शन सिंह, विजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, उदय सिंह, बिजय सिंह, मुन्ना सिंह, सुधीर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

पंच मुहान चौक के पास हमेशा रहती है सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के पंच मुहान चौक के पास बीच सड़क पर ठेला लगने की वजह से आए दिन लोगों को जाम की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। इन ठेले वालों की वजह से स्थानीय दुकानदार काफी परेशान हैं। पंच मुहान चौक के एक दुकानदार ने बताया कि यहां पर जाम होने की वजह से कई बार झगड़ा झंझट भी हो चुका है। यहां पर ठेले वाले सड़क पर ठेला लगाकर लगातार सड़क को जाम कर देते है।वहीं बाजार के पंच मुहान चौक के पास दिन पर दिन ठेला पर फल,सब्जी,चप्पल बेचने वालों की तादाद बढ़ रही है। इन ठेला विक्रेताओं को द्वारा पूरी तरह से सड़क को जाम कर दिया जा रहा है। कई बार ट्रैफिक पुलिस और शहर थाना की पुलिस द्वारा यहां से

ठेला हटाने को बोला गया है,इसके बाद भी लोग ठेला हटाने को तैयार नहीं है। यदि गलती से कोई बाइक वाले का ठेला से टक्कर हो जाती है तो ठेला वाले लड़ाई करने पर उतारू हो जाते हैं। यहां के स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कई बार झगड़ा होने के बाद ठेले वालों को यहां के दुकानदार समझाने जाते है तो ठेले वाले दुकानदारों से ही झगड़ा करने लगते हैं। बताते चलें कि शहर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बाजार में खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। उसके साथ ही लोग अपने दोपहिया और चार पहिया वाहन को लेकर बाजार पहुंच रहे है। जिससे बाजार में जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में दुकानों में पार्किंग के इंतजाम नहीं होने के कारण लोग सड़क पर वाहन खड़े कर खरीदारी करने को मजबूर है।सड़कों पर वाहन और ठेला खड़ा रहने की वजह से लोगों का राह चलना भी मुश्किल हो गया है।

पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा पशुपालन विभाग के निदेर्शानुसार पलामू जिला मुख्यालय अंतर्गत सदर प्रखंड के चियांकी पंचायत में मंगलवार को राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना अंतर्गत पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन सदर मेदिनीनगर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ,प्रखंड प्रमुख श्रीमती बसंती देवी ,जिला पशुपालन पदाधिकारी पलामू डॉ विद्यासागर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया जिसमें डा उदय कुमार सिन्हा सहायक कुकुट विकास पदाधिकारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर डॉ अनुप विलियम लकड़ा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मानातु डॉ शशी सिन्हा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा मनीषा,ड़ा दीनबंधु गुप्ता,ड़ा तौफिक और पशुपालन कर्मी,कृत्रिम गभार्धान कर्मी उपस्थित शिविर में बाँझपन से जुझ रहे मवेशियों की चिकित्सीय जाँच एवं निशुल्क दवा वितरण किये। 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने कहा 'इस तरह का आयोजन निरंतर होने से कई तरह की बीमारियों में पशुओं को क्या दवा देना उसकी जानकारी से लाभ मिलेगा। ' साथ ही साथ किसान पशुपालन के क्षेत्र में कैसे आत्मनिर्भर हो कर अपने एवं पूरे परिवार की आजीविका पा सकते हैं। इसके लिए हमारे राज्य के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री श्री बादल पत्रलेख जी कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में विशेष ध्यान दे रहे हैं। ताकि इस तरह से किसानों एवं पशुपालकों को ग्रामीण स्तर पर अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके एवं अपनी आमदनी को दिन प्रतिदिन बढ़ाया जाय।

प्रतिनिधिमंडल क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हुसैनाबाद। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हुसैनाबाद के प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम को ज्ञापन सौंपकर बायोमैट्रिक्स से हाजिरी बनाने में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। शिक्षक प्रतिनिधियों ने बताया कि विभाग से मिले टैब से शिक्षक आगमन प्रस्थान दर्ज करते हैं। लेकिन शत प्रतिशत टैब खराब हो चुके हैं। शिक्षक निजी मोबाइल व निजी खर्च पर हाजिरी बनाना शुरू किये। फिलवक्त ईविद्यावाहिनी एप्प को अपडेट करने के बाद हाज़िरी नहीं बन पा रही है। इसी बीच ईभीभी का नया वर्जन 2,3,4 भी प्लेस्टोर से डाउनलोड करने के बाद भी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है।

विपक्ष तय करेगा प्रधानमंत्री का चेहरा : दीपांकर

मेदिनीनगर। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि विपक्षी एकजुटता के बीच चेहरा कोई मुद्दा नहीं है। बल्कि चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री का चेहरा दिया जाएगा। बात चेहरे की नहीं है बात मुद्दे की है। भाकपा माले का बेतला नेशनल पार्क में राज्य स्तरीय कन्वेंशन चल रहा है। कैडर कन्वेंशन में भाग लेने के लिए भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, बगोदर विधायक विनोद सिंह सिंह समेत कई टॉप नेता पलामू पहुंचे। यहां भाकपा माले के राष्ट्रीय सचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि कुछ दिनों पहले पार्टी का राष्ट्रीय कन्वेंशन आयोजित हुआ था. जिसमें विपक्षी एकजुटता की बात उठी थी। नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और सलमान खुर्शीद को भी आमंत्रित किया गया था।

प्रस्ताव

रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति का

18 मई को चक्का जाम

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। देवी धाम प्रांगण हैदरनगर में मंगलवार को दोपहर रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति पलामू के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह की अगुवाई में बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय ने की। बैठक में प्रखंड के सभी 12 पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति व अन्य प्रतिनिधियों के अलावे ग्रामीणों की सहभागित सुनिश्चित की गई है। जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने इस आंदोलन की संपूर्ण अध्यक्षता हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया व पूर्व प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार सिंह के हाथों सौंपी है। बैठक में सभी पंचायतों में 21 सदस्यीय रेल उपभोक्ता समिति का गठन करने का प्रस्ताव लिया गया। जिसमें संबधित पंचायत के मुखिया अध्यक्ष रहेंगे। सदस्यों ने कहा कि रेल प्रशासन की उपेक्षात्मक रवैया पर यह आंदोलन की लड़ाई आरपार की होगी। जिसमें वक्ताओं ने स्पष्ट किया है कि विभिन्न मांगों को लेकर अब धरना प्रदर्शन

का जमाना गया। सीधे 18 मई को दिन के 10 बजे से बस स्टैंड हैदरनगर के समीप रेल फाटक पर रेल चक्का जाम ही होगा। उन्होंने कहा कि कोविड काल के बाद अब तक गरीब यात्रियों के हित में पैसेंजर ट्रेनों से स्पेशल का दर्जा नहीं हटाया गया। विगत दो वर्ष से हैदरनगर में रेल फाटक बंद कर मुख्य पथ पर घंटों जाम लगाने की समस्या को कितने दिन में रेल प्रशासन दूर करेगी। इससे हॉस्पिटल, अस्पताल, थाना व ब्लॉक मे लोगों की आवाजाही कष्टदायक होती है। समिति के वरीय सदस्य मनोज शर्मा ने कहा कि रांची सासाराम एक्सप्रेस का हैदरनगर में ठहराव, बंद पड़ी रांची से अजमेर इंटरसिटी का परिचालन शुरू करने, हैदरनगर बस स्टैंड के समीप रेल ओवर ब्रिज का अविलंब निर्माण, पैसेंजर ट्रेनों से स्पेशल का टैग हटाने, गरीब यात्रियों से दोगुना, तिगुना पैसा की वसूली बंद करने, जीडीआर ट्रेन का गया जंक्शन तक विस्तार करने, शटल ट्रेन को बरवाडीह से डेहरी ओन सोन को दो फेरा परिचालन कराने, वाराणासी से बरकाकाना ईएमयू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन यथाशीघ्र चालू नहीं किये जाने की बार बार मांग के बावूजद कोई सुनवाई नहीं है। अब रेल उपभोक्ताओं का आक्रोश बढना स्वभाविक है। मुखिया जितेन्द्र कुमार सिंह, कमल कुमार पासवान व राजकुमार राम, जगदीश राम, सज्जू खान, राजू खान, पंसस पप्पू कुमार पासवान, उपाध्यक्ष अजहर अली ने कहा कि रांची सासाराम इंटरसिटी के हैदरनगर में ठहराव के लिये लगातार मांग और अधिक राजस्व मिलने के बाद भी उपेक्षा की गई है।

आनंद कुमार को मिला राष्ट्रीय स्तर का स्पॉन्सरशिप

नवीन मेल संवाददाता

डाल्टनगंज (25 अप्रैल 2023) प्रो एम एम एल लीग के तत्वाधान में मुंबई में आयोजित होने वाली नेशनल ओपन मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप जो कि 28 और 29 अप्रैल को मुंबई के मलाड स्थित मड आईलैंड में होने वाली है। इस चैंपियनशिप में कुल 21 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे! यह चैंपियनशिप बहुत ही बड़े स्तर पर आयोजित की जा रही है ।भारत में आयोजित होने वाले तमाम मार्शल आर्ट प्रतियोगिताओं में से यह एक बहुत ही भव्य, शानदार और बड़ा आयोजन होने वाला है। आनंद कुमार डाल्टनगंज स्थित संत मरियम स्कूल के छात्र है जो इस प्रतियोगिता में एक स्पॉन्सर फाइटर की तरह पार्टिसिपेट करेंगे और प्रो एम एम ए लीग के बैनर तले इस नेशनल ओपन मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व भी करेंगे। छात्र की सफलता पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बधाई देते हुए कहा कि आनंद शुरूआती दौर से ही कराटे के क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रयासरत रहा है। उसके कठिन परिश्रम, बेहतर कोच के द्वारा प्रशिक्षण से राष्ट्रीय स्तर का स्पॉन्सरशिप मिलना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है । पूरा विद्यालय परिवार छात्र की सफलता से गौरवान्वित है।

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Phone Number:- 06526-222064
email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

ई–निविदा
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा संख्या – 05/2023–24 दिनांक 24.04.2023

क्र0सं0	योजना का नाम	प्रखण्ड का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	पंचायत उड़ूमुड़ू के ग्राम उड़ूमुड़ू में विकेसा उराँव के घर के पास डीप बोरिंग एवं जलमीनार निर्माण	कुड़ू	999800.00	1250.00	20000.00	03 (तीन) माह

2	वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	:–	03.05.2023
3	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय	:–	09.05.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
4	अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय	:–	10.05.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
5	निविदा खोलने की तिथि व समय	:–	10.05.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
6	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता	:–	जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7	निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता	:–	जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR295888 (Lohardaga)23-24*D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना
अज्ञात महिला शव (पहचान करने हेतु) उम्र करीब–55 वर्ष

दिनांक–22.03.2023 को सा0– सारदा स्थित खरकटवा जंगल बघमरी पहाड से दिनांक–22.03.2023 के जंगल से एक अज्ञात महिला उम्र करीब 55 वर्ष का शव सडा गला अवस्था में बरामद किया गया। इस संबंध में धुरकी थाना कांड सं0–38/2023 दिनांक– 22.03.2023, धारा 302, 201 भा0द0वि0 दर्ज कर उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतू सदर अस्पताल गढवा भेजा गया है। परन्तु अन्त्य परीक्षण हेतु रिम्स रांची भेजा गया है। उक्त अज्ञात महिला के शव का अबतक पहचान नही हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त बरामद अज्ञात महिला के शव के बारे में किसी भी व्यक्ति के द्वारा पहचान या किसी प्रकार का सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0 नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0 नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:– रंग– सावली, उम्र– करीब 55 वर्ष, चेहरा– गोल, लम्बाई करीब– 5 फीट

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 295854 Police(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

पत्रांक ...../लोहरदगा दिनांक .....

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 750 दिनांक 27.03.2023 द्वारा आमंत्रित ई–निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/LOHARDAGA/E-51/2022-23** जिसका पी0 आर0 संख्या **PR 293818 Lohardaga (22-23)_D** है। प्रकाशित निविदा के ग्रुप संख्या 02 के Online SBD के Section I के Sl.No. 02 में अंकित EMD की राशि 08,08,000.00 को 7,80,000.00 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.295874 Lohardaga(23-24):D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार
समग्र शिक्षा अभियान समाहरणालय भवन, दूसरी मंजिल, लातेहार,
दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेल % dpolatehar@yahoo.co.in

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार अन्तर्गत कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालयों में विषयवार शिक्षिका के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थाई नियुक्ति संबंधी आपत्ति देने हेतु आवश्यक सूचना।

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड, सरकार, राँची के पत्रांक GE/08/163/2022–23/2835 दिनांक 03.11.2022 एवं राज्य परियोजना कार्यालय राँची के पत्रांक-GE/08/163/2022/3694 दिनांक 30.12.2022 के आलोक में जिले के विभिन्न कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालयों में विषयवार रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थाई नियुक्ति हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से निधारित तिथि तक प्राप्त आवेदन के आधार पर अभ्यर्थियों की विवरणी के साथ सूची तैयार की गई है। अभ्यार्थियों की सूची आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिला–लातेहार के बेबसाईट www.latehar.nic.in पर जारी की जा रही है। प्रकाशित सूची से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति जिला कार्यालय को दिनांक 30.04.2023 तक दी जा सकती है।

अतः प्रकाशित विज्ञाप्ति के आलोक में अभ्यर्थी अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ दिनांक 30.04.2023 तक संध्या 05:00 बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार दूसरी मंजिल, लातेहार में जमा कर सकते है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार।

PR 295850 Human Resource Developement(23-24)D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना
(लापता अनिल कुमार सिंह उम्र–35)

विशुनपुरा थाना सनहा सं0–09/23 दिनांक–13.04.2023 के लापता अनिल कुमार सिंह उम्र–35 वर्ष, पिता–मदन सिंह सा0–सरांग थाना–विशुनपुरा जिला–गढ़वा दिनांक–06.04.2023 को रात्री 12:00 बजे अपने घर से लापता हैं। उक्त लापता व्यक्ति का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता अनिल कुमार सिंह उम्र–35 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–गोरा,
लम्बाई– लगभग 6 फीट भाषा– हिन्दी, स्थानीय

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR295856 (Police)23-24*D

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 26 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-190 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

प्रियंका चाहर पर लगा ब्रांडेड कपड़े चुराने ... पेज 10 पर

मंत्री के अश्लील वीडियो में दिख रही महिला ने कहा

मैं तो कभी बन्ना गुप्ता से मिली तक नहीं, जानती भी नहीं

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कथित वायरल अश्लील वीडियो में नजर आ रही महिला सामने आई है। महिला ने इस पूरे प्रकरण को साजिश करार दिया है। महिला का कहना है कि वह मंत्री बन्ना गुप्ता को व्यक्तिगत तौर पर नहीं जानती और ना ही कभी उनसे मिली है। महिला ने पूरे प्रकरण की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। महिला ने 58 सेकेंड का वीडियो जारी कर अपना पक्ष रखा है। महिला का कहना है कि वह शादीशुदा है और 3 बच्चों की मांग है। इस प्रकरण से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। गौरतलब है कि रविवार देर रात सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कथित तौर पर मंत्री बन्ना गुप्ता एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में दिख रहे हैं। महिला ने 58 सेकेंड के इस वीडियो में कहा कि 'मैं नौकरी करती हूं। मेरे 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं। सोशल मीडिया में इन दिनों कुछ वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें मेरा फोटो एडिट किया गया है। मैं मंत्री बन्ना गुप्ता को जानती तक नहीं हूं और ना ही कभी मिली हूं। फोटो, वीडियो या वॉइस कॉल में, मैं अपने पति के साथ चैट कर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड मिनिस्टर के वायरल वीडियो पर सियासी उबाल

महिला बोली-मेरी फोटो और वीडियो का हुआ मिसयूज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हेल्थ मिनिस्टर बन्ना गुप्ता और एक महिला के बीच आपत्तिजनक वीडियो चैटिंग के अंश वायरल होने के बाद सियासी उबाल और आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। इस बीच जमशेदपुर की एक महिला ने आरोप लगाया है कि जो वीडियो चैटिंग सोशल मीडिया में वायरल किया गया है, उसमें उसकी फोटो और वीडियो को एडिट कर फर्जी तरीके से इस्तेमाल किया गया है। रांची में एनएसयूआई की एक महिला लीडर ने भी प्रेस कांफ्रेंस कर आरोप लगाया है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रांची विधायक सीपी सिंह को हनीट्रैप में फंसाने की साजिश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की गयी है। सीपी सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल, सोमवार की रात एक अज्ञात महिला के द्वारा फोन नंबर 7408335243 से व्हाट्सएप (वीडियो) कॉल कर अश्लील बात करने की कोशिश की गयी। यह फोन रात के 1:15 बजे आया जब वह सोने गये और फोन की घंटी बजी और उन्होंने फोन उठाया तो उधर से किसी महिला के द्वारा अश्लील बातें सुनाई दी।, उन्होंने बताया कि महिला बिल्कुल आपत्तिजनक स्थिति में थी। उन्होंने फोन काटने की कोशिश की लेकिन जब फोन नहीं कटा तो उन्होंने स्विच ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अननोन वाट्सएप्प कॉल न उठाएं, हो सकते हैं हनी ट्रैप के शिकार

स्पेशल डेस्क। रांची

रांची के विधायक सीपी सिंह को जो वाट्सएप्प कॉल आया था और हेल्थ मिनिस्टर बन्ना गुप्ता ने जो कथित तौर पर वीडियो कॉल पर अनर्गल बातें की थीं, उन दोनों में फर्क है। सीपी सिंह को फंसाने की साजिश थी। बन्ना गुप्ता का केस सर्वथा अलग है। दोनों की तुलना नहीं हो सकती। सीपी सिंह का केस शुद्ध रूप से हनी ट्रैप का केस है।

भारत में इस प्रकार के वीडियो कॉल्स (हनी ट्रैप के लिए) अभी हाल ही में शुरू हुए हैं। बीते साल जुलाई माह में इस किस्म के कॉल्स की बाढ़ आ गई थी। ये दरअसल फंसाने का माध्यम है, हनी ट्रैप है। दिल्ली पुलिस के एक जिम्मेदारी ने बताया कि झारखंड में यह बेशक अभी हाल के दिनों में शुरूहुआ हो पर दिल्ली-एनसीआर में इस तरह के मामले कई साल से देखने में आ रहे हैं। इसमें होता यह है कि कोई महिला आपको फोन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

रामगढ़ में अनियंत्रित ट्रेलर ने बस में मारी टक्कर, दो की मौत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची-पटना रोड पर रामगढ़ जिले की चुटुपालू घाटी में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में यात्री बस में सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 20 लोग घायल हो गए। बताया गया कि बस बिहार के बख्तियारपुर से रांची आ रही थी। इसी दौरान दूसरे लेन पर रांची से आ रहे ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया, जिससे ट्रेलर अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित ट्रेलर ने डिवाइडर तोड़कर दूसरे लेन से रांची जा रही बस को टक्कर मार दी। बस और ट्रेलर दोनों गाड़ियां पलट गईं। कई लोग गाड़ियों के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की टीम ने सबको बाहर निकाला। दो लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया। सड़क दुर्घटना की वजह से रांची-रामगढ़ का एक लेन घंटों तक जाम रहा।

बाहुबली आनंद मोहन की रिहाई का आदेश जारी

एजेंसी। पटना

डीएम जी कृष्णैया हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बाहुबली नेता व पूर्व सांसद आनंद मोहन को बिहार सरकार ने रिहाई के आदेश दे दिए हैं।

सोमवार की देर शाम आनंद मोहन की रिहाई का नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसके साथ ही 27 कैदियों की भी रिहाई के आदेश दिए गए हैं। फिलहाल वह 15 दिनों की पैरोल पर जेल से बाहर हैं। चौदह साल की जेल की सजा पूरी होने के बावजूद आनंद मोहन को सरकारी सेवक की हत्या का दोषी होने के कारण रिहाई नहीं मिल पा रही थी।

हाथ में मोबाइल फोन फटने से केरल में आठ साल की बच्ची की मौत

कोच्चि। केरल के त्रिशूर में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली आठ साल की एक बच्ची की मोबाइल फोन फटने से मौत हो गई। बच्चे के हाथ में मोबाइल फोन ब्लास्ट कर गया। वो फोन पर वीडियो देख रही थी। यह घटना सोमवार देर रात हुई और डॉक्टरों के काफी प्रयास के बावजूद भी उसे बचाया नहीं जा सका। स्थानीय पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने जांच शुरू कर दी है और एक फोरेंसिक टीम को भी काम पर लगाया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का निधन

मोहाली। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार को निधन हो गया। बादल कई दिनों से फोर्टिस अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें आईसीयू में रखा गया था, जहां चिकित्सक उनके स्वास्थ्य की करीबी निगरानी कर रहे थे। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता को सांस लेने में परेशानी होने की शिकायत के बाद एक हफ्ते पहले मोहाली में फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रह चुके बादल को 'गैस्ट्राइटिस' और सांस लेने में परेशानी होने के चलते पिछले साल जून में भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सिमडेगा : हथियार सहित चार पीएलएफआई उग्रवादी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा पुलिस ने गुमला पुलिस के सहयोग से बड़ी सफलता हासिल करते हुए 4 पीएलएफआई उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में मंगलवार को सिमडेगा एसपी सौरभ एवं गुमला अभियान एसपी मनीष कुमार के द्वारा संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता करते हुए बताया गया कि सिमडेगा में तथा गुमला में फोन एवं अन्य माध्यम से कुछ लोगों को पीएलएफआई के नाम पर धमकी की सूचना प्राप्त हो रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त छापेमारी दल का गठन किया गया जिसका नेतृत्व एसपी अभियान गुमला मनीष कुमार के द्वारा किया गया ।टीम गठन के बाद कुल 4 पीएलएफआई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया उनके पास से हथियार, पर्चा ,मोबाइल बरामद किए गए ।इस मामले में मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में खूंटी के कुटाम निवासी विष्णु मांझी ,सिमडेगा पिंडाटाँगर आयुष टेटे ,सिमडेगा के फरसाबेड़ा निवासी अनिल बाड़ा एवं सिमडेगा झुलनः सिंह चौक निवासी दर्शन अग्रवाल शामिल है। इनके पास से 9 एमएम देसी लोडेड पिस्तौल ,एक देसी लोडेड कट्टा, 9एमएम 2 जिंदा गोली ,पीएलएफआई का पर्चा, फोन, डायरी ,टीवीएस मोटरसाइकिल ,स्कूटी बरामद किया गया । एसपी ने बताया कि पीएलएफआई के नाम पर इनके द्वारा शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित लोगों से लेवी की मांग के जाती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया था जिसके बाद कार्रवाई की गई उन्होंने बताया कि गिरफ्तार पीएलएफआई उग्रवादियों के बारे में अपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि लंबे समय से तलाश इन लोगों की गिरफ्तारी के बाद पीएलएफआई के सदस्यों के कमर तोड़ी गई है ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

खुशखबरी : राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव 3 व 4 मई को

अब बिना पास के कर सकेंगे प्रवेश

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन 3 व 4 मई किया जाएगा। गढ़वा समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक में यह जानकारी दी गई। महोत्सव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने व्यापक रूप से बैनर एवं होर्डिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, पार्किंग की व्यवस्था, वाहन की व्यवस्था, मेडिकल कैंप, भोजन आदि की व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। वहीं कार्यक्रम में प्रवेश करने के लिए आमजनों के लिए पास की अनिवार्यता नहीं रखने का निर्णय लिया गया। बिना पास के आमजनों को फ्री एंट्री कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में कई अन्य विषयों पर भी आवश्यक निर्देश दिए गए व तैयारियों को लेकर गठित विभिन्न कमेटी से सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

एक साथ 69 छात्राएं कोविड संक्रमित, स्वास्थ्य महकमा अलर्ट

रांची। झारखंड में कोविड संक्रमण की रफ्तार फिर तेज हो गई है। जमशेदपुर के चाकुलिया स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कोरोना विस्फोट हुआ है। स्कूल की 69 छात्राएं कोरोना संक्रमित पायी गयी हैं। सभी छात्राओं को विद्यालय में ही आइसोलेट कर दिया गया है। पिछले डेढ़ वर्षों में यह पहली बार है, जब राज्य में किसी एक ही परिसर में इतनी बड़ी तादाद में कोविड पॉजिटिव केस सामने आए हैं। चाकुलिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार मुर्मू ने कहा कि विद्यालय की वार्डेन द्वारा कई छात्राओं को सर्दी-खांसी होने की सूचना दी गई। सोमवार को एक मेडिकल टीम ने विद्यालय पहुंच 210 छात्राओं की जांच की, जिनमें 43 छात्राएं पॉजिटिव पायी गयीं। मंगलवार को टीम ने बाकी छात्राओं की भी जांच की। इनमें से 23 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। जिला प्रशासन के आला अफसरों को भी इसकी सूचना दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने इसे लेकर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को आवश्यक निगरानी के आदेश दिए हैं। स्कूल प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि जिन छात्राओं को कोविड संक्रमित पाया गया है, उनके इलाज में किसी तरह की उदासीनता न बरती जाए। पूरे राज्य की बात करें तो कोविड के एक्टिव मामले साढ़े तीन से ज्यादा पहुंच गए हैं। चाकुलिया स्थित कस्तूरबा स्कूल में मिले केसेज को छोड़कर पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 63 नये मामले दर्ज किए गए हैं। संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले रांची में है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

व्यापारी को हाइवा ने अपनी चपेट में लिया, घटनास्थल पर ही मौत

नवीन मेल संवाददाता। नावा बजार

थाना क्षेत्र के कुम्मी खुर्द निवासी मोहन यादव सड़क हादसे में मौत हो गई। यह दुर्घटना एनएच 98 पर औरंगाबाद मेदनीनगर पथ स्थित महिंद्र होटल बाना के समीप सोमवार रात्रि 9 बजे उस वक्त हुई जब विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा ट्रक ने मृतक की बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें मोहन की घटनास्थल पर ही पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोहन मेदनीनगर शहर से अपने घर वापस लौट रहा था। वह बाना महिंद्र होटल के समीप मोटरसाइकिल लगाकर खड़ा था। इसी दौरान की हाईवा ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास व नंदकिशोर दास, एएसआई प्रदुमन पासवान को मिली तासे वे शस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया। मोहन यादव सोहदाग पंचायत के पूर्व मुखिया रक्षया यादव का भतीजा था। मालूम हो कि आजकल लगातार एनएच 98 में इस तरह की कई घटना घट रही है। सुलतानी छतरपुर से चल रहे सभी हाइवा ओवर स्पीड में चलाए जाते हैं।

गैर भाजपाई सरकारों को काम करने नहीं देना चाहती केंद्र सरकार

सुप्रीम कोर्ट संज्ञान ले : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ईडी द्वारा सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू के आप्त सचिव और सरकारी कर्मचारी उदय शंकर के घर छापेमारी पर झामुमो ने केंद्र सरकार के साथ ही जांच एजेंसियों पर तीखा प्रहार किया है। झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा मंगलवार को कहा कि कोई भी सरकार चलती है, तो सीएम, मंत्री एवं उनके अफसरों-कर्मियों से हर दिन सैकड़ों लोग मिलने आते हैं। जो मिलने आते हैं, वे जरूर लिखित फरियाद लेकर आते हैं। लोकप्रिय सरकार का यह दायित्व बनता है कि उनकी समस्या का समाधान करे। इसके लिए संबंधित अफसरों को फोन करे। हमलोगों को भी पार्टी नेता और कार्यकताओं के सैकड़ों फोन आते हैं, लोग आते हैं। हमलोग भी संबंधित अफसरों को समस्या के समाधान को लेकर फोन करते हैं। यह तो अजीब स्थिति बन गयी है। करोनो खत्म होने के बाद जैसे ही सरकार अपने काम में जुटी, केंद्र सरकार एक साजिश के तहत जांच एजेंसियों को लगा दिया। ऐसा माहौल पैदा किया जा रहा है कि सरकार कोई काम ही न करे। एक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

शोषण

महिला पहलवानों की लिखित शिकायत के बाद भी एफआईआर नहीं लिखने का मामला

एससी का दिल्ली पुलिस को नोटिस

इस मामले में अब 28 अप्रैल को होगी सुनवाई

ब्यूरो। नई दिल्ली

बेटी बचाओ वाली सरकार के राज में ओलम्पिक पदक विजेता महिला पहलवानों ने रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण का आरोप लगाते हुए उनको गिरफ्तार करने की मांग को लेकर 23 अप्रैल से संसद से डेढ़ किलोमीटर उत्तर-पूरब तरफ जंतर-मंतर पर धरने पर बैठी हुई हैं। एक नाबालिग सहित सात महिला खिलाड़ियों ने पार्लियामेंट थाना में बृजभूषण के विरुद्ध नामजद लिखित शिकायत भी की है लेकिन पुलिस एफआईआर नहीं लिखकर पहले जांच करने की बात कह रही है। इन खिलाड़ियों का कहना है कि दिल्ली पुलिस में सात महिला खिलाड़ियों ने बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत की लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उसके बाद इन पहलवानों ने 25 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लगाई जहां वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने यौन शोषण का आरोप लगाने वाली महिलाओं का पक्ष रखते हुए कहा कि ये पहलवान हैं। इनमें से एक नाबालिग भी है। कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है। एफआईआर भी दर्ज नहीं की गई है। इसके जवाब में भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'हमें केस के कागज दिखाएं, ये सेक्शन 156 के अंदर आता है, यहां क्या चार्जेस हैं। सिब्बल ने कहा कि यहां एक व्यक्ति के खिलाफ यौन शोषण के चार्जेस हैं। आप नाबालिग की शिकायत देखें। उसने गोल्ड मेडल जीते हैं। इसके आगे का आप पढ़ लें। मैं सार्वजनिक तौर पर नहीं पढ़ूंगा। पुलिस को भी केस दर्ज न करने का दोषी माना जाना चाहिए। सिब्बल की बातें सुनने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने अपना आदेश जारी किया। उन्होंने आदेश में कहा, 'शिकायतकर्ताओं के असली नाम की जगह बदले हुए नाम बताए जाएँगे। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं इन पहलवानों ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं, इस मुद्दे पर कोर्ट के ध्यान की जरूरत है। अब दिल्ली पुलिस को नोटिस दे रहे हैं। शुक्रवार 28 अप्रैल को उन्हें जवाब देना होगा। शिकायतें जिस सील बंद कवर में हैं उनको फिर से सील किया जाएगा।ह्व सिब्बल ने आखिर में ये भी मांग की कि 166ए सीआरपीसी में अमेंडमेंट के बाद अगर दिल्ली पुलिस केस दर्ज नहीं करती है, तो वो भी दोषी होगी और भारत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

जमीन घोटाले में आईएएस छवि रंजन से 1 मई को पूछताछ करेगी ईडी, संपत्ति का मांगा ब्योरा

रांची। फर्जी दस्तावेज बनाकर सेना की तकरीबन साढ़े चार एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में आईएएस छवि रंजन से ईडी आगामी एक मई को दुबारा पूछताछ करेगी। सोमवार को उनसे तकरीबन साढ़े दस घंटे तक पूछताछ हुई। इस दौरान छवि रंजन को उस वक्त बड़ी फजीहत का सामना करना पड़ा, जब जमीन घोटाले में पहले से गिरफ्तार छह आरोपियों ने आमने-सामने पूछताछ के दौरान साफ तौर पर कहा कि इस पूरे प्रकरण के मास्टरमाइंड वही हैं। हालांकि छवि रंजन ने उनके आरोपों को नकार दिया। ईडी सूत्रों के अनुसार, छवि रंजन कई सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। अब ईडी ने उन्हें आगामी एक मई को अपनी और अपने परिजनों की संपत्ति के तमाम ब्योरों के साथ हाजिर होने को कहा है। छवि रंजन कुछ महीने पहले तक रांची के उपायुक्त के तौर पर तैनात थे। इसी दौरान रांची के बरियातू इलाके में स्थित सेना के कब्जे वाली साढ़े चार एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री हुई। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत मिलने के बाद ईडी ने केस दर्ज कर जांच शुरू की तो खुलासा हुआ है कि बंगाल में जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर इसकी बिक्री की गई। रांची के अवर निबंधक ने जमीन की रजिस्ट्री करते हुए लिखित टिप्पणी की थी कि यह रजिस्ट्री रांची के उपायुक्त के आदेश पर की जा रही है। ईडी ने उनकी पूछा कि उस जमीन पर कब्जा सेना का था लेकिन प्रदीप बागची नामक शख्स का फर्जी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

बहुमत से हुआ स्वास्थ्य सहिया का चयन

नवीन मेल संवाददाता। रमना

सिलिदाग मुखिया अनीता देवी ने बताया कि मंगलवार को वंशीधर नगर अनुमंडल से मनोनीत स्वास्थ्य सहिया पदाधिकारी दिनेश कुमार मीणा सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी हुलहुला कला, विपेश राज तमांग लिपिक ट्रामा सेंटर नगर उंटारी, अशफाक अहमद एमपीडब्ल्यू अनुमंडलीय अस्पताल नगर उंटारी, संजय कुमार यादव काउंसलर अनुमंडलीय अस्पताल नगर उंटारी, सुनीता कुमारी नगर उंटारी, कल्पना कुमारी सिन्हा स्वास्थ्य उप केंद्र मडवानियां, अमित कुमार नगर उंटारी, कांति देवी, रिंकी देवी सहिया और उनकी अध्यक्षता में चयनित जनप्रतिनिधि और

ग्रामीणों की उपस्थिति में दो स्वास्थ सहिया का चयन किया गया।

स्वास्थ्य सहिया चयन के लिए कुल 6 उम्मीदवारों ने आवेदन किए। दो पद के लिए 6 आवेदकों के लिए सभा में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बहुमत से चयन किया गया। इसमें मंजू देवी, पति- शिव कुमार साह को 110 मत प्राप्त हुए। कंचन देवी पति ललन राम टोला गड़ई को 91 मत प्राप्त हुए। रुचि देवी पति ब्रजेश कुमार राम को 39 मत प्राप्त हुए तथा बसंती देवी पति उमेश राम को 29 मत प्राप्त हुए। शेष दो प्रत्याशी तिजोरीमा देवी पति उपेंद्र राम एवं सोनी देवी पति धर्मेंद्र कुमार उक्त दोनों ने कंचन देवी को अपना सहयोग कर दिया। इस अवसर पर उप-मुखिया सुनीता देवी, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, विनय ठाकुर, शैलेंद्र सिंह, दीपक पासी, उदय मेहता, पूनम देवी, नैना देवी, हीरा प्रसाद विश्वकर्मा, बासु देव चौधरी, कर्म देव बैठा, नागिन सिंह,प्रदीप सिंह, लाला सिंह, मुखलेश ठाकुर, महेश्वर मेहता,एवं काफी संख्या में ग्राम के महिला एवं पुरुष सम्मिलित थे। बुधवार को मंगरा मौजा के स्वास्थ्य सहिया का चयन होगा।

महिलाओं ने एसबीआई के गेट पर जड़ा ताला

नवीन मेल संवाददाता। मेराल

सोहबरिया गांव के सरस्वती स्वयं सहायता समूह की गुस्साई महिलाओं ने मंगलवार को एसबीआई मेराल शाखा में ताला जड़ दिया। इसकी जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ बैंक पहुंचकर महिलाओं को समझा-बुझाकर बैंक का ताला खुलवाया।

इस संबंध में सरस्वती महिला समूह की अध्यक्ष छटनी देवी ने बताया कि एक वर्ष पूर्व 22 फरवरी 2022 को महिला समूह के सदस्यों द्वारा 21660 रुपये एसबीआई बैंक की मेराल शाखा में जमा किए गए थे। उन्होंने बताया कि 23 मार्च 2023 को जब बैंक में लोन की शेष जमा राशि की जानकारी लेने आई तो पता चला कि

पूर्व-दक्षिण दिल्ली के किसी दूसरे के खाते में उक्त राशि जमा हो गई है। हम लोगों ने जब अपनी पावती रसीद देखी तो खाता संख्या के अंतिम अंक 16 की जगह पर ओवर राइटिंग कर 61 किया गया था। जानकारी के तुरंत बाद बैंक मैनेजर को समूह की महिलाओं ने लिखित आवेदन दिया कि 1 सप्ताह के अंदर हम लोगों का पैसा वापस कराया जाए लिखित आवेदन इसकी शिकायत 27 मार्च 2023 को बैंक मैनेजर को दी गई लेकिन लगभग 1 माह बीत जाने के बाद भी बैंक मैनेजर गणपत राम द्वारा अभी तक राशि वापस नहीं कराई गई है। इससे नाराज होकर सोहबरिया गांव के सरस्वती महिला समूह की महिलाओं ने मंगलवार को 1:30 बजे बैंक के मेन गेट में ताला लगा दिया। लगभग एक घंटा तक गेट में ताला बंद रहा। इस इस मामले को लेकर बैंक मैनेजर गणपतराम ने बताया कि बताया कि मानवीय भूल के चलते दूसरे के खाते में यह राशि चली गई है। जानकारी मिलने के बाद उस खाते को होल्ड कर दिया गया है। जिसके खाते में यह राशि गई है उससे फोन से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उसका मोबाइल बंद है। उस व्यक्ति पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए राशि वापस कराने का प्रयास करेंगे। इसी दौरान सोहबरिया गांव निवासी रामजीत सिंह ने भी बैंक के कर्मचारियों पर गलत तरीके से जनधन खाते से टीडीएस के नाम पर 25980 काटने का आरोप लगाया है।

NEWS इन ब्रीफ

उपायुक्त की अध्यक्षता में आज आयोजित की जाएगी बैठक

मझिआंव (गढ़वा)। प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को गढ़वा उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रखंड व अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक होगी। बैठक की समय अपराहन 3 बजे निर्धारित की गई है। बैठक में प्रखंड प्रमुख, सभी पंचायत के मुखिया, अंचलाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, थाना प्रभारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी पंचायत सेवक, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कनिया अभियंता विद्युत विभाग, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन एवं सभी विभाग के पदाधिकारी निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

मलेरिया दिवस पर निकाली प्रभातफेरी

भवनाथपुर। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत कर्मियों एमपीडब्लू एवं बीटीटी की ओर से प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी अस्पताल परिसर से मुख्य पथ होते हुए कपूरी चौक तक निकली। एमटीएस प्रभारी विद्यानंद प्रजापति ने बताया कि मलेरिया के बचाव व इसके उन्मूलन को लेकर प्रभातफेरी के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। कहा कि सरकार का 2023 तक मलेरिया को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य है। प्रभातफेरी में उपेंद्र साह, सत्यनारायण सिंह, धर्मजीत पासवान सहिया फुलपति देवी, सुनीता देवी, सुषमा शामिल थी।

एनएच फोरलेन में जमीन अधिग्रहण को लेकर आक्रोश, रैयत बोले

मुआवजा नहीं मिलने पर जान दे देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

एनएच75 फोरलेन निर्माण कार्य में जमीन अधिग्रहण के लिए तय मुआवजे को लेकर रैयतों में भारी आक्रोश है। बिना मुआवजा का भुगतान किए सड़क निर्माण शुरू किए जाने से रैयत भड़क गए हैं। अब उचित मुआवजे के लिए रैयत आर पार की लड़ाई के मूड में हैं। मंगलवार को प्लस टू हाईस्कूल के सभागार में हुई बैठक में बड़ी संख्या में जुटे रैयतों में आक्रोश दिखाई दिया।

बैठक में एनएच-75 भूमि स्वामित्व संघर्ष समिति का भी गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से शारदा महेश प्रताप देव को अध्यक्ष, श्यामबिहारी शुक्ला को सचिव, विजय सिंह को कोषाध्यक्ष व महेंद्र सिंह को समन्वयक बनाया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में प्रशासन द्वारा दिये जा रहे मुआवजे की राशि को अनुचित बताते हुए खारिज कर दिया। लोगों ने कहा कि हमलोग विकास के बाधक नहीं है। लेकिन जिस तरह से कौड़ी के दाम में जमीन छीनने का प्रयास किया जा रहा है, उसे पूरा नही होने देंगे।

प्रशासन द्वारा तय किये मुआवजे की राशि काफी कम है। इसे किसी भी हालात में मंजूर नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण को लेकर बनाये गए नियम के तहत ही हमलोग मुआवजे की राशि लेंगे। लोगों ने चेतावनी देते हए कहा कि अधिग्रहित की गई जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिलने पर जान दे देंगे लेकिन जमीन नही देंगे। साथ ही यह भी कहा कि जब तक उचित मुआवजा नहीं मिलता है, तब तक एनएच का काम भी नहीं होने देंगे।

वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि भूमि अधिग्रहण नियम के अनुरूप अपने-अपने गांव से उचित दर से संबंधित आवेदन डीसी को देकर न्याय की मांग करेंगे। न्याय नहीं मिलने पर संघर्ष तेज किया जाएगा। बिना उचित मुआवजा मिले रैयत अपनी जमीन पर सड़क निर्माण नहीं करने देंगे। बैठक में शारदा महेश प्रताप देव, श्याम बिहारी शुक्ला, महेंद्र सिंह, शिव कुमार पांडेय, विजय सिंह, राजेश जायसवाल, मुन्ना जायसवाल, शिवकुमार पांडेय, वीरेंद्र चौबे, वीरेंद्र सिंह, प्रणय देव, विकास देव, आशीष शुक्ला, नागेंद्र शर्मा, मुकेश शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

जागरूकता से ही मलेरिया को किया जा सकता है खत्म : सीएस

गढ़वा। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मंगलवार को गढ़वा सदर अस्पताल के प्रांगण में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार, उपाधीक्षक अवधेश सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, मलेरिया सलाहकार अरविंद कुमार द्विवेदी जिला सहिया समन्वयक जेवियर इक्का ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सभी को संकल्प लेकर गढ़वा जिला को मलेरिया से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जन सहभागिता की आवश्यकता है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कमलेश कुमार ने कहा कि 2017 के बाद से गढ़वा जिले में एक भी व्यक्ति की मलेरिया से मौत नहीं हुई है। उपाधीक्षक अवधेश सिंह ने कहा कि मलेरिया दो तरह की होती है। इसमें पीएफ मलेरिया सबसे ज्यादा खतरनाक बीमारी होती है। इस मौके पर अस्पताल प्रबंधक विमलेश कुमार, चंद्रपति सिंह, राजीव उपाध्याय, अभिराम कच्छव, देव रंजन, रंजीत सिंह, यशवंत आदि उपस्थित थे।

खरौंधी के विभिन्न स्कूलों में हुई टीचर-पैरेंट्स गोष्टी

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी (गढ़वा)

खरौंधी प्रखंड़ के सभी विद्यालयों में मंगलवार को विशेष शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अभिभावकों को पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए बैठक स्थल में लाया गया एवं विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर अभिभावकों का स्वागत किया गया।

बैठक एसएमसी अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में मुख्य रूप से योग्यात्मक मूल्यांकन/ वार्षिक परीक्षा की तिथि से अवगत कराया गया। साथ ही अत्यधिक गर्मी से लू से बच्चों का बचाव कैसे सुनिश्चित हो इस पर चर्चा की गई। सरकार द्वारा निर्देशित नए सत्र में शत प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति, लर्निंग गैप को पाटना, अभिभावक शिक्षक सहयोग का समर्थन, परीक्षाओं में बच्चों का प्रदर्शन एवं अपने बच्चों के साथ घर पर 1-2 घंटा समय देकर घर में पढ़ाई का माहौल देने लिए जोर दिया गया। विद्यालयों में योग्य शिक्षकों द्वारा बेहतरीन पठन पाठन के साथ साथ पौष्टिक मध्याह्न भोजन, पाठ्य पुस्तक, ड्रेस विद्यालय किट, जूता मोजा, छात्रवृत्ति सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई।विशेष शिक्षक अभिभावक गोष्ठी मध्य विद्यालय खरौंधी, अरंगी, भलुही, अमरोरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां, लामो कोशलीबार, बजरमरवा, सुंडी, राजी, चंदनी, सिसरी, कूपा सहित सभी विद्यालयों में किया गया।

मुकुंदपुर पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं की जांच

नवीन मेल संवाददाता। केतार

राज्य अनुसमर्थन दल के अधिकारियों ने मंगलवार को मुकुंदपुर पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की जांच की। इस दौरान राज्य अनुसमर्थन दल के द्वारा सिंहपुर गांव में सूर्य नाथ सिंह और सुनील सिंह के खेत में आम बागवानी योजना, मुकेश सिंह और राणा सिंह के खेत में सिंचाई कुप योजना की जांच की गई। वहीं ताली गांव में मिट्टी मोरम सड़क और आधा दर्जन से अधिक पीएम आवास और आंबेडकर आवास की जांच की गई।

जांच के दौरान योजनास्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों से अधिकारीयों ने मजदूरी भुगतान और कार्य संबंधित जानकारी ली। जांच टीम के ग्रामीण विकास विभाग के अंडर सेक्रेटरी अरूण कुमार सिन्हा ने बताया कि फील्ड विजिट करने का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को शत

प्रतिशत धरातल पर उतारना है। जिस योजना में त्रुटि पाई जा रही है उसमें सुधार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा की ग्रामीण विकास विभाग के योजनाओं को ससमय पूर्ण कराना है। उन्होंने कहा की जांच रिपोर्ट राज्य को सौंप दी जाएगी। जांच टीम से सिंचाई कुप योजना के लाभुकों ने मैटेरियल की राशि भुगतान नहीं होने की शिकायत की है। इस मौके पर जांच टीम के विनय कुमार सिंह, असरारुल हक, बीडीओ मुकेश मछुआ, मुखिया मुंगा साह,जेई आनंद कुमार,अमर भारती, सत्यम कुमार, पंचायत सचिव राजीव कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, दीपक जयसवाल,प्रखंड समन्वयक रवि रंजन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कार्यालय, जिला परिषद्,लोहरदगा

Phone Number:- 06526-222064 ,email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

ई–निविदा

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 04/2023–24 दिनांक 24.04.2023

क्र0 सं0	योजना का नाम	प्रखण्ड का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	पंचायत कोलसिमरी के ग्राम उमरी में स्कूल से इमली पेड जॉन कुजूर के घर होते हुए मंगलदास लकडा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण	कुडू	365900.00	750.00	7400.00	03 (तीन) माह

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.05.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 09.05.2023 / 02:00 बजे अपराहन तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय:– 10.05.2023 / 02:00 बजे अपराहन तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 10.05.2023 / 03:00 बजे अपराहन तक
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, लोहरदगा

PR 295892 Lohardaga(23-24).D

MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION

Short Expression of Interest for door to door waste collection and seggregation.

As part of Manoram Medininagar Mission, Medininagar Municipal Corporation at the city level is inviting proposal for door to door waste collection and seggregation. The work includes sensitisation of public on door to door collection and waste segregation in ward no.- 02,06,07,09,11,20,26,27,28,29,30,31,32,33,34,35 from households, commercial shops and buildings, and timely reports to corporation.

NGOs, Private companies/agencies having workforce are encouraged send the EOI

A) Following are the work to be carried out by the selected agency/NGOs:-
i. Survey of the household and commercial buildings to gauge the amount of waste produced in a week/month.
ii. Sensitisation of households/shops on segregation of waste.
iii. Door to door collection of waste everyday from households/ shops who have signed the aggreement and disposal at the designated places of Medininagar Municipal Corporation.
iv. Handover the recyclable materials to agencies/companies/kabadiwala which are empanelled by the Municipal Corporation.
v. Possibility of exploring common bio compost installation for households/shop clusters.
B.) The Agency/NGO should have enough organisational set up and workforce to carry out the above services.
C.) The Aggrement with corporation will be for one year renewal of against will be based on the satisfaction of corporation on the service provided in the year.
D.) Interested agency /NGOs should fully understand the importance and depth of the work assigned before applying.
E.) Expression of Interest will be assessed based on work experience, organisational set up and availability of workforce to do door collection and segregation.

Timeline for EOI and selection

1) Notification date for calling of EOI	26.04.2023
2) Last Date for clarifying issues/doubts with municipal corporation	06.05.2023
3) Last date of submission of EOI	10.05.2023
4) Selection date	13.05.2023
5) Last date to do agreement with Medininagar Municipal Corporation	17.05.2023
6) Timings - Every Working Days 10:00 AM to 05:00 PM.	

Note :- Information related to EOI can be seen on offical Website http:// udhd.jharkhand.gov.in and office notice board.

Municipal Commissioner
Medininagar Municipal Corporation

PR 295902 District(23-24)#D

खेलकूद | क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में लंगड़ी क्लब हारा

मेरौनी क्रिकेट क्लब ने जीती ट्रॉफी

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

युवा शक्ति क्लब के तत्वधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच सोमवार की रात खेला गया। यह मुकाबला लंगड़ी क्रिकेट क्लब और मेरौनी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर मेरौनी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12ओवर में 4 विकेट खोकर 123 रन बनाए। वहीं लंगड़ी टीम 11.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 121 रन ही बना पाई। मेरौनी टीम दो रनों से जीतकर विजेता बनी। मैन ऑफ द मैच मेरौनी टीम के शरद को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मेरौनी टीम के आकाश कुमार को दिया गया। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार लंगड़ी टीम के आरिफ को दिया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, शिक्षक बल्लू सिंह ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को 31 हजार रुपये एवं ट्रॉफी विजेता टीम के कप्तान को दी गई। विशिष्ट अतिथि भवनाथपुर प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, भवनाथपुर पंचायत कि मुखिया बेबी देवी संयुक्त रूप से उपविजेता को 16 हजार रुपये एवं ट्रॉफी उपविजेता टीम के कैप्टन को दी। मैच के अंपायर चंचल कुमार एवं पंकज विश्वकर्मा, स्कोरर नीतीश कुमार ने निभाई। इस मौके पर क्लब केअध्यक्ष दीपक वर्मा, सचिव उप प्रमुख पिंटू टोपनो, सुधीर कुमार, सोमनाथ यादव, प्रेम यादव, ओम नारायण यादव, धनंजय यादव, सोनू रावत, अनूप गुप्ता, अर्पित सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

मुखिया ने सड़क का किया शिलान्यास

केतार। केतार प्रखंड क्षेत्र के परती कुशवानी पंचायत के मुखिया मुन्नी देवी ने मंगलवार को लोहराटाडी टोला में 2 लाख 49 हजार रुपये की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। उक्त पीसीसी सड़क अनील ठाकुर के घर से जगदेव यादव के घर तक बनेगी। इस अवसर पर मुखिया मुन्नी देवी ने कहा की मेरा प्रयास की पंचायत के सभी टोला की सड़कों को पक्कीकरण करना और हर हाथों को रोजगार देना। इस मौके पर पंचायत सचिव अशोक कुमार, विकास सिंह, सतेन्द्र ठाकुर, अशोक राम, प्रमोद यादव, सुदेश्वर सिंह, चिंता देवी, संतोष प्रजापति आदि मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर मंगलवार को शहर थाना के समीप एसआई लिली मिंज के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गई जिन वाहनों के पास कागजात व हेलमेट नहीं पाया गया उन्हें फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा गया। वही मौके पर उपस्थित लीली मिंज ने कहा कि पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसके बाद भी लोग हेलमेट और वाहन से संबंधित जरूरी कागजात अपने साथ लेकर नहीं चल रहे हैं,जिसके कारण मजबूरन होकर लोगों के वाहन का चालान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान चलने के बाद से अधिकतर लोग हेलमेट का प्रयोग करने लगे हैं।

यज्ञ आयोजन के लिए स्थल का चयन

मेदिनीनगर।विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के पलामू आगमन की तैयारी में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सक्रिय हो गई है।युवा वाहिनी के द्वारा मंगलवार को हाउसिंग कॉलोनी के प्रांगण का आज निरिक्षण किया गया।राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय(गुरु पांडेय)ने बताया कि ठाकुर जी महाराज का 21 नवंबर से भागवत कथा व लक्ष्मी नारायण धनवर्षा यज्ञ आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यज्ञ को प्राकृतिक स्वरुप देने के लिए युवा वाहिनी के द्वारा जून से ही फूल पौधा लगाने की योजना है जिससे यज्ञ के समय में सभी फूल पौधे अपनी नैसर्गिक खुबसूरती में सामने आऐं।इस दौरान युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि यज्ञ को ऐतिहासिक बनाने के लिए वृहद तैयारी की जा रही है।इसके लिए बहुत जल्द राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी एक बैठक आयोजित कर पूरे आयोजन के स्वरुप को सामने रखेगी।मंगलवार को हाउसिंग कॉलोनी के मैदान का निरीक्षण करने वालों में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी,प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय,जिलाध्यक्ष विकास दूबे जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी,विभाकर नारायण पांडेय,मनु प्रसाद तिवारी,सतेन्द्र तिवारी,शैलेश तिवारी, रिंकू दूबे,मुरारी पांडेय,आनंद दूबे, बलराम पांडेय,अनील दूबे, गोरख पाठक,अशोक दूबे डाक्टर सहित कई सदस्य शामिल थे।

निमियां में नया मोटर लगाकर पेयजलापूर्ति शुरू कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भाजपा नेता परशुराम ओझा ने नगर आयुक्त से निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर तीन के डीप बोरिंग में खराब पड़े मोटर को बदलने का अनुरोध किया है। श्री ओझा नगर ने आयुक्त को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि निमियां वासियों की पेयजल आपूर्ति के लिए 29 लाख की लागत से डीप बोरिंग कर पाइपलाइन बिछायी गयी थी। जो एक वर्ष चालू रहने के बाद से खराब हो गयी है और निमियां वासियों की पेयजलापूर्ति बन्द हो गयी है। किंतु नगम निगम और पेयजलापूर्ति विभाग इस पर

ध्यान नहीं दिया। फलस्वरूप निमियां के लोगोंके समक्ष पेयजल संकट गंभीर हो गया है। निमियां वासियों ने एकबार खराब पड़े मोटर को अपने स्तर से मरम्मत भी कराया। लेकिन कुछ ही दिन बाद मोटर पुनः खराब हो गयी। वहां के लोगों का कहना है कि 500 से 600 फिट गहरे बोर से भी पानी निकलने बन्द हो गया है। और अधिकांश घरों में पेयजल की समस्या उतपन्न हो गयी है। श्री ओझा ने नगर आयुक्त से डीप बोरिंग का मोटर बदल कर नया मोटर लगाने और पेयजलापूर्ति कराने की मांग की है।

डीसी ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण' की समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में श्री दोड्डे ने लक्ष्य के विरुद्ध लंबित आवासों की जानकारी ली और लंबित पीएम आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे लंबित आवासों के कारणों से अवगत हुए । ज्ञात हुआ कि कहीं बालू की आपूर्ति ना होना, तो कहीं तय मानक से बड़े आकार का घर निर्माण करना और लाभुकों का पलायन कर जाना आवासों के लंबित होने की मुख्य वजह है। इस पर उपायुक्त ने जिले में लंबित आवासों को पूर्ण कराने हेतु सबंधित पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर पीएम आवास

से जुड़ी लाभुकों की समस्याओं को दूर करने के लिए अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित जिले के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

एनडीआरएफ की टीम ने कार्यशाला का किया आयोजन

हरिहरगंज। पिपरा प्रखंड सभागार में एनडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को पंचायत प्रतिनिधियों तथा प्रखंड कर्मियों को आपदा से बचाव को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान 9वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल बिहटा कि टीम के द्वारा उपस्थित प्रखंड सह अंचल कर्मियो और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आपदाओं से बचाव का जनकारी दिया। इसके साथ ही टीम के द्वारा आपातकाल के दौरान संयम और समझदारी के साथ लोगों का प्राण बचाने के लिए कई टिप्स भी बताये। इसके अलावे यदि किसी का एक्सीडेंट हो जाय अथवा किसी कारणवश खून बहने लगे तो किस प्रकार तत्कालिक उपचार से खून का बहाव रोका जा सकता है। वहीं वज्रपात, भूकंप, हार्ट अटैक आदि आपदा पर प्राथमिक उपचार व बचाव को लेकर भी जानकारियां दी गयी।

29 को भव्य रूप में मनाई जायेगी सीता नवमी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के छतरपुर प्रखंड स्थित राम जानकी मंदिर में 29 अप्रैल को सीता नवमी भव्य रूप में मनाई जाएगी। विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी जोरशोर से इसकी तैयारी में जुटी है। रामनवमी पूजा के एक महीने बाद वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को माता सीता प्रकट हुई थीं।इस दिन को सीता नवमी या जानकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिसमें माता सीता और भगवान राम की पूजा की जाती है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के द्वारा सीता नवमी के दिन विशेष पूजा की तैयारी की जा रही है। राम जानकी मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। उसके बाद पूजा में भी भारी संख्या में लोग हिस्सा लेंगे।उन्होंने बताया कि सीता नवमी के दिन माता सीता और भगवान राम की पूजा की जाती है।दोनों की पूजा एकसाथ करने की कई मान्यताएं हैं। कहा जाता है कि जिस युवक या युवती की शादी में बाधा आ रही हो यदि वह सीता नवमी पर माता सीता और भगवान राम की एक साथ पूजा करे, तो जल्द ही शादी हो जाती है। इस पूजा से साथ ही शादीशुदा लोगों का दाम्पत्य जीवन सुखमय होता है, सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

जनता दरबार में आये सारे फरियादियों से मिले उपायुक्त

कई मामलों को लेकर डीसी ने किया कॉल

मामलों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आये 40 से अधिक फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त श्री दोड्डे ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये। इस दौरान पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, राशन,योजना सहित कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया गया। उपायुक्त ने कई मामलों को लेकर अधिकारियों को फोन कर निर्देश दिये।आयोजित जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, स्वास्थ्य, आपूर्ति संबंधित मामले, आवास व पेंशन समेत अन्य मामले आये। जनता दरबार में सतबरवा से आयी प्रभावती कुँवर ने अपना आवेदन देते हुये उपायुक्त को बताया कि वे एक विधवा महिला है। उनके पति की मौत आज से दो वर्ष पूर्व हो चुकी हैं। वे अपने बच्चों के साथ एक कच्चे मकान में रहकर खेती-बाड़ी कर गुजर बसर कर रही थी। किंतु उनके कच्चा मकान इसी वर्ष बरसात में गिर गया। अतः उन्होंने डीसी से एक अम्बेडकर आवास योजना से लाभान्वित करने की मांग रखी। वहीं पाटन से आई ललिता देवी, पंडवा से आई सबिता कुमारी तथा अर्जुन मांझी ने अपने आवेदन के द्वारा उपायुक्त को अपना नाम राशन में जोड़वाने हेतु अनुरोध किया। वही नावा बाजार से आये ग्रामीणों ने अपना आवेदन देते हुए बताया कि उनके गांव के चापाकल इस भीषण गर्मी के कारण सुख गये हो। जिसके कारण हमलोगों को पानी की समस्याओं का सामना करना पर रहा है। उनलोगों ने डीसी से आग्रह किया कि चापाकल की जगह एक नया बोरिंग कराने की कृपा करें। उंटारी रोड से आये भृगुनाथ सिंह ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि ग्राम पंचायत मुरमा कला में तलाब के जीर्णोद्धार की आवश्यकता है जिससे वहां के मनुष्यों, पशुओं आदि को इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या से राहत मिल सके।

मेदिनीनगर शहर को मिली चार पिंक बसें

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम कार्यालय से आज चार पिंक सिटी बस को रवाना किया गया। नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर , डिप्टी मेयर मंगल सिंह , डीडीसी सह नगर आयुक्त रवि आनंद,सहायक नगर आयुक्त परितोष कुमार समेत नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड पार्षदों ने पूजा अर्चना कर पिंक सिटी बस का शुभारंभ किया। हरी झंडी दिखाकर उसे रवाना किया गया। शहर के चियांकी, रेड़मा,पोखराहा,पांकी रोड , छह मुहान, बाईपास रोड , बैरिया चौक,बिस्फुटा चौक , सिंगरा रोड,चैनपुर में पिंक सिटी बस चलेगी वहीं किराया पांच रूपया रखा गया है जिससे महिलाओ को काफी सुविधा होगी । पिंक सिटी बस में सीसीटीवी कैमरा,जीपीएस,मोबाइल चार्जिंग प्लग भी लगाए गए है । वही मेयर अरुणा शंकर , डिप्टी मेयर मंगल सिंह और नगर आयुक्त रवि आंनद ने बताया की पिंक सिटी बस चलने से महिलाओ को काफी फायदा मिलेगा अब उन्हें शहर के विभिन्न इलाकों में जाने के लिए ऑटो का इंतजार नही करना पड़ेगा। वही पिंक सिटी बस सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक अपने मार्ग पर चलेगी । वही पिंक सीटी बस में सिर्फ महिलाएं ही सफर कर सकेंगी। ताकि बस में सफर कर रही महिलाओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या का सामना न करना पड़े।

गृह विज्ञान विषय की दूसरी सूची जारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर।जेएसएससी के द्वारा सोमवार को गृह विज्ञान विषय की दूसरी सूची जारी किया गया।जिसमे 62 अभ्यर्थियों को डीवी के लिए 2 मई को आयोग में बुलाया गया है।ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी आयोग के द्वारा गृह विज्ञान के अभ्यर्थियों का मेधा सूची जारी की जा चुकी है लेकिन जिला विकल्प के बाद अंतिम मेधा सूची नही जारी की गयी है। वहीं,इतिहास -नागरिक विषय के 72 अभ्यर्थियों के जिला विकल्प के लिए आयोग के द्वारा लिंक उपलब्ध करा दिया गया है। जिसमें 27 तक अभ्यर्थियों को जिला विकल्प का लिंक देने को कहा गया है।

मारपीट में महिला घायल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सुआ बखारी निवासी बिंदु सिंह की पत्नी गुलिया देवी उम्र 45 वर्ष अपने साथ हुवे मारपीट से संबंधित मामला सदर थाना में दर्ज करा दिया है। सदर थाना को आवेदन देकर गुलिया देवी ने कहा है कि 22 अप्रैल को वह अपने घर में थी इसी बीच घर के बाहर हल्ला गुल्ला सुनाई दिया। बाहर जाकर देखी तो एक व्यक्ति प्रताप सिंह जलमीनार से पानी भरने को लेकर एक महिला से झगड़ा झंझट कर थे। इस बीच मैं उन्हें समझाने लगी। और कहा कि हल्ला गुल्ला मत कीजिए। तभी प्रताप सिंह, प्रभादेवी, रानी देवी, संपत सिंह, बिट्टू सिंह सहित अन्य लोग हमारे साथ मारपीट करने लगे। मारपीट होते देख मेरा देवर राजेश्वर सिंह हमें बचाने आया उसे भी इन लोगों के द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। वही आवेदन मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने की विधायक से मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। विधान सभा क्षेत्र के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से भाजपा कार्यकर्ताओं ने नावाडीह सभागार में मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। गौरतलब है कि विधायक श्री चंद्रवंशी की कुछ समय से बॉन पेन के परेशान चल रहे थे जिसके मद्दे नजर चिकित्सकों ने इन्हे इसका ऑपरेशन करने का सलाह दिया था। वहीं ऑपरेशन के उपरांत श्री चंद्रवंशी चिकित्सक के देख रेख में लगभग एक महीने से रांची में स्थित अपने आवास पर ही रहकर अपनी स्वस्थ्य सुधार कर रहे थे। वहीं आज विधायक कि पुनः क्षेत्र में वापसी के करने पर लोगो ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर ईश्वर से विधायक को जल्द स्वस्थ्य करने का कामना किया। मौके पर सभी कार्यकर्ता लोग मौजूद थे।

पुलिस ने पारिवारिक कलह के प्रति किया जागरूक

विश्रामपुर। अनुमंडलीय पुलिस के तत्वधान में विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत गुरी व भण्डार में माबलिंचिंग व पारिवारिक कलह में इन दिनों हो रहे बेतहाशा वृद्धि पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लोगो को अभियान चलाकर पुलिस द्वारा जागरूक किया जा रहा है। उसी कड़ी में आज एएसआई राजकुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भण्डार में लोगो को जागरूक किया। वहीं एएसआई अनिल सिंह के नेतृत्व में प्रखंड अंतर्गत गुरि में पुलिस द्वारा आपसी कलह की वजह व उसके

ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी सेविका पर लगाया अनियमितता का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू पांडू प्रखंड के तिसीबार पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को पलामू उपायुक्त से मिलकर तिसीबार आंगनबाड़ी सेविका रूबी देवी पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त से गुहार लगाते हुए कहा है कि पाण्डू प्रखंड तिसीवार (कला) के सेविका रूबी देवी पति सुनिल प्रसाद के द्वारा आँगनवाड़ी में लगातार अनियमितता की जा रही है। सरकार द्वारा दी जाने वाली सुकन्या योजना, सावित्री बाई फूले योजना के लाभ दिलवाने के नाम पर 10,000 से 7,000 हजार रुपया लिया जाता है, नहीं देने पर फार्म जमा नहीं करती है। बच्चों को दिया जाने वाला पोषाहार बेच दिया जाता है। तथा आँगनवाड़ी के अध्यक्ष के रूप में सेविका की

सास मालती देवी बनी हैं, जिसका चयन बिना आमसभा के हुआ है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जब बच्चों को टीका करण किया जाता है उस समय वो वहाँ पर उपलब्ध नहीं रहती। जिसका प्रमाण जनता है। बच्चा आँगनवाड़ी में उपलब्ध नहीं रहते है, उनकी उपस्थिति गलत तरीके से दिखाकर हाजरी बनायी जाती है। कुछ बच्चे प्राईवेट तथा सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। बीएलओ कार्य करने का जिम्मेवारी नहीं लेती है। अपने पति से सभी कार्य करवाती है, तथा पोषाहार अपने घर पर रखती है। मेंन्यु एवं लाभुक का नाम सुचना पत्र पर नहीं लिखा जाता है। मोटर एवं चापाकल खराब कर दी है जिससे बच्चों को पानी पीने में भारी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त से आग्रह किया है कि इस मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त सेविका रूबी देवी को आंगनबाड़ी सेविका पद से हटाया जाए और उनके पति पर कार्रवाई की जाए। मौके पर लालो देवी, सुमित्रा देवी, सोनी देवी, राजेन्द्र प्रसार, देवनती देवी, मालती देवी, ललीता देवी,अनीता देवी,छठन राम,सरीता देव, कुन्ती देवी, आशा देवी, भगमनीया देव,'शिमला देवी, तेतरी देव, सुनैना देव, फलावती कुअर, बिमलेश राम, अमर नाथ राम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

ग्रामीण इलाकों में स्कूल खोलने का लिया निर्णय : पांडे

नावा बजार। विश्रामपुर प्रखंड स्थित ग्राम भंडार में संचालित होने वाला माउंट टेरा स्कूल के संचालक विनोद पांडे ने बताया पढ़ाई को लेकर शुरू से ही हमारे मन में एक अच्छा विद्यालय खोलना प्राथमिकता में शामिल था। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग ज्यादातर गरीब परिवार से होते हैं। पैसा के अभाव में अपने बच्चे को उचित शिक्षा के लिए शहर भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसे देखकर मैंने ग्रामीण क्षेत्र में एक अच्छे विद्यालय खोलने का निर्णय लिया। वहीं स्कूल डायरेक्टर ने बताया हमारे यहां कुछ गरीब परिवार के बच्चे हैं जिसे स्कूल प्रबंधन के द्वारा गोद लिया जायेगा। उनका स्कूल का फी एवं पढ़ाई खर्च पूर्ण रूप से स्कूल की तरफ से होगा।

न्यायालय के संज्ञान का स्वागत

मेदनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला सचिव सह भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने दिल्ली में पिछले 3 दिनों से धरने पर बैठी महिला पहलवान के विषय पर प्रधानमंत्री, खेल मंत्री एवं भाजपाइयों की चुप्पी पर चिंता व्यक्त की है। एक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 के चुनाव जीतने के देश के खिलाड़ी जब पदक जीतते हैं तब वे अपनी पीठ थपथपाते नहीं थकते तो वहीं दूसरी ओर भाजपा सांसदों समेत प्रधानमंत्री भी भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रिज भूषण शरण सिंह के ऊपर महिला पहलवान के यौन उत्पीड़न के आरोप पर खामोश रहते हैं ।बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ।का नारा केवल उन्होंने अखबारों और विज्ञापनों में छपने के लिए दिया था। उनकी खामोशी ने देश की बेटियों को भाजपा के सांसद द्वार खुले रूप से उत्पीड़न करने की छूट दे रखी है।श्री तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री को इन्हें रवाना पद से तुरंत निष्कासित कर उन पर एफ आई आर दर्ज करवानी चाहिए।गौरतलब हो कि काफी प्रदर्शन करने के बाद माननीय न्यायालय ने इस पर संज्ञान लिया है और दिल्ली पुलिस को तुरंत एफ आई आर दर्ज करने का आदेश दिया है,जो स्वागत योग्य है।

समयावधि

मेदिनीनगर निगम का समय होगा समाप्त

28 अप्रैल तक है कार्यकाल

नगर निकायों के बोर्ड भंग होने से शहरों में चल रही योजनाओं में जनता की भागीदारी भी समाप्त हो जाएगी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निकाय झारखंड के 34 नगर निकायों का कार्यकाल 28 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। इसके साथ ही जनता द्वारा चुनकर भेजे गए जनप्रतिनिधियों को मिले अधिकार भी खत्म हो जाएंगे। नगर निकायों के बोर्ड के भंग होते ही मेयर, डिप्टी मेयर, अध्यक्ष और वार्ड पार्षद अधिकार विहीन हो जाएंगे। 28 अप्रैल के बाद नगर निकायों में सिर्फ सरकारी बाबुओं की चलेगी और लोगों को काम कराने के लिए पार्षदों की जगह पदाधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। गर्मी में जल संकट वाले मुहल्लों में लोगों के लिए पानी का टैंकर बुलाना हो, जन्म-मृत्यु प्रमाण

पत्र बनाना हो, स्ट्रीट लाइट लगवानी हो, मुहल्ले या घरों से कचरे का उठाव कराना हो या फिर प्रधानमंत्री आवास का पैसा चाहिए, तो लोग चहलकदमी करते हुए वार्ड पार्षद के दफ्तर पहुंच जाया करते हैं या फोन कर पार्षद को अपनी परेशानी की जानकारी देकर काम करवा लिया करते हैं। लेकिन मई माह से यह सब इतना आसान नहीं होगा। नगर निकायों के पदाधिकारियों पर जनप्रतिनिधियों का दबाव खत्म हो जाएगा, तो उनकी मनमानी और बढ़ जायेगी। लोग परेशान होंगे और लोगों को यह परेशानी तब तक झेलनी होगी, जब तक नगर निकायों के चुनाव संपन्न होकर बोर्ड का गठन नहीं हो जाता। नगर निकायों के बोर्ड भंग होने से शहरों में चल रही योजनाओं में जनता की भागीदारी भी समाप्त हो जाएगी। अभी पार्षदों की अनुशंसा पर मुहल्लों के विकास की योजना तैयार होती है। कौन सी सड़क जरूरी है, कहां स्ट्रीट लाइट लगनी चाहिए, पानी का टैंकर कहां आना चाहिए, नाली किस रास्ते से जाएगी, किसे प्रधानमंत्री आवास मिलना चाहिए। यह सब अभी जनता के सहयोग से वार्ड पार्षद तय करते हैं, लेकिन जब नगर निकायों का बोर्ड भंग हो जाएगा, तो अफसर अपने मन-मुताबिक योजनाएं तैयार करेंगे। योजना लागू करने के लिए जनप्रतिनिधियों और जनता की स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जनता की जरूरतों का आकलन किए बिना भी योजनाएं लागू हो जायेंगी।

बिना सूचना गायब रहने वाले अधिकारियों को डीसी ने दी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में बगैर सूचना के मुख्यालय से गायब रहने वाले अधिकारियों और पदाधिकारियों को पलामू डीसी ए दोड्डे ने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि ऐसे अधिकारियों और पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पलामू जिला के अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप में डीसी ए दोड्डे ने लिखा है कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई अधिकारी बिना जानकारी के मुख्यालय छोड़कर गायब रहते हैं। मैं ऐसे अधिकारियों के खिलाफ गंभीर कार्रवाई सुनिश्चित करूंगा। डीसी ने रविवार की देर रात यह चेतावनी जारी की है। जानकारी के अनुसार शनिवार को ईद की छुट्टी थी, जबकि रविवार को भी छुट्टी थी। इस दौरान कई अधिकारी बिना सूचना के मुख्यालय से गायब थे। इस मामले में डीसी ने नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। पलामू में 130 से अधिक राजपत्रित अधिकारी तैनात हैं। कई बार विधि-व्यवस्था और विकास कार्यों के क्रियान्वयन के दौरान अधिकारी गायब पाए जाते हैं।

मलेरिया मुक्त लोहरदगा की शपथ दिलाई

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

स्थानीय सदर अस्पताल के सभागार में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सिविल सर्जन डॉ. संजय कुमार सुबोध ने सभी मलेरिया कर्मियों को मलेरिया मुक्त लोहरदगा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छरों के काटने से होती है। बरसात या वातावरण में नमी के कारण मलेरिया के मच्छर पनपने लगते हैं और बीमारी का प्रसार होता है। मलेरिया की गंभीर स्थिति बच्चों के लिए जानलेवा हो सकती है। मलेरिया के कुछ सामान्य लक्षण हैं, जैसे- बुखार, सिर दर्द, उल्टी आना, ठंड लगना, थकान होना,

चक्कर आना और पेट में दर्द होना। आमतौर पर मलेरिया के इलाज में करीब दो सप्ताह तक दवाइयाँ लेनी होती हैं। वहीं बीमारी को नजरअंदाज करना जानलेवा हो सकता है। मलेरिया की गंभीरता और इससे बचने के लिए जागरूक करने के विश्व स्तर पर मलेरिया दिवस मनाया जाता है। आज हम सभी प्रण ले कि कोई भी व्यक्ति मलेरिया से ग्रसित नहीं हो। गांव गांव में जाकर लोगो को मलेरिया के प्रति जागरूक कीजिये। उन्हें मच्छरदानी उपयोग करने, मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अस्पताल आने के लिए प्रेरित करें। सिविल सर्जन ने कहा कि जिले के सभी पीएचसी में मलेरिया का निशुल्क इलाज उपलब्ध है। मलेरिया से संबंधित सभी प्रकार की जांच भी निशुल्क सरकारी अस्पतालों में की जाती है। मलेरिया का लक्षण ठंड लगना, कंपकपी पसीने के साथ बुखार का होना, ऐसा प्रतिदिन 1 दिन बीच करके या निश्चित अंतराल के बाद होना, इस बीमारी के गंभीर लक्षण है। यदि किसी व्यक्ति को इस तरह का लक्षण दिखाई दे तो तुरंत जिला मलेरिया कार्यालय पहुंचे या फिर मलेरिया टीम को जानकारी दें। टीम आपके घर पर खुद पहुंच जाएगी। आपका इलाज करेगी। इसलिए जागरूक बनिए और मलेरिया मुक्त जिला बनाने में जनभागीदारी सुनिश्चित करें।

जागरुकता से ही मलेरिया से बचाव संभवः सीएस

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित हॉल सभागार में एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएस डॉ नवल कुमार ने कहा कि जागरुकता से ही मलेरिया रोग से बचाव संभव है। उन्होंने कर्मचारियों को अपने अपने क्षेत्र में जागरुकता फैलाने की बात कही। सीएस ने लोगों को मच्छरदानी का उपयोग करने के लिए जागरुक करने, डीडीटी का छिडकाव घरों के अंदर कराने, बुखार होने पर तत्काल खुन जांच कराने, मलेरिया होने पर पुरा उपचार कराने आदि के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। वहीं डीटीओ डॉ पद्म प्रकाश साह ने सबके सहयोग से जिले को मलेरिया

मुक्त बनाया जा सकता है। सभी कर्मी इमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। जिला मलेरिया सलाहकार सुशांत कुमार ने बताया कि मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है। जो संक्रमित मादा एनोफेलिज मच्छर के काटने से होता है। उन्होंने मलेरिया रोग होने पर अविलंब दवा खाने की बात कही। मौके पर मलेरिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हरेक सीएचसी से एक एमपीडब्ल्यू, एक एएनएम व एक सहिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मलेरिया से बचाव को लेकर सीएस ने कर्मचारियों को शपथ भी दिलाया। कार्यक्रम में विकास कर्मकार, कुलदीप कुमार, सुनील भगत सहित सभी एमटीएम, एमपीडब्लयू, प्रत्येक सीएचसी से एएनएम व सहिया उपस्थित थी।

मलेरिया दिवस के मौके पर निकली जागरुकता रैली : विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर मंगलवार की सुबह जागरुकता रैली भी निकाली गई। जागरुकता रैली को सीएस डॉ नवल कुमार, डीटीओ डॉ पद्म प्रकाश साह ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर सदर अस्पताल परिसर से रवाना किया। जागरुकता रैली शहर के झूलन सिंह चौक, महावीर चौक, नीचे बाजार पेट्रोल पंप से पुनः सदर अस्पताल परिसर पहुंची। मौके पर लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए जागरुक किया गया।

NEWS इन ब्रीफ

तालाब में गिरने से एक बच्ची हुई घायल

बोलबा। बोलबा प्रखड के पाकरबाहर पहान टोली में तालाब में गिरने से एक 7 वर्षीय बच्ची हुई घायल इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखंड के पाकर बहार पहान टोली गाँव में मंगलवार की दोपहर एक 7 वर्षीय बच्ची रीना कुमारी पिता मंजय माँझी ने गांव के पास के एक तालाब में नहाने गई थी। अचानक उसका पैर फिसल जाने से वह गिर गई और गहरे पानी में चली गई। पास नहा रहे लोगों ने उन्हें डूबने से बचाया। उसके पैर में गंभीर चोट आई है। उसे खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया

लोहरदगा। शहरी क्षेत्र के हटिया गार्डन स्थित श्री हरिबाबा मां काली मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में सुबह में पूजन, हवन और शाम में महाआरती की गई। समस्त पूजन कार्य रामसेवक पाठक के सान्निध्य में यजमान देवेंद्र पाठक, अंजली देवी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामूहिक पूजा में शामिल होकर विशेष पूजा-पाठ की और माता काली का आशीर्वाद लिया। आनंद पाठक ने बताया कि तीन साल पहले इस मंदिर का जीर्णोद्धार करते हुए मंदिर का कायाकल्प किया गया था। मौके पर अवधेश पाठक, गिरिजानंदन सिंह, जितेंद्र पाठक, शिवम, अदिति समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया

कुडू। कुडू प्रखंड के लावागाइ पंचायत अंतर्गत ननतिलो, चिरी पंचायत के कड़ाक फंगाटोली, जिमा पंचायत के चंडू एवं जिमा और सुन्दरु पंचायत के सुकुमार एवं विश्रामगढ़ के आधा दर्जन गांव मे एससीए मद से हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों का मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने फर्श, दीवार एवं छत मरामती, रंग रोगन एवं दीवार लेखन, बिजली संबंधी कार्य, पेयजल संबंधी कार्य एवं शौचालय संबंधी कार्य गुणवत्ता पूर्वक करने का निर्देश दिया।

सुरक्षाबलों की तैनाती के बावजूद हुई वारदात, एक गिरफ्तार

सीजेएम कोर्ट के इजलास कक्ष का ताला तोड़कर चोरी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

लोहरदगा में चोरों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि चोर घरों में छोटी मोटी चोरियां करते हुए अब न्यायालय में भी चोरी की वारदात को अंजाम देने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। चोरों का इतना दुस्साहस बढ़ गया है कि सुरक्षाबलों की तैनाती के बावजूद कोर्ट परिसर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला।

जानकारी के अनुसार स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, सीजेएम सह सिविल जज प्रथम के कोर्ट के रिकार्ड रूम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। सीजेएम के इजलास कक्ष में सोमवार देर रात ताला तोड़कर चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया गया। न्यायालय परिसर में पर्याप्त सुरक्षाबल की तैनाती के बावजूद ताला तोड़कर चोरी करने की घटना से सनसनी फैल गई। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने वरीय पुलिस पदाधिकारियों की एसआईटी गठित कर त्वरित कार्रवाई किया। फॉरेंसिक जांच व सीआईडी डॉग स्कॉट की मदद से चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने फौरी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी युवक के पास से पुलिस ने इजलास रूम का ताला तोड़ने में प्रयुक्त औजार जप्त किया है। गिरफ्तार युवक से पुलिस पूछताछ कर गहन अनुसंधान कर रही है। बताया गया कि, आरोपी युवक इजलास रूम के लैपटॉप पर हाथ साफ करना चाहता था पर, लैपटॉप वहां मौजूद नहीं था। न्यायालय में चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में सुरक्षा में तैनात और जवानों पर पुलिस अधीक्षक ने लापरवाही के आरोप के तहत कार्रवाई की है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं की गई है। चोरी की वारदात के बाद मंगलवार को न्यायालय परिसर पुलिस छावनी पर तब्दील हो गई थी। इधर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा व्यवहार न्यायालय परिसर में इजलास रूम में ताला तोड़कर चोरी करने के घटना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। चोरी की घटना को लेकर फॉरेंसिक जांच कर आरोपी को तत्काल पुलिस गिरफ्त में ली है। गिरफ्तार युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है। उसके पास से चोरी में प्रयुक्त किया गया पलाश व अन्य सामान जब्त किया गया है। एसपी ने कहा, घटना के बाद वरीय पुलिस अधिकारियों की एसआईटी टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई। इधर कोर्ट परिसर में चोरी होने के बाद भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

उधार में शराब नहीं मिली तो अपनी ही बाइक में आग लगा दी

लोहरदगा। सदर थाना क्षेत्र के मैना बगीचा स्थित शराब दुकान से शराब लेने के विवाद से गुस्साए युवक ने अपनी ही बाइक में आग लगा दी। घटना सोमवार देर रात की है। रघुटोली निवासी नशे में धुत एक युवक शराब लेने के लिए ठेके पर पहुंचा था और उधार में शराब की मांग कर रहा था। दुकानदार ने उधार देने से इनकार कर दिया। इसके बाद हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। इधर उधर की बात होते होते गुस्साए युवक ने ठेके के समीप ही अपनी मोटरसाइकिल को खड़ी कर उसमें आग लगा दी। इसके बाद उसकी मोटरसाइकिल धू-धू कर जलने लगी। आग इतनी जबरदस्त तरीके से लगी थी कि उसके पास खड़ी दूसरी मोटरसाइकिल भी जलने लगी। यह देखकर वहां पर अफरा- तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के साथ-साथ वार्ड पार्षद कमलेश कुमार ने तत्काल मामले की जानकारी दमकल की टीम और सदर थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया। वहीं अग्निशमन विभाग ने मौके पर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह से काबू पा लिया।

सामाजिक कार्यकर्ता सोरेंग हमिंग बर्ड चुनी गई

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

सिमडेगा की सक्रिय एवं मुखर महिला अधिकार कार्यकर्ता अगुस्टिना सोरेंग को मिशन हमिंग बर्ड ने अप्रैल महीना की हमिंग बर्ड चुना है। इस संबंध में बताया गया कि यह एक वैश्विक मुहिम है, हरियाणा से संबंध रखनी वाली डॉ. सूची गौर, जो कि वैश्विक स्तर पर महिलाओं की वकालत एवं सशक्तिकरण के लिए काम करती हैं, के द्वारा अपनी मां की स्मृति में शुरू किया है। इस मुहिम के तहत वे अपने वेतन के पैसे से दुनियाभर की 1000 महिलाओं को ढूंढकर उनके काम के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें एकजुट कर मंच उपलब्ध करा रही हैं। इसी कडी में सिमडेगा की अगुस्टीना सोरेंग का चयन अप्रैल माह के हमिंग बर्ड के तौर पर किया गया है। अगुस्टीना का चयन उनके द्वारा सामाजिक हितों की लगातार पैरवी और महिलाओं तथा युवाओं के बीच उल्लेखनीय कार्यो के लिए किया गया है क्योंकि खुद हमिंग बर्डस का उद्देश्य है कि ऐसे लीडरों को और सशक्त किया जाए जो जमीनी कार्यकर्त्ता हैं।

अगुस्टीना ने इस उपलब्धि के लिए सबसे पहले मिशन हमिंग बर्डस और डॉ. सूची का शुक्रिया अदा किया जो उन्हें ढूंढा गया और उनके काम को सराहा गया और इस मुहिम से जुड़ने का अवसर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में काम करना चुनौतीपूर्ण है क्योंकि आपको कई बार समाज, सरकार और कई संस्थाएं आर्थिक मदद नहीं करती और जिन विषयों पर हम बोलते और लगातार काम करते हैं वैसे विषयों पर प्रशासन और सरकार पैसे खर्चना नहीं चाहती हैं। जो एक बडी समस्या है। किन्तु हमिंग बर्डस, फेमिनिस्ट मंच, इंडियन स्कूल फॉर डेमोक्रेसी, नेशनल कौंसिल फॉर वूमेन लीडर्स, इंजोत डहर जैसी संगठनों के साथ जुड़के मैं वो काम जारी रख पा रही हूँ जिसकी जरुरत पूरे समाज को है। और संगठनों में जुड़कर रहने से ही मुझे लगातार इस समाज के भीतर की कमजोरियों से लडने की ताकत मिली है जो मैं लगातार करती रहूँगी और मेरी कोशिश है कि पितृसत्तात्मक सोच और विचारधारा से वर्तमान युवापीढ़ी को बचाया जा सके जो हर तरह की महिला हिंसा और गैरबराबरी का मूल कारक है। तथा नए नेतृत्व तैयार करना जो तर्कसँगत और समतामुलक समाज के लिए काम करें।

स्वास्थ्य सहायता योजना शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)

चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कौशल विकास केंद्र में मंगलवार को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में कुल 41 लोगों के द्वारा आवेदन जमा किया गया] जिसमें से 11 लोगों का आयोजन तत्काल पास किया गया। नोडल पदाधिकारी के रूप में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सींह ने शिविर के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के लोग उठा सकते हैं इस योजना के तहत किसी भी बीमार व्यक्ति को सरकार की ओर से इलाज के लिए 3 से 10 हजार रुपया तक की अनुदान राशि दी जाती है जिससे बीमार व्यक्ति अपना समुचित इलाज करा सके जिसके लिए आवेदक को अपना चिकित्सा प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक एवं राशन कार्ड की छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी।

अवैध हथियार रखने व लूटपाट के आरोपियों को कोर्ट ने सुनाई सजा

सिमडेगा। सीजेएम आनंद मणि त्रिपाठी की अदालत ने लूटपाट और ने अवैध हथियार रखने के तीन आरोपियों को तीन तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चार चार हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि जमा नही करने पर दो माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में पाकरटांड़ थाना कांड संख्या 05/20 के तहत मामला दर्ज है। बताया गया कि एक मार्च 2020 को गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र निवासी दीपक साहू पाकरटांड़ की ओर जा रहा था। इसी क्रम में सिरु परिधया गांव के समीप अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर 15 हजार रुपए नकद और मोबाईल लूटकर फरार हो गए थे।

अनुसमर्थन दल के सदस्य ने योजनाओं का निरीक्षण कर दस्तावेज की जांच की

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

राज्य स्तरीय अनुसमर्थन दल के सदस्य जितेंद्र कुमार देव, संयुक्त सचिव ग्राविवि और मुकेश कुमार प्रशाखा पदाधिकारी, ग्राविवि के द्वारा प्रखण्ड कैरो के पंचायत गजनी एवं सढ़ाबे में मनरेगा अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जेएसएलपीएस एवं जल छाजन द्वारा निर्मित अमृत सरोवर योजनाओं का निरीक्षण एवं दस्तावेज का जांच किया गया। निरीक्षण के क्रम में सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ पंचायत स्तरीय कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं

ग्रामीण उपस्थित रहे। इससे पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारियों के साथ ग्रामीण विकास अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई व निदेश दिए गए।

इमाम की पत्नी को घायल करने के मामले में केस

कैरो। थाना क्षेत्र के गाराडीह मस्जिद के इमाम मो हामीद राजा ने लिखित आवेदन देकर कैरो थाना में मामला दर्ज कराया है। लिखित आवेदन में कहा है कि इमाम और उनकी 20 वर्षीय पत्नी सोनम खातून जामा मस्जिद के सामने बने घर पर रहकर मस्जिद में इमामत कराते हैं। ईद पर्व के दिन अंजुमन इस्लामिया और अंसार कमेटी के बीच ईदगाह में अलग अलग समय मे नमाज पढ़ने को लेकर काफी विवाद बढ़ गया अंसार कमेटी के लोगो ने इस इमाम के पीछे नमाज नही पढ़ने को लेकर काफी हंगामा किया था ।जिसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने 24 अप्रैल को समय 11 बजे दिन में बीबी सोनम खातून को दक्षिण दिशा से निशाना साधते हुए ईंट मारकर घायल कर दिया था।

पहल पानी की समस्या को देखते हुए प्रेम कुमार ने

ग्रामीणों संग मिलकर बनाया तालाब

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

एक कहावत है अगर मन में किसी चीज को ठान ले तो वह चीज अवश्य पूरा होता है और इसी बात को चरितार्थ करवाया है बीरू निवासी प्रेम कुमार दास ने जिस में भीषण गर्मी में नदी का जलस्तर नीचे जाने की वजह से नदी सूख गई थी और पशु पक्षियों को पीने की पानी की काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था ।जिसे ध्यान में रखते हुए खीराकुदर गांव पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने समस्याओं से अवगत हुए इस पर ग्रामीणों ने बताया कि नदी का जलस्तर खत्म हो गया जिससे कि नहाने एवं पशु पक्षियों को पीने की पानी की काफी दिक्कत हो रहा है। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि नदी के अंदर एक छोटा सा अस्थाई तालाब बनाते हैं गर्मी में पानी की परेशानी कमी आएगी तथा पशु पक्षियों को भी पीने की दिक्कत नहीं होगी। इसके बाद ग्रामीण तैयार हो गए और सभी लोगों ने श्रमदान करते हुए नदी में अस्थाई छोटा तालाब का निर्माण किया देखते ही देखते तालाब में भरपूर पानी आ गई और ग्रामीण काफी खुश नजर आ रहे थे। इधर ग्रामीणों को प्रेरित करने पर प्रेम कुमार का ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया।

पशु व्यवसायी हत्याकांड में एक और गिरफ्तार

कैरो। जिले के कैरो थाना क्षेत्र के खरता टोंगरी के समीप नवम्बर 2021 को कुडू थाना क्षेत्र के लापुर गांव निवासी एक पशु व्यापारी को चाकू से मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना मे उसके पुत्र भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामला को लेकर पुलिस लगातार जाँच पड़ताल मे जुटी रही। घटना मे संलिप्त अभियुक्त कैरो निवासी मुजीब अंसारी के पुत्र ओसामा अंसारी उर्फ मुना अंसारी को मंगलवार को गिरफ्तार कर कांड संख्या 45/21 धारा 307, 302, 120 बी 34 भदवी के तहत जेल भेज दिया। वंही मामला को लेकर कैरो थाना पुलिस द्वारा बताया गया की मृतक के पुत्र ने पुलिस को और कोर्ट में दिए बयान में अभियुक्त का शामिल होना बताया था। घटना के दिन प्राथमिक अभियुक्त के साथ बातचीत किया जाना पाया गया है। मंगलवार को सदर अस्पताल में आरोपी को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया है।

कहीं पीने को नहीं, तो कहीं टंकी फटने से बेकार में बह रहा है पानी

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

प्रखंड क्षेत्र के पारही बिसाहाटोली में जलमीनार की टंकी फटने से पानी बेकार बह रहा है। भड़गांव पंचायत के पारही बिसहाटोली में लगभग 4 वर्ष पूर्व 2 जलमीनार बने थे। इसमें एक जलमीनार की टंकी की पेंदी फट गई है। इसको बनवाने से किसी को मतलब नहीं है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीण लोग कुएं, नदी का दूषित जल पीने को विवश हैं। वही जोलजस तिर्की, राजेन्द्र उराँव, शनिया उराँव, दिलीप उराँव, बिहारी उराँव, मसीह तिर्की,राजकुमार उराँव, पवन उराँव, सूरज उराँव ने बताया कि इस भीषण गर्मी में कही पीने को पानी नही मिल रहा है। तो कही बेकार में पानी बह रहा है। बिसाहाटोली में 2 जलमीनार 4 चापानल है। जिसमें एक जलमीनार लगभग एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है। दूसरे की टँकी भी 6

माह से फटी हुई है। सभी चापानल खराब है। ऐसे में गाँव के ग्रामीण पानी के लिये दर दर भटक रहे हैं। मुखिया,वार्ड सदस्य के अलावे पेयजल स्वच्छता विभाग को अवगत इससे कराया गया। परन्तु किसी को जलमीनार बनवाने और टँकी को बदलने का रुचि नही दिखाया जलमीनार का फटा टँकी से रात दिन पानी बहता रहता है, जिसे पानी जल्द खत्म हो जाता है। और पिने के लिये पानी उपलब्ध नही हो पाता है। जिससे लोग कुँआ, तालाब का पानी पीने के लिये मजबूर हो जाते हैं।

भारत-लैटिन अमेरिका व्यापार 50 अरब डॉलर का : जयशंकर

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर उत्तर और दक्षिण अमेरिका के चार देशों के दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि भारत-लैटिन अमेरिका का अनुमानित व्यापार 50 अरब डॉलर का है। उन्होंने सोमवार को पनामा में भारत-लैटिन अमेरिका बिजनेस फोरम में कहा, निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि और खनन, ऊर्जा, कृषि और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में निवेश इसे और शक्ति प्रदान करेगी। पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया भर में भारत की मौजूदगी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत के भीतर विनिर्माण, बुनियादी ढांचे, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति में परिवर्तन गेम चेंजर हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत में लंबे समय से प्रतीक्षित सुधारों से रिकॉर्ड निर्यात हुआ है, लैटिन अमेरिका एक आकर्षक बाजार है। उन्होंने कहा, 100 देशों को टीके और 150 देशों को दवाएं मुहैया कराने के 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में भारत का सभी ने स्वागत किया है। जयशंकर ने कहा कि भारत की मजबूत डिजिटल रीढ़ सार्वजनिक वस्तुओं और व्यापार के लिए उपकरणों की डिलीवरी को आसान बनाती है और भारतीय उत्पाद लैटिन अमेरिकी मध्यम वर्ग के लिए एक स्वाभाविक उत्पाद है। कई देशों में भारत के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री ने आगे कहाः भारतीय परियोजना निष्पादन कई देशों में बढ़ा है। 'मेड इन इंडिया' और 'डिलिवर्ड बाय इंडिया' विश्व स्तर पर वास्तविकता बन रहे हैं। भारतीय कृषि उपज, गुणवत्ता, प्रौद्योगिकी में प्रगति कर रही है। इसका प्रभाव पड़ा है। जयशंकर ने कहा कि भारतीय प्रतिभा और कौशल आज दुनिया को कार्यस्थल मानते हैं। यात्रा के हिस्से के रूप में, जयशंकर ने पहले गुयाना का दौरा किया, जिसके बाद वो पनामा गए। उनका कोलम्बिया (25-27 अप्रैल) और डोमिनिकन गणराज्य (27-29 अप्रैल) में रुकने का भी कार्यक्रम है।

सोने और चांदी की कीमतों में आई तेजी

एजेंसी। नई दिल्ली

आज यानी मंगलवार (25 अप्रैल) को सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने का दाम 287 रुपए बढ़कर 60,368 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 55,297 रुपए हो गई है। आज चांदी की कीमत में भी तेजी देखने को मिली है। ये 378 रुपए महंगी होकर 74,768 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 74,390 रुपए पर थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62,000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64,000 तक पहुंच सकता है। शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। अजय केडिया का अनुमान है कि इस साल चांदी 90 हजार रु./किलो तक जा सकती है।

शेयर बाजार में तेजी

एजेंसी। मुंबई

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार में आज मंगलवार 25 अप्रैल को मामूली बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 74.61 अंक या 0.12% बढ़कर 60,130 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 25.85 अंक या 0.15% चढ़ा। ये 17,769.25 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट रही। ठरए पर निफ्टी ढरव बैंक इंडेक्स 1.3% चढ़कर बंद हुआ। इसके अलावा मेटल, ऑयल एंड गैस, रिटल्टी शेयरों में भी तेजी रही। कंज्यूमर ड्यूरेबल, मीडिया स्टॉक्स ने बाजार पर दबाव बनाया। नतीजों के बाद इंडसइंड बैंक के शेयर में 1.66% की तेजी देखने को मिली। ये 1120.35 रुपए पर बंद हुआ। प्राइवेट लेंडर इंडसइंड बैंक ने सोमवार को यानी चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे घोषित किए थे। इस तिमाही में बैंक का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट साल-दर-साल 50% बढ़कर 2,040.51 करोड़ रुपए हो गया है।

डाकखानों की स्कीम पर ज्यादा ब्याज

एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार ने इसी महीने पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट्स स्कीम पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। आप टैक्स बचाने के साथ अपने निवेश पर फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी से ज्यादा रिटर्न चाहते हैं तो इस स्कीम में पैसा लगा सकते हैं। इस स्कीम में 7.7% सालाना ब्याज दिया जा रहा है। हम आपको इस स्कीम के बारे बता रहे हैं। इस स्कीम में फिलहाल 7.7% ब्याज मिल रहा है। पोस्ट ऑफिस की इस स्कीम में आपको न्यूनतम 1000 रुपए निवेश करना होगा। आप एनएससी में कितनी भी रकम निवेश कर सकते हैं। इसमें निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। एनएससी का लॉक इन पीरियड 5 साल का है। नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट में आप जो भी पैसा निवेश करते हैं इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत उस पर आप टैक्स छूट क्लेम कर सकते हैं। एक फाइनेंशियल ईयर में एनएससी में आप अधिकतम 1.5 लाख रुपए निवेश करके इस पर टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं। इस स्कीम में बच्चों के नाम से भी अकाउंट खोला जा सकता है। अगर बच्चा 10 साल से कम उम्र का है तो उसके नाम पर माता-पिता की ओर से खाता खोला जा सकता है। 10 साल की उम्र में बच्चा अपना अकाउंट खुद संचालित कर सकता है, वहीं वयस्क होने पर उसे खाते की पूरी जिम्मेदारी मिल जाती है। इसके अलावा एक 18 साल की उम्र का व्यक्ति खुद या माइनर व्यक्ति की ओर से एनएससी में निवेश कर सकता है। इस खाते को 3 वयस्कों के नाम पर संयुक्त खाता भी खोला जा सकता है। अगर आप अपना निवेश निकालना चाहते हैं तो आपको 5 साल का इंतजार करना होगा। इसमें 5 साल का लॉक इन पीरियड रखा गया है। यानी आप अपना पैसा 5 साल से पहले नहीं निकाल सकेंगे। अगर आप मैच्योरिटी पीरियड के दौरान बीच-बीच में इस पर मिलने वाला ब्याज विड्रॉल करना चाहते हैं तो, इस स्कीम में निवेश करने पर आप ऐसा नहीं कर सकेंगे। इसमें 5 साल का लॉक इन पीरियड रहता है यानी आप 60 महीनों तक पैसा नहीं निकाल सकेंगे। इसीलिए जो लोग 1-2 साल के लिए निवेश करना चाहते हैं इनके लिए ये स्कीम ठीक नहीं है।

दुबई में रिकॉर्ड 278 करोड़ में बिका रेत का प्लॉट

एजेंसी। दुबई

दुबई के जुमेरा बे द्वीप में 24,500 स्क्वायर फीट का प्लॉट रिकॉर्ड 125 मिलियन दिरहम यानी करीब 278 करोड़ रुपए में बिका है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, जिस व्यक्ति ने इस प्लॉट को खरीदा है वो दुबई का मूल निवासी नहीं है। वो इस प्रॉपर्टी में फैमिली वेकेशन के लिए घर बनाना चाहता है। ब्रोकरेज फर्म नाइट फ्रैंक के हेड एंड्रयू कमिंग ने कहा कि 'अभी तक महंगी प्रॉपर्टी बिकने को लेकर जो न्यूज आती थी उसमें शानदार विला या लक्जरी पेंटहाउस होते थे। ऐसा पहली बार है जब एक खाली प्लॉट रिकॉड ब्रेकिंग प्राइज में बिका है।'दुबई लैंड रिकार्ड से पता चलता है कि इस जमीन को बेचने वाले व्यक्ति ने 2 साल पहले ही 36.5 मिलियन दिरहम (करीब 81.43 करोड़ रुपए) में इसे खरीदा था। अब उसने 88.5 मिलियन दिरहम यानी करीब 197 करोड़ रुपए के फायदे के साथ इसे बेचा है। इस जमीन को बेचने वाले यूके बेस्ड फैशन रिटेलर प्रिटीलिटल थिंग के 35 साल के फाउंडर हैं। दुबई में टैक्स और क्राइम कम है, जिसके कारण दुनियाभर के अमीर लोग वहां अचल संपत्ति खरीद रहे हैं। इसके कारण वहां की प्रॉपर्टी के दाम तेजी से बढ़े हैं। साथ ही, तेल की बढ़ती कीमतें भी दुबई में प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़ोतरी होने का कारण हैं।

आज लॉन्च होगी 'वीवो X90 सीरीज'

नई दिल्ली। चाइनीज टेक कंपनी वीवो कल (26 अप्रैल) को 'वीवो X90 सीरीज' के दो स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। इसमें वीवो और वीवो X90 प्रो शामिल हैं। कंपनी ने ऑफिशियल और ई कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट पर 'वीवो X90 सीरीज' को टीज कर लॉन्च इवेंट की जानकारी दी है। वीवो ने अभी तक स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशन के बारे में ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं दी है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशन के बारे में पहले ही कई जानकारी सामने आ गई है। वहीं, अब लॉन्चिंग से एक दिन पहले स्मार्टफोन की कीमत भी लीक हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वीवो X90 स्मार्टफोन दो वैरिएंट में लॉन्च होगा। 8जीबी रैम + 128जीबी स्टोरेज वाले बेस वैरिएंट की कीमत 59,999 रुपए होगी। जबकि 12जीबी रैम + 256जीबी स्टोरेज की कीमत 63,999 रुपए होगी।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **308/RI/2023-24/RWD/GARHWA** दिनांक :- **25.04.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं0
1.	RWD/GARHWA/34/SRPKG-06/2022-23	(i) बोदरा से कोल्हुआ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.100 कि0मी0) (ii) मझिगाँव से बरछाबांध होते हुए लावाचम्पा प्राथमिक विद्यालय तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.760 कि0मी0) (iii) खराँधी मेन रोड से भगवान घाट पी0डब्लू0डी0 रोड भाया चिचरिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.500 कि0मी0)	8,77,21,538.00	आठ करोड़ सतहत्तर लाख इक्कीस हजार पाँच सौ अड़तीस रू0 मात्र	15 माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 02.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 10.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 11.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (11.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 12.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के पक्ष में एवं गढ़वा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 295910 Rural Work Department(23-24)D

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार

सर्वसाधारण को सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार द्वारा** स्वीपर/सफाईकर्मी की सेवाएँ हेतू सूचित किया जाता है कि माननीय झारखण्ड विधिक सेवा प्राधिकार, राँची (झालसा) के पत्रांक/895 दिनांक 18.3.2023 के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार कार्यालय एवं परिसर की साफ–सफाई एवं झाड़पोछ हेतू स्वीपर/सफाईकर्मी की सेवाएँ वाह्य स्त्रोत के माध्यम से कराये जाने के लिए ऐच्छिक संस्था से उपरोक्त कार्य हेतू निविदा आमंत्रित की जाती है। ऐच्छिक संस्था उपरोक्त कार्य हेतू न्युनतम राशि दर्शाते हुए दिनांक 08.5.2023 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे जमा करें।

विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय परिसर, लातेहार में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में उपस्थित होकर या दूरभाष सं0 8987736366 से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक
(स्वाति विजय उपाध्याय)
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार

PR 295889 Law(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 28/04/2023 दिन शुक्रवार को **जिला नियोजन कार्यालय परिसर, डालटनगंज** में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक एकदिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजक के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

S.No	Company Name	Name of the Post	Category	No. of Vacancy	Qualification	Age	Salary	Place of Work
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	Axix Training Centre for Skill, Patna	Loan Officer	Male/Female	50	12th to Graduation	18 to 35	15,000/-	All Jharkhand
		TCO		150			16,000/-	
		RO		25			15,000/-	
		BRE		25			17,500/-	

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं **स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्युनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत)** के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। भर्ती–कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

नोट :– रिक्ति संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 295900 District(23-24).D

e–Procurement Cell
Office of the Superintending Engineer
Building Construction Department, Circle.-2, Combined Building, Line Tank Road, Ranchi-834001
Tel. : 0651-3512691

Letter No.-439 Date:-21.04.2023

Corrigendum

Tender Reference No.-(13)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ,DIV/2022-23 Date:-24-02-2023, Name of Work:- Construction of Block Public Health Unit in The Campus of Public Health Centre in Chattarpur, Under Palamu District & PR No.-291206 Building Construction Division-2 (22-23)D के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा में **PR No.-291206 Building Construction Division-2 (22-23)D** के जगह **PR No.-291206 Building Construction Department, Building Circle-2 (22-23)D** पढ़ा जाय।

Executive Engineer,
Building Construction Department
Building Division,
Daltonganj

Nodal Officer
e–Procurement Cell
Building Construction Department
Circle-2, Ranchi

PR 295928 (Building Dept Circle - 2)23-24*D

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

ई–निविदा
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 03/2023–24 दिनांक 24.04.2023

क्र0 सं0	योजना का नाम	प्रखण्ड का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	पंचायत सिरम के ग्राम जमडीह में विपिन कुजूर के घर से अखडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण	पेशरार	642300.00	1250.00	12900.00	03 (तीन) माह

2	वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	:–	03.05.2023
3	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय	:–	09.05.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
4	अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय	:–	10.05.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
5	निविदा खोलने की तिथि व समय	:–	10.05.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
6	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता	:–	जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7	निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता	:–	जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 295895 Lohardaga(23-24)#D

झारखण्ड सरकार

जिला खनन कार्यालय, लातेहार।

e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

–:: आम सूचना ::–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशानुसार, लातेहार जिलान्तर्गत कोयला खनिज के अवैध परिवहन/भण्डारण संबंधी मामलें में जप्त वाहनों का "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के नियम 11(V) के तहत् राजसात/नीलामी की कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार में दायर निम्नांकित राजसात वादों में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में निम्नलिखित राजसात वाहनों का आम नीलामी दिनांक–09.05.2023 को समय 03:00 बजे अपराह्न में उपायुक्त, लातेहार द्वारा गठित समिति द्वारा जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा।

नीलामी हेतु निम्न सूचीबद्ध वाहनों के वाहन मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय द्वारा पारित राजसात आदेश के विरूद्ध वाहन मालिक द्वारा यदि किसी अपीलीय न्यायालय में अपील दायर किया गया हो अथवा वाहन के नीलामी से आपत्ति हो तो दिनांक– 08.05.2023 तक इसकी लिखित सूचना उक्त न्यायालय या जिला खनन कार्यालय, लातेहार में दें, जिससे कि वाहन की नीलामी नहीं की जा सके।

राजसात वाहनों का विवरणी निम्नवत् है –

क्र0 सं0	राजसात वाद संख्या	संबंधित थाना	वाहन निबंधन संख्या	वाहन का प्रकार एवं निमार्ण वर्ष	वाहन का अनुमानित न्यूनतम सुरक्षित राषि/अनुमानित न्यूनतम बाजार मूल्य	सुरक्षित जमा राषि का 10 % प्रतिभूति/ अग्रधन राषि	अभ्युक्ति
1.	04/2023	बालूमाथ	OD14U-1391	Hywa 2019	20,50,000.00 (बीस लाख पच्चास हजार) रूपये मात्र।	2,05,000.00 (दो लाख पाँच हजार) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
2.	03/2023	बालूमाथ	JH13E-3193	Loader 2017	22,00,000.00 (बाईस लाख) रूपये मात्र।	2,20,000.00 (दो लाख बीस हजार) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
3.	110/2022	बालूमाथ	JH23A-2610	Tractor 2021	2,75,000.00 (दो लाख पचहत्तर हजार) रूपये मात्र।	27,500.00 (सताईस हजार पांच सौ) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
4.	17/2023	बालूमाथ	JH13F-6105	Truck 2018	13,00,000.00 (तेरह लाख) रूपये मात्र।	1,30,000.00 (एक लाख तीस हजार) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
5.	27/2022	बालूमाथ	JH02AW-7103	Truck	16,30,000.00 (सौलह लाख तीस हजार) रूपये मात्र।	1,63,000.00 (एक लाख तीरसठ हजार) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत मारंगलोईया पिकेट परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
6.	16/2021	बालूमाथ	JH19B-2577	Truck 2017	15,50,000.00 (पन्द्रह लाख पच्चास हजार) रूपया मात्र।	1,55,000.00 (एक लाख पचपन हजार) रूपया।	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट परिसर मे वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
			JH01BA-9784	Truck 2013	8,50,000.00 (आठ लाख पच्चास हजार) रूपया मात्र।	85,000.00 (पचासी हजार) रूपया।	

उपरोक्त जप्त राजसात वाहन जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर नीलामी/बिक्री हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा, इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

PR 295939 Mines and Geology(23-24)D

जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार।

नशा व कारोबारी

झारखंड में अफीम की खेती का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। इससे पलामू भी अछूता नहीं है। मनातू और तरहसी के इलाकों में आज भी इसकी खेती बदस्तूर जारी है। हालांकि नक्सल गतिविधियां कम होने से इसमें कमी जरूर आयी है। जाहिर सी बात है,यह सब बगैर अपराधियों और राजनीतिज्ञों के पकड़ असंभव है। ऐसे में सवाल उठता है कि इन नशे के सौदागरों का असली मददगार कौन है? सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जो जंगली हैं,वहां बड़े पैमाने पर इसकी खेती आज भी जारी है। उत्पादित कच्चे अफीम को लेकर तस्कर दिल्ली और पंजाब के कई शहरों में तक जाते हैं। हजारीबाग चतरा समेत कई जिलों की पुलिस लगातार ऐसे तस्करों को पकड़ती है, लेकिन यह बार-बार छूट जाते हैं। यही कारण है कि इनका नेटवर्क टूट नहीं रहा है। जितने बड़े क्षेत्र में इसकी खेती होती है, वहां से कच्चे माल को ठिकाने लगाने में तस्करों का बड़ा और संगठित गिरोह सक्रिय होकर आगे की कार्रवाई करता है। इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में खेती करने वाले ऐसे तत्वों को हतोत्साहित करना होगा। इसके लिए सामाजिक जागरूकता की पहल करनी होगी। चंद पैसों के लिए नशे के सौदागरों के चंगुल में फंसने वाले ग्रामीणों को इसके दुष्प्रभाव के बारे में समझाना होगा। एनडीपीएस एक्ट में इसके लिए कठोर सजा के प्रावधान तय किये गये हैं। इसके शिकार सबसे निचले पायदान पर काम करने वाले तस्कर ही होते हैं। बड़ा सरगरना कानून से बचने में कामयाब हो जाता है। पुलिस और सक्षम एजेंसियों को इनके ठिकाने तक पहुंच कर कर्रवाई करनी होगी । हजारीबाग में पिछले दिनों तीन तस्करों को पकड़ा गया था। ये तस्कर तैयार अफीम को लेकर दिल्ली ले जाने वाले थे। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर ली है। नशे के ये सौदागर पूरे राज्य में सक्रिय हैं। यह नक्सली और अपराधी की मदद से तस्करी करते हैं। हालांकि ग्रामीण इलाकों से नक्सलियों के पांव उखड़ रहे हैं। ऐसे में यह सही वक्त है जब इन अपराधियों को वहां से भगाया जा सकता है। इसके लिए समाज और कानून लागू करने वाली संस्थाओं को मिलकर करना होगा। कारण यह समाज के ऐसे दुश्मन हैं, जिनका खात्मा बहुत जरूरी है। इस नशे के कारोबार में करोड़ों का वारा-न्यारा होता है। इस काम को करने वाले लोगों के रसूख काफी बड़े होते हैं। अगर समय रहते उन बड़े लोगों तक पुलिस पहुंच जाती है तो छोटो अपराधी डर कर अपना हाथ पीछे कर लेगें। ऐसे में जरूरत है उन लोगों तक पहुंचने की,जो इन्हें मदद करते हैं। ऐसे भी कहा जाता है कि गलत काम करने वाले से ज्यादा अपराधी उसे शह देने वाला होता है। ऐसे लोग सफेदपोश होते हैं। उनके सर्ट सफेद होते हैं। लेकिन उन सफेद सर्टों पर कई काले धब्बे होते हैं। वैसे नशे के कारोबारी हर जगह होते हैं। नशे के आगोश में समाज को ढकेल कर यह हर उल्लू सीधा करते रहते हैं। ऐसे में जरूरत है ऐसे लोगों को बेनकाब किया जाये। इस काम में पैसों की खातिर नक्सलियों का एक धड़ा इस काम में ऐसे कारोबारियों की मदद करता है। लेकिन हाल के दिनों में इनका जनाधार कमजोर हो रहा है। यह उचित समय है, इसका फायदा उठा कर नशे के कारोबारियों को दबोचा जा सकता है। यह काम उतना कठिन नहीं है। जैसा हमलोग सोचते हैं। सबसे पहले ग्रामीणों को अपने भरोसे में लेकर कार्रवाई करने की जरूरत है। इनके सभी ठिकाने सामने आ जायेंगे। बहरहाल नशा में मदद करने वाले सच पूछा जाये तो सबसे बड़े देशद्रोही है। ऐसी स्थिति में उन पर अंकुश लगाकर समाज में अच्छे संदेश दिये जा सकते है। आइये हम इस दिशा में आगे बढ़ें।

एनडीपीएस एक्ट में इसके लिए कठोर सजा के प्रावधान तय किये गये हैं। इसके शिकार सबसे निचले पायदान पर काम करने वाले तस्कर ही होते हैं। बड़ा सरगरना कानून से बचने में कामयाब हो जाता है।

मन की बात बड़ी सौगात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सार्वभौमिक रूप से असाधारण प्रतिभा के धनी वक्ता हैं। जनता के साथ तत्काल संवाद स्थापित करने की उनकी शैली अनूठी है। वो जिस लगन के साथ बोलते हैं और जिस निष्ठा के लिए जाने जाते हैं, वह पिछले आठ वर्षों में विश्वास-आधारित संवाद 'मन की बात' से और प्रगाढ़ हुआ है। उनके समावेशी दृष्टिकोण को देश के सभी भागों में अभूतपूर्व स्वीकृति मिली है। यह प्रधानमंत्री मोदी के विकास का लोक केंद्रित मॉडल ही है, जिसने उन्हें आम लोगों का प्रिय बना दिया है। 'मन की बात' कार्यक्रम को अक्टूबर 2014 में लॉन्च किया गया था। वर्षों से यह महीने के अंतिम रविवार के लिए नियत किया गया है। यह एक रेडियो वार्ता के रूप में शुरू हुआ था; लेकिन अब इसे एक साथ विभिन्न प्लेटफार्मों पर कई भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। 'मन की बात' में उनके दो व्यक्तित्व के दो चेहरे उभरते हैं। एक-मजबूत, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री। दूसरा नम्र, दयालु और नेक पिता तुल्य अभिभावक। यदि आप आंख बंद करके 'मन की बात' सुनें, तो आप सोचेंगे कि मोदी जी गांव की चौपाल पर बैठे हैं। लोगों से बातचीत कर रहे हैं। उनकी बातें सुन रहे हैं। उनसे साथ संवाद कर रहे हैं। जहां जरूरत हो वहां ज्ञान भरी सलाह दे रहे हैं या किसी अनुकरणीय कार्य के लिए किसी की तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंग दान करने के फैसले किये थे। मोदी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया। ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनमें जलवायु की विपरीत स्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बधाई देना आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत को दर्शाती हैं और लुटियंस दिल्ली की संकीर्ण सीमाओं से परे हैं। इसी वजह से 'मन की बात' का हर एपिसोड अत्यधिक लोकप्रिय होता है और इसे लाखों प्रतिक्रियाएं मिलती हैं। यह लोगों के साथ प्रतिध्वनित होता है, क्योंकि यह उनकी चिंताओं के बारे में है। 'मन की बात' का पहला एपिसोड तीन अक्टूबर, 2014 को प्रसारित किया हुआ था। यह 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड पूरे करेगा। 'मन की बात' अपनी विषय वस्तु, डिजाइन, बातचीत और आम लोगों तथा समग्र रूप से समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीके के मामले में अद्वितीय है। 262 रेडियो स्टेशनों और 375 से अधिक निजी और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ दुनिया के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क 'ऑल इंडिया रेडियो' के माध्यम से, भारतीय प्रधानमंत्री सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विभिन्नता वाली विशाल आबादी तक पहुंचते हैं। वो लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर ही नहीं बल्कि जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संकट जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी प्रेरित व सक्रिय करते हैं। भारतीय लोक प्रसारक प्रसार भारती 'मन की बात' का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओं और बोलियों में करता है। इनमें 11 विदेशी भाषाएं शामिल हैं। इसका मकसद है 'मन की बात' की देश के सबसे दूरदराज क्षेत्रों से लेकर विदेशों में रहने वाले भारतीयों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। 'मन की बात' भारत का पहला वर्चुअल रूप से समृद्ध रेडियो कार्यक्रम है, जिसे टीवी चैनलों द्वारा एक साथ प्रसारित किया जाता है। दूरदर्शन नेटवर्क के 34 चैनल और 100 से अधिक निजी सैटेलाइट टीवी चैनल इस अभिनव कार्यक्रम को देश भर में प्रसारित करते हैं। फरवरी 2022 से हर महीने विशेषज्ञों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अग्रणी व्यक्तियों के लेखों के साथ एक स्मार्ट तरीके से तैयार पुस्तिका भी प्रकाशित की जा रही है, जो डिजिटल रूप से 60 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचती है। इतने व्यापक प्रभाव के साथ 'मन की बात' को सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है (जो सही भी है)। इस कार्यक्रम को जनभागीदारी से ठोस आधार प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना और कार्यान्वयन, नागरिकों के साथ जुड़ाव और भागीदारी के विचार पर आधारित है। यह कार्यक्रम के नाम से लेकर विषयों की पसंद और लोगों द्वारा सक्रियता से काम करने के आह्वान तक से परिलक्षित होते हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल करते हैं। प्रत्येक एपिसोड व्यक्तियों की परिवर्तनकारी शक्ति में प्रधानमंत्री के अटूट विश्वास के आधार पर तैयार किया जाता है और शासन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री देशभर के लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे हैं। वे इस प्लेटफार्म का देश के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने में उपयोग करते हैं और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी चाहते हैं। 'मन की बात' का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री और देश के नागरिकों के बीच सीधा संपर्क बनाना है। हर महीने प्रधानमंत्री को देशभर से लाखों पत्र मिलते हैं, जिस पर वे कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डालते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का लोगों से टेलीफोन पर बातचीत करना भी कोई असामान्य बात नहीं है। निर्वाचित नेता और जनता के बीच संचार का ऐसा तरीका लोकतंत्र और शासन में लोगों के विश्वास को काफी मजबूत करता है। 'मन की बात' के आठ वर्ष के 99 एपिसोड के सफल बनाने के क्रम में, न केवल महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जनता में जागरुकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, बल्कि उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय हितों को लेकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है। बदलाव लाने वालों की प्रेरक कहानियां इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में से एक हैं। ऐसी कहानियां लाखों अन्य लोगों को भी प्रेरित करती हैं। अपनी शुरूआत से लेकर, 'मन की बात' पूरे देश में समुदायों को शामिल करने वाले सामाजिक आंदोलनों को उत्प्रेरित करने वाले जन आंदोलन के एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दिये गये सामाजिक संदेश कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया ट्रेंड बन जाते हैं और कुछ ही हफ्तों में एक जन आंदोलन बन जाते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'कोविड टीकाकरण' और 'हर घर तिरंगा' इसके कुछ शानदार उदाहरण हैं। हाल ही में 'मन की बात' के 88वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने इलाके में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। कुछ महीनों के भीतर, प्रधानमंत्री का यह संदेश एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया और देश भर में कई अमृत सरोवर तैयार हो गए।

प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत को दर्शाती हैं और लुटियंस दिल्ली की संकीर्ण सीमाओं से परे हैं।

इन दिनों

अनुराग सिंह ठाकुर

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान जगन्नाथ की कथा

पुराणो में इसे धरती का वैकुंठ कहा गया है। यह भगवान विष्णु के चार धामों में से एक है।इसे श्रीक्षेत्र, श्रीपुरुषोत्तम क्षेत्र, शाक क्षेत्र, नीलांचल, नीलगिरि और श्री जगन्नाथ पुरी भी कहते हैं। यहां लक्ष्मीपति विष्णु ने तरह-तरह की लीलाएं की थीं। ब्रह्म और स्कंद पुराण के अनुसार यहां भगवान विष्णु पुरुषोत्तम नीलमाधव के रूप में अवतरित हुए और सबर जनजाति के परम पूज्य देवता बन गये। सबर जनजाति के देवता होने के कारण यहां भगवान जगन्नाथ का रूप कबीलाई देवताओं की तरह है। पहले कबीले के लोग अपने देवताओं की मूर्तियों को काष्ठ से बनाते थे। जगन्नाथ मंदिर में सबर जनजाति के पुजारियों के अलावा ब्राह्मण पुजारी भी हैं। ज्येष्ठ पूर्णिमा से आषाढ़ पूर्णिमा तक सबर जाति के दैतापति जगन्नाथजी की सारी रीतियां करते हैं। पुराण के अनुसार नीलगिरि में पुरुषोत्तम हरि की पूजा की जाती है। पुरुषोत्तम हरि को यहां भगवान राम का रूप माना गया है। सबसे प्राचीन मत्स्य पुराण में लिखा है कि पुरुषोत्तम क्षेत्र की देवी विमला है और यहां उनकी पूजा होती है। रामायण के उत्तराखंड के अनुसार भगवान राम ने रावण के भाई विभीषण को अपने इक्ष्वाकु वंश के कुल देवता भगवान जगन्नाथ की आराधना करने को कहा। आज भी पुरी के श्री मंदिर में विभीषण वंदापना की परंपरा कायम है। स्कंद पुराण में पुरी धाम का भौगोलिक वर्णन मिलता है। स्कंद पुराण के अनुसार पुरी एक दक्षिणवर्ती शंख की तरह है और यह 5 कोस यानी 16 किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। माना जाता है कि इसका लगभग 2 कोस क्षेत्र बंगाल की खाड़ी में डूब चुका है। इसका उदर है समुद्र की सुनहरी रेत जिसे महोदधी का पवित्र जल धोता रहता है। सिर वाला क्षेत्र पश्चिम दिशा में है जिसकी रक्षा महादेव करते हैं। शंख के दूसरे घेरे में शिव का दूसरा रूप ब्रह्म कपाल मोचन विराजमान है। माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा का एक सिर महादेव की हथेली से चिपक गया था और वह यहीं आकर गिरा था

(क्रमशः)

मेरी नहीं, श्री की इच्छा है 'हिन्दवी स्वराज्य'

पुणे से 82 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम दिशा में रोहिडखोरे की भोर तहसील में सह्याद्रि की सुरम्य वादियों के बीच समुद्र तल से लगभग 4694 फीट ऊंचाई पर घने जंगलों के बीच स्थित श्री रायरेश्वर गढ़ (किला) हिन्दवी स्वराज्य प्रतिज्ञा दिवस का साक्षी है। 26 अप्रैल, 1645 को वीर बालक शिवा ने यहीं हिन्दवी स्वराज्य का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा था-यह मेरी नहीं, श्री की इच्छा है। यहां की पर्वत शृंखलाओं के बीच सांय-सांय करती हवा पर कान धरा जाय तो आज भी वीर बालक शिवा की प्रतिज्ञा की वह गूंज सुनी जा सकती है। इस प्रतिज्ञा ने धर्मद्रोही मुगलिया सल्तनत को उखाड़ फेंका था। यहां वह प्राचीन शिवालय आज भी है, जहां शिवा ने अपने कुछ मित्रों के साथ 'स्वराज्य' की शपथ ली। यह वह दौर था जब मुगलिया सल्तनत के अत्याचारों के चलते हिन्दू आत्म विस्मृत हो चला था। उसके मन में यह विचार ही आना बंद हो गया था कि यह भारत भूमि उसकी अपनी है। वह यहां मुगलों की चाकरी क्यों कर रहे हैं? देश में गो-ब्राह्मण, स्त्रियां और धर्म सुरक्षित नहीं रह गया था। हिन्दू समाज को इस अंधकार से बाहर निकालने और उसके मन में एक बार फिर आत्मगौरव की भावना जगाने का संकल्प शिवाजी महाराज ने लिया था। कहा जा सकता है कि हिन्दवी स्वराज्य की संकल्पना का यहीं प्रथम उद्घोष था। यहां सह्याद्रि के रमणीय उतुंग शिखर परमहादेव विराजे हैं। नाना प्रकार के पुष्पों के पौधे एवं लताएं, यहां सघन वन का सौंदर्य बढ़ाती हैं। विविध प्रकार के पक्षियों के कलरव से भी मन का आनंद बढ़ता है। सोच कर हैरान होती है कि एक किशोर अपने साथियों के साथ पुणे से इस दुर्गम पठार पर स्थित शिवालय में संकल्प के लिए आया होगा। उस समय शिवाजी 15-16 वर्ष के किशोर थे। उनके साथ बारह मावल प्रांतों से कान्होजी जेधे, बाजी पासलकर, तानाजी मालुसरे, सूयार्जी मालुसरे, येसाजी कंक, सूयार्जी काकडे, बापूजी मुदगल, नरसप्रभू गुप्ते, सोनोपंत डबीर भी थे। शिवाजी ने श्री रायरेश्वर महादेव के समक्ष इन सिंहसमान महापराक्रमी मावलों के मन को कुछ इस तरह झकझोरा होगा- 'मुगलों की पराधीनता हम कब तक सहेंगे? चंद जागीरों की खातिर हम कब तक धर्म पर घात होने देंगे? गो-ब्राह्मण और स्त्रियों पर अत्याचार आखिर कितने दिन तक सहते रहेंगे? मैं अब यह सब नहीं सह सकता। मैंने एक संकल्प कर लिया है'। शिवाजी की ओजस्वी वाणी से मावलों में एक तरंग दौड़ गई होगी और उन्होंने कहा होगा कि महाराज अपनी इच्छा प्रकट कीजिये। जैसा आप कहेंगे, हम वैसा ही करेंगे। हां, हम वैसा ही करेंगे। मावलों के इस प्रकार के उत्तर से निश्चित ही महाराज उत्साहित हुए होंगे और उन्होंने कहा होगा, तो आओ, हम सब महादेव श्री रायरेश्वर के समक्ष प्रतिज्ञा करें कि 'हम अपना राज्य स्थापित करेंगे। अब से हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना ही हमारे जीवन का एकमात्र उद्देश्य होगा। हम सब प्रकार के कष्ट उठायेंगे, प्रत्येक परिस्थिति में हम एक-दूसरे का साथ देंगे। श्री रायरेश्वर को साक्षी मानकर हम प्रतिज्ञा करते हैं कि स्वराज्य की स्थापना के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर देंगे'। वीर शिवाजी ने 'हिन्दवी स्वराज्य' की संकल्पना में अपने साथियों के विश्वास को और पक्का करने के लिए कहा कि यह मेरी इच्छा नहीं है अपितु 'हिन्दवी स्वराज्य ही श्रींची इच्छा है'। अर्थात यह हिन्दवी स्वराज्य की इच्छा ईश्वर की इच्छा है। ओजस्वी वाणी के कंपन और शुभ संकल्प की ऊर्जा से शिवालय का वातावरण प्रेरक हो गया था। मावलों के मन में यह बात बैठ गई कि हिन्दवी स्वराज्य का सपना किसी एक शिवाजी का नहीं है, यह हम सबका सपना है और हम ईश्वरीय कार्य के काम आनेवाले रणबांकुरे हैं।

लोकेन्द्र सिंह

देश में गो-ब्राह्मण, स्त्रियां और धर्म सुरक्षित नहीं रह गया था। हिन्दू समाज को इस अंधकार से बाहर निकालने और उसके मन में एक बार फिर आत्मगौरव की भावना जगाने का संकल्प शिवाजी महाराज ने लिया था।

बात-बेबात

फोटो की दुनिया

ट्वीट-ट्वीट

डीडी न्यूज़ ✔
@DDNewsHindi

देश के इतिहास में पहली बार की गई 24 लाख से ज्यादा जल स्रोतों की गणना, इसमें से 97.1 प्रतिशत जल स्रोत ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद

फेसबुक वॉल से

प्रयासों की निरंतरता ही एक दिन सफलता दिलाती है

भारतीय संस्कृति की विविधताओं के प्रति मोदी के मन में गहरा सम्मान है इसीलिए जब वह किसी राज्य की यात्रा पर जाते हैं तो वहां की संस्कृति और लोकाचार में रंग जाते हैं। केरल दौरे के दौरान भी प्रधानमंत्री पारम्परिक वेशभूषा में दिखे जिसे हर किसी ने सराहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के दो दिवसीय दौरे के दौरान जहां राज्य की जनता को कई महत्वपूर्ण सौगातें दीं वहीं जनता ने भी मोदी के स्वागत में जिस तरह पलक पांवड़े बिछाये वह दर्शाता है कि भगवान का खुद का देश कहे जाने वाले केरल में भी कमल खिल सकता है। कोच्चि और तिरुवनंपुरम में प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान उनका अभिवादन करने के लिए जिस तरह भीड़ उमड़ी वह कोई राजनीतिक आयोजन नहीं बल्कि जनता की स्वतः स्फूर्त प्रतिक्रिया थी जो अपने उस प्रधानमंत्री को देखने और उनका स्वागत करने उमड़ी थी जोकि बिना किसी भेदभाव के केरल को सारी सुविधाएं दे रहे हैं। केरल में महिलाएं यदि आरती की थाली लेकर प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए खड़ी थीं तो यह दर्शाता है कि विपक्ष दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता पर भले कितने आरोप लगाये लेकिन जनता जानती है कि लोकतंत्र का रखवाला और जनता की सुध लेने वाला नेता कौन है? उपयोग की गयी गाड़ी की कीमत विज्ञापन ढूंढे केरल की जनता ने भले भाजपा की झोली वोटों से नहीं भरी लेकिन प्रधानमंत्री ने इस राज्य के प्रति अपने प्यार में जरा भी कमी नहीं होने दी। बल्कि 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री ने सबसे पहले केरल का ही दौरा किया था और भगवान श्रीकृष्ण गुरुवायुर के मंदिर में पूजन किया था। भारतीय संस्कृति की विविधताओं के प्रति मोदी के मन में गहरा सम्मान है इसीलिए जब वह किसी राज्य की यात्रा पर जाते हैं तो वहां की संस्कृति और लोकाचार में रंग जाते हैं। केरल दौरे के दौरान भी प्रधानमंत्री पारम्परिक वेशभूषा में दिखे जिसे हर किसी ने सराहा। जहां तक प्रधानमंत्री की यात्रा से केरल को मिली सौगातों की बात है तो आपको बता दें कि प्रधानमंत्री ने इस दौरान राज्य की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद केरल सेंट्रल स्टेडियम से कोच्चि वाटर मेट्रो सेवा सहित कई अन्य विकास परियोजनाओं की भी शुरूआत की। हम आपको बता दें कि कोच्चि शहर के साथ निर्बाध संपर्क के लिए बैटरी चालित इलेक्ट्रिक हाइब्रिड नौकाओं के माध्यम से कोच्चि के आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ने वाली यह अपनी तरह की अनूठी परियोजना है। प्रधानमंत्री ने यहां 3200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने तिरुवनंतपुरम, कोझिकोड, वर्कला, शिवगिरी रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और निमोन व कोचुवेली सहित तिरुवनंतपुरम क्षेत्र के व्यापक विकास और तिरुवनंतपुरम-शोरानूर खंड की सेक्शनल गति में वृद्धि की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने तिरुवनंतपुरम में डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला भी रखी। हम आपको बता दें कि डिजिटल साइंस पार्क की परिकल्पना शिक्षाविदों के सहयोग से उद्योग और व्यावसायिक इकाइयों द्वारा डिजिटल उत्पादों और सेवाओं को विकसित करने के लिए एक प्रमुख शोध सुविधा के रूप में की गई है। साथ ही प्रधानमंत्री ने सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में विद्युतीकृत डिंडीगुल-पलानी-पलक्कड़ खंड की आधारशिला भी रखी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने केरल में विभिन्न गिरजाघरों के शीर्ष पादरियों से मुलाकात कर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में इस प्रभावशाली अल्पसंख्यक समुदाय से संपर्क साधने की भाजपा की कोशिशों को और आगे बढ़ाया।

नीरज कुमार दुबे

कोच्चि और तिरुवनंपुरम में प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान उनका अभिवादन करने के लिए जिस तरह भीड़ उमड़ी वह कोई राजनीतिक आयोजन नहीं बल्कि जनता की स्वतः स्फूर्त प्रतिक्रिया थी।

लोकाचार

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

चोरी की बाइकों के साथ सरगना गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

लोहरदगा और रांची जिला के सीमांत स्थित चट्टी पुलिस पिकेट के पास भंडरा पुलिस ने अंतरजिला बाइक चोर सरगना को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरकोपी थाना क्षेत्र के मूरकटी गांव निवासी अर्जुन महतो का 28 वर्षीय पुत्र अशोक महतो के रूप में की गई है। उसके पास से पुलिस ने चोरी की तीन बाइक भी बरामद की है।

थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों ने पुलिस पिकेट के पास चोरी की बाइक के साथ उक्त चोर को खदेड़ कर पकड़ा और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ किये जाने पर उसने अन्य बाईक चोरी की बात कबूल की। पुलिस ने उसके घर से ही दो अन्य चोरी की बाइक बरामद की। बताया जाता है कि लोगों ने जिस चोरी की बाइक को पिकेट के पास देखा था, वह समीप के ही झिको छावनीटोली निवासी लखन उरांव का था। जिसे देखते ही लोगों ने पहचान लिया। ग्रामीणों के अनुसार झीको गांव में मेघु उरांव के घर रात में बारात आई हुई थी। यहीं से चोर ने बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इससे स्थानीय लोग आक्रोशित थे।

अंचल कोर्ट में जमीन संबंधी आए 3 मामले

गिद्धौर(चतरा)। मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में अंचल कोर्ट का आयोजन सीओ जयशंकर पाठक के नेतृत्व में किया गया। इसमें जमीन संबंधी तीन मामले आये। पहला मामला द्वारी गांव के मलीमा खातून बनाम यूनुस मियां का आया। जिसमें अंचलाधिकारी ने दोनों पक्षों के कागजात की जांच कर सुनवाई समाप्त किया। जबकि दूसरा मामला द्वारी गांव के ही जयराम यादव बनाम तेको महतो व तीसरा मामला मारंगी गांव के राम रोहन बैठा बनाम कमलेश रजक के बीच आया। जिसमें अंचलाधिकारी ने दोनों पक्षों के कागजात देख सुनवाई की और अगली तारीख दी। कोर्ट में कर्मियों के साथ पक्षकार उपस्थित थे।

चंदवा की 'निर्भया' के अभियुक्तों का केस वकीलों से नहीं लड़ने की अपील

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

चंदवा थाना अंतर्गत हाका गांव में चौथी कक्षा की दस साल की एक मासूम दलित नाबालिग छात्रा के साथ पांच लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद नृशंस हत्या कर दी। इस संबंध में बालूमाथ निवासी पत्रकार सह समाजसेवी जावेद अख्तर ने लातेहार जिला बार एसोसिएशन को लिखे एक आवेदन में इस केस को नहीं लड़ने की अपील की है। बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजमणि प्रसाद से मिलकर दिए गए आवेदन में जावेद अख्तर ने कहा है कि इस प्रकार के कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

चंदवा पुलिस द्वारा इस सामूहिक दुष्कर्म और हत्या में शामिल सभी पांचों आरोपियों को पॉक्सो एक्ट सहित अन्य भादवि की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेजा गया है। इस तरह के अमानवीय कृत्य करने वाले आरोपियों को कभी माफ नहीं किया जा सकता है। अख्तर ने कहा कि इन आरोपियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। यह मानवता को शर्मसार करने वाली एक जघन्य अपराध है। ऐसे आरोपियों की मदद नहीं करनी चाहिए। आवेदन के अंत में जावेद अख्तर ने अनुरोध करते हुए अध्यक्ष राजमणि प्रसाद से कहा कि इस मामले को संज्ञान में लेते हुए बार एसोसिएशन यह निर्णय ले कि ऐसे दुष्कर्मियों का कोई भी वकील पैरवी नहीं करे और ना ही किसी भी अभियुक्त का कोई भी अधिवक्ता वकालतनामा लगाए।

NEWS इन ब्रीफ

राज्य स्तरीय टीम ने की सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच

मयूरहंड(चतरा)। मंगलवार को मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चौरीया से दुब्बी भाया उपरौंध सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच राज्य क्वालिटि मोनेटर चंद्रदेव के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान सड़क कटाई कर वाटर लेबल के अलावा, प्रीमिक्सिंग मटेरीयल की जांच की गई। ताकि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण संपन्न करवाया जा सके। सड़क निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करवाई जा रही है। सड़क निर्माण से चौरीया, बनहा, बेलखोरी के अलावा कई अन्य गांवों के लोग लाभांवित हो रहे हैं। जांच के दौरान कनिय अभियंता ग्रिंदर कुमार शर्मा आदि शामिल थे।

परियोजना प्रबंधन के साथ की भूमि संबंधित मामलों की समीक्षा

टंडवा (चतरा)। अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल व एसडीओ सुधीर दास सीओ विजय दास के साथ टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित मगध परियोजना क्षेत्र के मासिलौंग व आम्रपाली कोल परियोजना के मनवाटोंगरी का दौरा मंगलवार को किया। इस दौरान परियोजना विस्तारीकरण तथा कोल उत्खनन से पड़ने वाले प्रभावों का जायजा लिया। वहीं संचालित विभिन्न परियोजनाओं के विस्तारीकरण में भूमि संबंधित विवादों के निपटारा हेतु कंपनियों के प्रतिनिधियों तथा अंचल के राजस्व कर्मियों के साथ अंचल सभागार में बैठक कर वर्तमान वस्तुस्थि से अधिकारी अवगत हुए। इसके पूर्व मौजूद टाना समुदाय के लोगों द्वारा किए गए प्रार्थना सभा में सभी ने भाग लिया।

मंत्री, विधायक व प्रतिनिधियों ने कई विषयों को लेकर सुझाव दिए

डीसी की अध्यक्षता में डीएमएफटी की शासी समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की शासी समिति की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से पूर्व में प्राप्त पत्रांक के आलोक में आपत्तियों के निराकरण हेतु, डीएमएफटी रूल के अंतर्गत प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत योजनाओं की स्वीकृति की स्तिथि एवं डीएमएफटी गाइडलाइन के अनुरूप पाये गए पारित व स्वीकृत प्रस्तावों को शासी परिषद की बैठक में अनुमोदन हेतु रखा गया।

डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता ने डीएमएफटी मद से किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी एवं सभी सदस्यों से सहमति एवं सुझाव देने को कहा। साथ हीं पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में अब तक किए गए अनुपालन की भी जानकारी दी। बैठक में पूर्व से संचालित परियोजनाओं की प्रगति प्रतिवेदन की बिंदुवार तरीके से जानकारी दी गई। वहीं अनुमोदन के लिए प्रस्तावित योजनाओं को एक-एक कर प्रस्तुत किया गया। साथ हीं वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक कार्य योजना पर भी चर्चा करते हुए शासी परिषद द्वारा सर्वसम्मति जिले के सभी 6 अस्पतालों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहां टीबी वार्ड निर्मित है वहां आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति करने, शेष सीएचसी में मॉडल चाइल्ड वार्ड निर्माण का विस्तार, अस्पतालों में शुद्ध पेयजल हेतु कुलिंग आरओ सिस्टम का अधिष्ठापन, गंभीर बिमारियों के ईलाज की व्यवस्था। सदर अस्पताल, रेफरल अस्पताल सिमरिया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टंडवा, हंटरगंज एवं इटखोरी में ट्रामा सेंटर निर्माण, सदर अस्पताल के नए एवं पुराने परिसर में मॉडल ओटी निर्माण, टेलीमडिसिन व टेलेकॉन्सलटेंशन की व्यवस्था, स्वास्थ्य केन्द्रों की मरम्मति, सुदृढीकरण, उपकरण की व्यवस्था, सभी प्लस 2 मॉडल विद्यालयों में आवश्यक उपस्कर, उपकरण, पुस्तकों, सोलर सिस्टम व साइंस लैब आदि की व्यवस्था, विद्यालयों में आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, खेल मैदान का उन्नयन, सुदृढीकरण एवं स्टेडियम निर्माण, जिले के प्रतिभावान छात्रों के लिए सिविल सर्विस प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु जिला स्तर पर अतिरिक्त बैच तथा सिमरिया अनुमण्डल मुख्यालय में कोचिंग की व्यवस्था, सभी प्रखण्डों में कंप्यूटर ट्रेनिंग कोचिंग की व्यवस्था, विद्यालयों में खेल सामग्री की व्यवस्था, सभी बीआरसी में सोलर एनर्जी सिस्टम का अधिष्ठापन, सभी मध्य, उच्च व प्लस 2 विद्यालय के छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड एवं संबंधित उपकरणों की व्यवस्था, मॉडल आंगनबाडी केन्द्रों के निर्माण हेतु भवनों का सुदृढ़ीकरण, मरम्मति, सिविल कार्य, बाला पेंटिंग कराया जाना, अल्पसंख्यक छात्रावास (बिण्ड मुहल्ला) चतरा का शेष मरम्मति कार्य, दिव्यांगों के लिए आवश्यक उपकरण की व्यवस्था, श्रमिकों को प्रशिक्षण के साथ किट की व्यवस्था, समुदायिक कौशल विकास-सह-प्रशिक्षक केन्द्र का निर्माण हेतु चयनित स्थलों का अनुमोदन, ग्रामीण सरकारी हाट-बाजार का उन्नयन, पैक्स में 10 एमटी सोलर कोल्ड स्टोरेज निर्माण का प्रस्ताव परीत किया गया। बैठक में मंत्री, विधायक एवं प्रतिनिधियों द्वारा पेयजल, प्रदूषण समेत अन्य कई विषयों को लेकर सुझाव दिए गए। वहीं श्रम मंत्री सत्यानंद भेक्ता ने जिला प्रशासन के कार्यों की सराहना की।

बैठक में मुख्य रूप से श्रम मंत्री के साथ सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर,डीएफओ उत्तरी, दक्षिणी समेत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी समिति के सभी सदस्य एवं संबंधित पदाधिकारी एवं सांसद सुनील सिंह ऑनलाइन माध्यम से शामिल थे।

दस्तावेज नवीस संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

लातेहार। दस्तावेज नवीस संघ की मंगलवार को बैठक हुई। इसमें दस्तावेज नवीस संघ के कई सदस्य उपस्थित थे। बैठक में जिला अवर निबंधन पदाधिकारी के क्रियाकलाप तथा पक्षपातपूर्ण रवैये पर विचार विमर्श किया गया। वहीं निबंधन पदाधिकारी द्वारा भूमि बिक्री करने वाले तथा खरीदने वालों को हो रहे परेशानी पर भी विचार किया गया।

बैठक में सभी बिंदुओं पर विचार करते हुए संघ के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 26 अप्रैल से अनिश्चितकालीन भूमि दस्तावेज लेखन कार्य बंद रहेगा। वहीं बताया गया कि आए दिन निबंधन पदाधिकारी द्वारा रजिस्ट्रेशन अधिनियम के विरुद्ध कुछ न कुछ नियम दस्तावेज नविस को थोपा जा रहा है, जिससे भूमि निबंधन का कार्य नहीं हो पा रहा है।

वहीं विक्रेता तथा खरीदार समेत कई लोग परेशान हो रहे हैं तथा बिना कार्य किए घर वापस लौटने को मजबूर हो रहे है। बैठक में मो. मुस्तकिम, कामेश्वर तिवारी, मो. बक्सू, सजमुल हुसैन, दिलीप सिन्हा, सईद अनवर, ओम प्रकाश तिवारी, विपिन ठाकुर, संदीप चौधरी, शोभा सिंह, असगर हुसैन, सतीश कुमार सिंह, भुनेश्वर राम, आशीष कुमार, अमलेश कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

चार सड़क दुर्घटनाओं में 7 घायल, 2 रिम्स रेफर

नवीन मेल संवाददाता। बालुमाथ

पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना में चार अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 7 लोग घायल हो गए। पहली घटना बालूमाथ मैक्लुस्की के तेतरियाखाड़ नगड़ा ग्राम के पास जानवर को बचाने में तेतरियाखाड़ सीसीएल कर्मचारी पवन कुमार पांडेय हजारीबाग निवासी घायल हो गए। वहीं बालुमाथ पाकी मार्ग पर हाई स्कूल के समीप बाइक दुर्घटना मं रहमत नगर बालुमाथ निवासी इरफान आलम के दो वर्षीय उमैरा प्रवीण घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स भेजा गया है। वहीं बालुमाथ चतरा मुख्य मार्ग बारिखाप अस्पताल के पास बाइक दुर्घटना में रांची ईटकी निवासी जोश केरकेट्टा, आनंद कश्यप एवं अनुरंजन सारस घायल हो गए। इनमें जोश केरकेट्टा को रिम्स रेफर किया गया। वहीं बालुमाथ छठ तलाब के समीप बाइक अनियंत्रित होने से कमलेश उरांव की पत्नी शिला देवी व पुत्री सुलेखा कुमारी घायल हुई हैं। वह टेमकी लातेहार निवासी है।

बाइक दुर्घटना में भाई -बहन घायल

बरवाडीह। बरवाडीह - पुटुवागढ़ मार्ग पर चमरडीहा में मंगलवार को दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दो भाई -बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायल ललू भुइयां और उसकी बहन पूजा कुमारी का बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया। प्रभारी डॉक्टर आशीष रंजन ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को पीएमसीएच मेदिनीनगर अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल ललू भुइयां के सिर में गंभीर चोट लगी है।

शिक्षकों व अभिभावकों के साथ की गई बैठक

नवीन मेल संवाददाता। बारियातु

प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विधालय परिसर में मंगलवार को प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रघुनंदन राम की अध्यक्षता में शिक्षकों व अभिभावकों की बैठक हुई। प्रधानाध्यापिका अनिता देवी ने बताई कि बैठक में वार्षिक परीक्षा के तिथियों की जानकारी, लू एवं गर्म हवाओं की जानकारी एवं माता पिता की जिम्मेदारी, वार्षिक परीक्षा में सभी बच्चों की उपस्थिति, नए शैक्षणिक सत्र की जानकारी, अगले शैक्षणिक सत्र में विधालय के पोषक क्षेत्र में सर्वे के अनामांकित एवं दिक्षित बच्चों की जानकारी प्रदान करना एवं नामांकन हेतु आवश्यक समिति तैयार करना, विधालय विकास में सामुहिक सहयोगसहित कई बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। मौके पर विधालय प्रबंधन समिति के सचिव अकिता देवी, शिक्षक राजेश्वर सिंह, एलिजाबेद मिंज,अभिभावक सुषमा देवी, अनिता देवी, प्रमिला देवी, देवंती देवी, रूबी देवी, मिना देवी, बजरंगी साव आदि मौजूद थे।

वज्रपात से एक महिला व दुधारू पशु की मौत

कैरो। प्रखंड क्षेत्र में ठनका गिरने से एक महिला और एक गर्भवती दुधारू पशु की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नरौली गांव निवासी 16 वर्षीय मैरून खातून पिता सकुर अंसारी अपने परिवार के साथ खेत में रोपाई करने गये थे। दोपहर लगभग ढाई बजे तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुई, जिससे मैरून खातून बेहोश हो गई। उसे 108 एंबुलेंस से लोहरदगा भेजा गया परंतु उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं वज्रपात से टाटी गांव निवासी धधुवा उरांव की भैंस की मौत हो गई। किसान धधुवा उरांव ने बताया कि घर के सामने पेड़ के पास भैंस को बांधकर चारा देकर घर आये ही थे कि आंधी के साथ बारिस हुई। तेज गर्जन के साथ एक ही स्थान पर दो बार आसमानी बिजली गिरी, जिससे भैंस की मौत हो गई।

जॉब कार्डधारियों को काम पर लगाएं

लोकपाल ने रोजगार सेवकों के साथ की समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता। बारियातु

प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मनरेगा लोकपाल संतोष कुमार पंडित ने मंगलवार को रोजगार सेवकों के साथ रजिस्टर सात के आलोकन को लेकर बैठक की। उनहोंने ने संबंधित रोजगार सेवकों से रजिस्टर सात की बारी-बारी से समीक्षा की।

इस दौरान रजिस्टर के आलोकन से असंतुष्ट हो कर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कुछ त्रुटिपूर्ण रजिस्टर का एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली और कहा कि गांव के जॉब कार्डधारियों को हर हाल में काम पर लगाएं। आगे कहा कि मनरेगा योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के पश्चात डाढ़ा पंचायत के रत्नादाग पहुंचे जहां संचालित मनरेगा योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगाए गए रामपति उरांव के आम बागवानी का निरीक्षण किया। इस क्रम में संबंधित लाभुक मेट एवं रोजगार सेवक को कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर बीपीओ रवी कुमार यादव, रोजगार सेवक नईम खान, संतोष कुमार यादव, राजदेव सिंह, आजाद वर्मा, अविनाश पाठक, रेखा कुमारी उपस्थित थे।

महिला के साथ मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

बरवाडीह। प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरु गांव में मारपीट के आरोपी बलदेव उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बालदेव उरांव पिता स्वर्गीय सोमर उरांव चुंगरु का रहने वाला हैद्ध वह तीन दिन पूर्व पूर्व महुआ चुनने को लेकर हुए विवाद में गांव की ही महिला उर्मिला देवी पति राजकुमार सिंह के घर में घुसकर उसको बुरी तरह मारपीट कर जख्मी कर दिया था और शरीर में जगह-जगह दांत से काट दिया था। घटना के बाद घायल महिला को ग्रामीणों के सहयोग से नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में इलाज के लिए भेजा गया था। आवेदन पर कारवाई करते हुए आरोपी बालदेव उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

आयोजन | जिला पार्षद की हुई मासिक बैठक

जिप उपाध्यक्ष ने उठाए कई मुद्दे

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

लातेहार जिला उपाध्यक्ष अनीता देवी ने मासिक जिला पार्षद की लातेहार सभागार में मासिक बैठक कर बालूमाथ के कई ज्वलंत विकास मुद्दे को रखा है।

बता दें कि उपाध्यक्ष अनीता देवी जो बालूमाथ पश्चिमी जिला पार्षद से निर्वाचित हुई जिन्होंने बतलाया की क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई विकास योजनाओं का चिन्हित कीं थी। जो इन योजनाओं का होना ग्रामीणों द्वारा बहुत ही अति आवश्यक बताया जा रहा है। अति आवश्यक योजनाएं तो बहुत सारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाई गई हैं।इस बैठक में कुल 25 योजनाओं को रखा गया। जिसमें मुख्य रुप से जिला पार्षद भूमिका सीमांकन कर पिलर देने, बालूमाथ प्लस टू विद्यालय की भूमि का सीमांकन दान पत्र के आधार पर करने, धाधु विद्यालय में ट्रांसफार्मर लगाने, प्रखंड में यथाशीघ्र वाटर सप्लाई करने, कोमर ग्राम अनुसूचित जाति टोला में शौचालय निर्माण कराने, जैसे 25 योजनाओं का नाम शामिल है।

शहर में किया जाएगा दवा का छिड़काव

लातेहार। शहर में मच्छर के बढ़ते प्रकोप को लेकर फॉगिंग मशीन से दवा का छिड़काव होगा। वहीं 30 अप्रैल को वार्ड नंबर पांच डुडवा, 2 मई को वार्ड नंबर छह डुडवा, 3 मई को वार्ड नंबर 11 में मंडल कारा लातेहार, 4 मई को वार्ड नंबर सात लातेहार, 5 मई को वार्ड नंबर आठ लातेहार, 6 मई को वार्ड नंबर 9 लातेहार, 7 मई को वार्ड नंबर दस तापाखास व गिजनियताड़, 8 मई को तापाखास व चन्दनडीह, 9 मई को वार्ड नंबर 12 अमवाटिकर, 10 मई को वार्ड नंबर 13 अमवाटिकर पहाडपुरी में छिड़काव होगा, जबकि 11 मई को वार्ड नंबर 14 चन्दनडीह, 12 मई को वार्ड नंबर 15 धर्मपूर, 13 मई को सभी पदाधिकारियों के आवासीय कार्यालय में दवा का छिड़काव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दवा छिड़काव करने पहुंचे कर्मियों को मदद करें और अपने घरों की खिड़कियां दरवाजे को खुला रखें। इस दौरान खाने-पीने की वस्तुएं को ढक कर रखें।

बस पड़ाव की जमीन पर धड़ल्ले से किया जा रहा है अवैध निर्माण

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

एनएच स्थित जिला परिषद द्वारा संचालित सरकारी बस पड़ाव की खाली जमीन पर अतिक्रमण कर धडल्ले से अवैध निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य इतनी तेजी से कराया जा रहा है, कि देखते ही दर्जनों पिलर खड़े हो गए हैं। यही नहीं हाल ही में जिला परिषद द्वारा निर्मित स्लैब से ढकी नाली पर भी दीवार खडा किया जा रहा है।

ज्ञात हो की जिला परिषद द्वारा बस पड़ाव में बनाये गए दुकानों के लिए स्थानीय नागरिकों के अनुरोध पर नाली व अन्य निर्माण के लिए खाली जगह छोड़ी गई थी।जिसपर आगे चलकर स्लैब से ढँकी नाली का निर्माण के बाद भी रास्ते के लिए जिला परिषद की जमीन खाली रखा गया था। जिला परिषद बस पड़ाव के बगल में व्यक्ति का कुछ डिस्मिल जमीन है। उसी जमीन पर निर्माण के आड़ में जिला परिषद के जमीन पर धडल्ले से अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जब इस अतिक्रमण और अवैध निर्माण का विरोध किया तो अवैध निर्माण करा रहे व्यक्ति लड़ने भिड़ने पर उतारू हो जा रहा है। बालूमाथ के स्थानीय नागरिकों ने जिला उपायुक्त व जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी से मामले पर संज्ञान लेते हुए पहल करने व अवैध रूप से हो रहे निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आहवान किया है। शिकायत मिलने पर अंचलाधिकारी आफताब आलम ने सोमवार को जिला पार्षद बस स्टैंड स्थित निर्माण स्थल पहुंच निर्माण कार्य को रोक दिया गया। निर्माण कर रहे व्यक्ति से जमीन के कागजात के साथ अंचल कार्यालय बुलाया गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

पीएम ने तिरुवनंतपुरम से वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को तिरुवनंतपुरम रेलवे स्टेशन से केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। राज्य को अपनी पहली वंदे भारत ट्रेन मिलने का उत्साह पिछले एक सप्ताह से चर्चा में है। ट्रेन की पहली व्यावसायिक सेवा बुधवार को कासरगोड से शुरू होगी और 7 घंटे 50 मिनट में तिरुवनंतपुरम पहुंचेगी। तिरवनंतपुरम से कासरगोड के लिए पहली सेवा गुरुवार से शुरू होगी। ट्रेन कोल्लम, कोट्टायम, त्रिशूर, शोरनूर, कोझिकोड और कन्नूर में रुकेगी और कासरगोड में समाप्त होती है।

3 मई को ज्ञानवापी के 7 मामलों की सुनवाई

वाराणसी। ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े सातों मामलों को एक साथ किया जाएगा या अलग से सुना जाएगा, इस पर वाराणसी के जिला न्यायाधीश की अदालत अगली सुनवाई करेगी।

सीएम योगी को जान से मारने की धमकी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी गई है। यह संदेश यूपी 112 व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजा गया है। पुलिस ने कहा कि सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। ऑपरेशन कमांडर डायल 112 के इंस्पेक्टर सहेंद्र कुमार ने कहा कि एक कॉलर ने एक संदेश भेजा कि वह मुख्यमंत्री योगी को मार डालेगा। संदेश मिलते ही पुलिस ने एडीजी, कानून व्यवस्था और एडीजी, इंटेलिजेंस सहित वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया।

मिल कर काम करेंगे भारत-चीन

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख से संबंधित शेष मुद्दों के समाधान को लेकर सैन्य स्तर की वार्ता के दौरान गहन चर्चा हुई। इस दौरान दोनों पक्ष अहम मुद्दों पर मिलकर काम करने को लेकर सहमत हो गए हैं। चीन के रक्षा मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी बयान में कहा गया है कि भारत और चीन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बीच हाल ही में बातचीत हुई। इस दौरान पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी गतिरोध से जुड़े मुद्दों के समाधान को तेज पर सहमति जताई है। साथ ही वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति बनाए रखने के लिए कहा है। पूर्वी लद्दाख के शेष विवादित मुद्दों को हल करने के लिए भारत और चीन के बीच रविवार को कोर कमांडर स्तर की 18वें दौर की वार्ता हुई थी। यह बैठक पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी क्षेत्र की ओर स्थित चुशुल-मोल्डो सीमा केंद्र पर हुई। चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू की प्रस्तावित भारत यात्रा से पहले यह बैठक हुई है जो शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्री स्तर की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने यहां आएंगे। यह बैठक भारत की अध्यक्षता में हो रही है।

दोनों पक्ष अपने-अपने विचारों पर स्पष्ट

पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच प्रासंगिक मुद्दों पर विचारों का स्पष्ट आदान-प्रदान हुआ है। दोनों पक्षों ने सैन्य एवं राजनयिक चैनलों के माध्यम से निकट संपर्क और संवाद बनाए रखने और शेष मुद्दों के परस्पर स्वीकार्य समाधान पर काम करने को लेकर सहमत जताई है।

सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पड़ोसी से जुड़ना मुश्किल : जयशंकर

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे पड़ोसी से जुड़ना मुश्किल है जो भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है। जयशंकर, जो इस समय उत्तर और दक्षिण अमेरिका के अपने चार देशों के दौरे पर पनामा में हैं, ने उम्मीद जताई कि एक दिन ऐसा वक्त आएगा, जब पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगा। पनामा के अपने समकक्ष के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान, मंत्री ने कहाः हमारे लिए एक ऐसे पड़ोसी के साथ जुड़ना बहुत मुश्किल है जो हमारे खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है। हमने हमेशा कहा है कि उन्हें सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करने की प्रतिबद्धता को पूरा करना होगा। हमें उम्मीद है कि एक दिन हम उस मुकाम पर पहुंचेंगे। यात्रा के हिस्से के रूप में, जयशंकर ने पहले गुयाना का दौरा किया, जिसके बाद वो पनामा गए। उनका कोलम्बिया (25-27 अप्रैल) और डोमिनिकन गणराज्य (27-29 अप्रैल) में रुकने का भी कार्यक्रम है।

कर्नाटक चुनाव : प्रियंका व शाह का हाई वोल्टेज प्रचार

एजेंसी। बेंगलुरू

कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के करीब पहुंचने के साथ ही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को राज्य में अपनी-अपनी पार्टियों के लिए प्रचार करेंगे। जहां प्रियंका गांधी दक्षिण कर्नाटक पर ध्यान केंद्रित करेंगी, वहीं शाह उत्तर कर्नाटक क्षेत्र में प्रचार करेंगे। कांग्रेस महासचिव का यह दौरा पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के हावेरी जिले के हंगल शहर के दौरे के एक दिन बाद हो रहा है। इसमें उन्होंने मतदाताओं से चुनाव में भाजपा को 40 से अधिक सीटें नहीं देने की अपील की थी। आंतरिक सर्वेक्षणों और भाजपा में विद्रोह से उत्साहित कांग्रेस सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है। पार्टी कर्नाटक में जीत हासिल कर 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भी गति पकड़ना चाहती है। प्रियंका गांधी मैसूर और चामराजनगर जिलों में प्रचार करेंगी। मैसूरु जिले की वरुणा सीट पर विपक्ष के नेता सिद्धारमैया और राज्य के आवास मंत्री वी. सोमन्ना के बीच कड़ा मुकाबला है। सोमन्ना चामराजनगर से भी चुनाव लड़ रहे हैं। प्रियंका गांधी टी. नरसीपुर के यलवाराहुंडी में जनसभा में हिस्सा लेंगी और बाद में चामराजनगर के हनूर शहर के गौरीशंकर हॉल में महिलाओं से बातचीत करेंगी। शाम को वह के.आर. नगर विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल रैली को संबोधित करेंगी। इसके बाद प्रियंका जुलूस में हिस्सा लेंगी।

पहली वॉटर मेट्रो का पीएम मोदी ने कोच्चि में किया लोकार्पण

एजेंसी। कोच्चि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केरल में भारत की पहली 'वॉटर मेट्रो रेल सेवा' का लोकार्पण किया। ये सेवा ऐसे शहरों के लिए बेहद उपयोगी मानी जा रही है, जहां पारंपरिक मेट्रो रेल में कई बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से लोगों के जीवन में सुधार आएगा और लोगों के जीवन में उत्थान से देश का उत्थान होगा।

खासियतें

- कोच्चि वॉटर मेट्रो शहर के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में अहम साबित होगी। करीब 1,136 करोड़ रुपये की परियोजना को केरल के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट कहा जा रहा है। यह शहर में सार्वजनिक परिवहन व पर्यटन के जरिये आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकेगा।
- वॉटर मेट्रो कोच्चि व आस-पास के दस द्वीपों के बीच शुरू हो रही है। पहले चरण में कोच्चि वॉटर मेट्रो हाई कोर्ट-वाइपिन टर्मिनल और विट्टिला-कक्कनाड टर्मिनल के बीच शुरू होगी।
- वॉटर मेट्रो पर सफर के लिए न्यूनतम किराया 20 रुपये है, जो लोग नियमित यात्री होंगे वह बस या लोकल ट्रेन की तरह साप्ताहिक और मासिक पास भी ले सकते हैं। बता दें, साप्ताहिक किराया 180 रुपये, जबकि मासिक 600 रुपये वहीं, त्रैमासिक किराया 1,500 रुपये होगा। इतना ही नहीं यात्री कोच्चि मेट्रो ट्रेन और वॉटर मेट्रो में एक ही स्मार्ट कार्ड का इस्तेमाल कर सफर कर सकेंगे। टिकट बुक करने के लिए आप कोच्चि वन ऐप का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- वॉटर मेट्रो के रूप में चलाई जाने वाली बोट्स को कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है। इस प्रोजेक्ट को केरल की सरकार ने जर्मनी की केएफडब्ल्यू के साथ मिलकर फंड किया है। करीब 1,137 करोड़ रुपये इस पर खर्च हुए हैं।
- वॉटर मेट्रो की शुरूआत पहले 8 इलेक्ट्रिक हाइब्रिड बोट्स से होगी फिर बाद में इनकी संख्या बढ़ा दी जाएगी।
- मेट्रो ट्रेन की तरह यह पूरी तरह वातानुकूलित होंगी और रोजाना 15 मिनट के अंतराल पर 12 घंटे तक सेवाएं देंगी।

शिक्षक भर्ती घोटाला

सीबीआई ने तृणमूल विधायक को किया तलब

एजेंसी। कोलकाता

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस के विधायक तापस साहा को इस सप्ताह कोलकाता स्थित अपने कार्यालय में तलब किया है। सूत्रों ने कहा कि पिछले सप्ताह उनके आवास पर छापे और तलाशी अभियान के दौरान केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए। इसी तरह के दस्तावेज उनके पूर्व निजी सहायक प्रोबीर कोयल और उनके करीबी सहयोगी इति साहा के आवासों से जब्त किए गए थे। सूत्रों ने बताया कि अब साहा को केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए दस्तावेजों पर पूछताछ के लिए इस सप्ताह तलब किया गया है। सीबीआई ने पहले ही 2022 की शुरूआत में कोयल के एक विशेष बैंक खाते से 2 करोड़ रुपये के बैंक लेनदेन का पता लगा लिया था। एजेंसी इसके लिए संबंधित बैंक अधिकारियों से संपर्क कर चुकी है। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी दो बिंदुओं को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। पहला यह कि क्या इतना बड़ा लेन-देन वास्तव में करोड़ों रुपये के घोटाले की आय थी और दूसरा यह कि क्या साहा ने वास्तव में अपने पूर्व निजी सहायक को इस तरह की वसूली में सबसे आगे इस्तेमाल किया था। कयाल के नाम पर विशेष बैंक खाते के अलावा, सीबीआई के अधिकारियों ने उसके और उसके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों का विवरण भी मांगा है।

केजरीवाल की सुरक्षा में चूक, नो फ्लाई जोन में उड़ता दिखा ड्रोन

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। सीएम केजरीवाल के घर के पास ड्रोन उड़ता दिखा है। एक शख्स नो फ्लाई जोन में ड्रोन उड़ाता दिखा। इसके बाद पुलिस ड्रोन उड़ाने वाले शख्स की तलाश में जुटी गई है। इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस का कहना है कि अभी वेरीफाई कर रहे हैं। सीएम आवास के पास ड्रोन उड़ने की जानकारी मिली है लेकिन उसको अभी वेरीफाई किया जा रहा है कि उसमें कितनी सच्चाई है। गौरतलब है कि एक साल पहले भी सीएम अरविंद केजरीवाल के घर पर सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था। तब आप नेताओं ने केजरीवाल के घर पर हमला करने का आरोप लगाया था। इस दौरान सीसीटीव कैमरे और सिक्योरिटी बैरियर और गेट पर लगे बूम बैरियर भी तोड़ दिए गए थे। इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस ने पहले बताया था कि बीजेपी युवा मोर्चा के करीब 150-200 कार्यकताओं ने सीएम आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। यह प्रदर्शन केजरीवाल के द कश्मीर फाइल्स फिल्म को लेकर विधानसभा में दिए बयान के खिलाफ रखा गया था। इसके कुछ घंटे बाद कुछ प्रदर्शनकारी बैरिकेड तोड़कर सीएम आवास के बाहर तक पहुंच गए थे।

पीएफआई के 17 ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को एक मामले में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के देश भर में 17 ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी बिहार, यूपी, पंजाब और गोवा राज्यों में जारी रही। गृह मंत्रालय ने 28 सितंबर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और इसके आठ सहयोगियों को पांच साल के लिए गैरकानूनी घोषित करते हुए पाबंदी लगा दी थी। यह पाबंदी एनआईए, ईडी और विभिन्न राज्य पुलिस बलों द्वारा पीएफआई पर समन्वित राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के तुरंत बाद लगाई गई। 2019 में, उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के कुछ हिस्सों में सीएए विरोधी प्रदर्शनों में कथित रूप से शामिल होने के लिए पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।

पीएफआई पर केंद्र सरकार का प्रतिबंध आतंक पर केंद्रित कई मामलों पर लगाया गया था, इसमें आतंकी फंडिंग और प्रशिक्षण भी शामिल है। नतीजतन, पिछले कुछ दिनों में इसके सैकड़ों नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।

FILMY हलचल

ओटीटी पर रिलीज होगी सलमान की 'किसी का भाई किसी की जान'

बॉलीवुड के 'भाईजान' यानी अभिनेता सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आ रही है,

जिसमें कहा जा रहा है कि यह फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। सलमान खान काफी समय से अपनी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर सुर्खियों में थे। उन्होंने ईद के मौके पर इस फिल्म को रिलीज कर फैंस को ईदी दी, लेकिन कमाई के मामले में यह फिल्म फीकी दिख रही है। अब खुद सलमान खान ने इस बात का इशारा दिया है कि फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा।

सैयामी खेर एक बार फिर गुलजार के साथ करेंगी काम

मशहूर लेखक-निर्देशक-गीतकार गुलजार के साथ बॉलीवुड में अपनी पहली फिल्म 'मिर्ज्या' में काम कर चुकीं एक्ट्रेस सैयामी खेर अपनी अपकमिंग फिल्म '8 एएम मेट्रो' में एक बार फिर से अपने उस्ताद के साथ काम करेंगी। राज आर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में गुलशन देवैया भी हैं और इसमें गुलजार की कविताएं हैं। फिल्म में एक्ट्रेस गुलजार की कविताएं सुनाती नजर आएंगी। अनुभवी कलाकार के साथ फिर से काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, '8 ए.एम. मेट्रो' एक खूबसूरत कहानी है और इसे गुलजार साहब की शायरी से सजाया गया है। उनकी कविताएं फिल्म में जान डाल देती हैं। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे उन कविताओं को बोलने का मौका मिला है।

प्रियंका चाहर पर लगा ब्रांडेड कपड़े चुराने का आरोप

'बिग बॉस 16' फेम एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी पर चोरी का आरोप लगा है। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है। मशहूर डिजाइनर इशिता ने दावा किया है कि प्रियंका ने उनके ब्रांडेड कपड़े चुराए और उनका स्टाइल भी कॉपी किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका चाहर चौधरी ने कुछ दिन पहले अपने इंस्टा हैंडल पर बेज रंग का रफल्ड लहंगा पहने कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। इशिता ने तब दावा किया था कि ये उनके ब्रांड के कपड़े हैं, जो उन्होंने विशेष रूप से डिजाइन किए हैं। इसके बाद इशिता ने ट्वीट कर प्रियंका चाहर पर आरोप लगाया, लेकिन बाद में उन्होंने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया। इशिता ने फिर ट्वीट किया और लिखा, "वह सोचती है कि वह मेरी तरह दिखने या मेरे क्लोन की तरह कपड़े पहनने की कोशिश करके मेरे जैसी बन सकती है। हां, शायद एक पुनर्जन्मों के बाद। उसने मेरे 30 हजार पाउंड के कपड़े चुरा लिए। मैंने कुछ नहीं कहा। एक अन्य ट्वीट में इशिता ने लिखा, "मैंने उससे कहा क्योंकि उसने कपड़े चुराए हैं, लेकिन पता नहीं दुश्मन कौन है। मैं अभी उस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी। अगर वह मेरे ब्लॉक करने के बाद भी मुझे स्टॉक और कॉपी करती है, तो यह उसकी समस्या है।

अभ्यास

भारत-अमेरिका की वायु सेनाओं का 'कोप इंडिया अभ्यास' पूरा

रफाल और सुखोई हुए शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और अमेरिका की वायु सेनाओं ने अपना संयुक्त अभ्यास 'कोप इंडिया-2023' पूरा कर लिया है। खास बात यह है कि इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना की तरफ से अत्याधुनिक रफाल, तेजस, सुखोई-30एमकेआई, जगुआर, सी-17 और सी-130 जैसे अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों ने हिस्सेदारी की। वहीं अमरीकी वायु सेना बात करें तो इस संयुक्त अभ्यास में अमेरिकी वायुसेना की ओर से की ओर से एफ-15 'स्ट्राइक ईगल' लड़ाकू विमान, सी-130, एमसी-130जे, सी-17 और बी1बी जैसे सामरिक बमवर्षक विमानों ने हिस्सा लिया।

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत और अमेरिका के बीच यह संयुक्त वायु सेना अभ्यास भारत के कलाईकुंडा, पानागढ़ और आगरा स्थित वायु सेना स्टेशनों में आयोजित किया गया था। लगभग 2 सप्ताह तक चले अभ्यास के बाद सोमवार को इस अभ्यास का आखिरी दिन रहा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस अभ्यास में जापान की एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स के वायु कर्मियों ने भी पर्यवेक्षकों के रूप में भाग लिया। इस संयुक्त अभ्यास ने सभी देशों के प्रतिभागियों द्वारा अपने विचारों को साझा करने और आपसी सहयोग, आदान-प्रदान तथा संयुक्त मिशन के माध्यम से सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को आत्मसात करके सीखने का बहुमूल्य अवसर प्रदान किया। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि अभ्यास के दौरान मित्रता एवं भाईचारे की भावना को सशक्त करने के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभ्यास दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच अंतर-राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने वाली दो वायु सेनाओं के मध्य संबंधों को बेहतर बनाए रखने तथा इसे और मजबूत करने के लिए गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

वायु सेना अभ्यास 'कोप इंडिया-2023' का यह छठा संस्करण था। पिछले दो सप्ताहों के दौरान इसे कलाईकुंडा, पानागढ़ और आगरा स्थित वायु सेना स्टेशनों में आयोजित किया गया था। यह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और अमरीका की वायु सेना (यूएसएएफ) के बीच नियमित एक वायु अभ्यास का हिस्सा है, जिसका समापन 24 अप्रैल को हुआ।

झारखंड में शिक्षा न्यायाधिकरण डिफंक्ड, मौज काट रहे प्राइवेट स्कूल

बढ़े फीस से अभिभावकों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न शहरों में स्थित निजी स्कूलों द्वारा स्कूल फी एवं अन्य मदों की राशि में इजाफा किया गया है। स्कूल प्रबंधन द्वारा लगभग 20 फीसदी तक की गई फी बढ़ोतरी ने कहीं ना कहीं अभिभावकों की परेशानी बढ़ा दी है। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा रहे प्रति बच्चा 500 से 700 रुपये अतिरिक्त देना होगा। झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण एक्ट 2019 की अनदेखी कर निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने तरीके से की गई स्कूल फी वृद्धि पर अभिभावक मंच ने एतराज जताया है। अभिभावक मंच के अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि निजी स्कूलों द्वारा बढ़ाई गई स्कूल फी, कहीं ना कहीं गार्जियन पर भारी बोझ देने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह छूट कहीं ना कहीं राज्य में शिक्षा न्यायाधिकरण के डिफंक्ड होने की वजह से मिली है। जिसके कारण मनमाने तरीके से स्कूल प्रबंधन अलग अलग ढंग से स्कूल फी से लेकर अन्य मदों में वृद्धि कर रहे हैं।गौरतलब है कि राजधानी रांची सहित झारखंड के धनबाद, जमशेदपुर, देवघर जैसे शहरों में स्थित निजी स्कूलों में फी वृद्धि हुई है।जिसके खिलाफ जिला स्तर पर शिक्षा पदाधिकारी के समक्ष बड़े पैमाने पर अभिभावकों ने इसकी शिकायत की है। रांची में भी उपायुक्त के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय तक शिकायत पहुंचनी शुरू हो गई है। इधर स्कूल प्रबंधन फी बढ़ोतरी के लिए अलग तर्क देते नजर आ रहे हैं। महंगाई के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर में की गई वृद्धि का हवाला देते हुए निजी स्कूल प्रबंधन इसे सही करार दे रहे हैं। झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण है डिफंक्डः झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण ही एक ऐसा मंच है जहां राज्य के प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने एवं अभिभावकों के द्वारा दर्ज शिकायत की सुनवाई होती है। मगर सरकार की यह संस्था भी डिफंक्ड है। हालत यह है कि शिक्षा न्यायाधिकरण में ना तो अध्यक्ष हैं और ना ही सदस्य। 13 दिसंबर 2021 से अध्यक्ष का पद खाली पड़ा है। न्यायाधिकरण में अध्यक्ष और सदस्य का पद खाली रहने के कारण स्कूलों की मनमानी शुरू हो गई है।स्कूल प्रबंधन की प्रताड़ना के शिकार अभिभावकों शिकायतों पर किसी तरह की सुनवाई नहीं हो पा रही है। न्यायाधिकरण में करीब 80 शिकायत पत्र सुनवाई के लिए लटके हुए हैं। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए 2010-11 में कई आदेश जारी किया गया था। स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए जिला प्रशासन स्तर पर कमेटी भी गठित की गई है। बस भाड़ा बढ़ाना हो या वार्षिक शुल्क या डेवलपमेंट शुल्क या ट्यूशन फीस में वृद्धि करनी हो, जिला स्तर पर बनी कमेटी और न्यायाधिकरण में इस संबंध में निर्णय लिया जाता रहा है।

राजधानी की बहुमंजिली इमारतों की होगी फायर सेफ्टी जांच, आदेश जारी

रांची। राजधानी समेत आस-पास के इलाकों में लगातार हो रही अगलगी की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन एक्शन मोड पर आ गया है। रांची डीसी ने रांची में बनी सभी बहुमंजिली इमारतों में फायर फायटिंग सिस्टम की जांच करने का आदेश दिया है। यह जांच अलग-अलग फेज में करायी जायेगी। इसमें हॉस्पिटल, होटल, स्कूल, कॉलेज से लेकर सभी रेसिडेंशियल और कॉर्मशियल अपार्टमेंट शामिल हैं। पहले फेज में सिटी के 500 भवनों की जांच करने का निर्णय लिया गया है। डीसी के निदेर्शानुसार, फायर फायटिंग सिस्टम की जांच के लिए अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों की कुल पांच टीम बनायी गयी है। हर टीम में चार-चार लोग हैं। सभी टीम को अगले छह माह के अंदर पहले फेज में 500 बहुमंजिला भवन, स्कूल-कॉलेज, होटल-हॉस्पिटल की जांच करने का आदेश दिया गया है।

अदालत की खबरें

कोर्ट के अधिवक्ता काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य में हुए शामिल

रांची। रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य कर रहे है। रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय विद्रोही ने बताया कि रांची सिविल कोर्ट के सभी वकील काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य में शामिल हुए हैं। इस आंदोलन में सभी वकीलों का पुरजोर समर्थन मिला है। हम सरकार, बार काउंसिल ऑफ झारखंड और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि अधिवक्ताओं के हितों के लिए काम करने वाली सभी संस्थाओं को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के लिए एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। इस दौरान सभी अधिवक्ताओं को एसोसिएशन की ओर से काला बिल्ला भी लगाया जा रहा था। इससे पूर्व काला बिल्ला लगाकर कार्य करने का निर्णय रांची जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया था।

लाभुकों को 240 दिन में कंप्लीट करना होगा आवास

नवीन मेल संवाददाता। रांची।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत झारखंड के लिए स्वीकृत 5618 आवासों के निर्माण के लिए नगरीय प्रशासन निदेशालय ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। निदेशालय ने 29 नगर निकायों के नगर आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों को पत्र लिखकर आवास निर्माण का काम शुरू करने का निर्देश दिया है। सभी निकायों को निर्देश दिया गया है कि 30 अप्रैल तक सभी लाभुकों का डाक्यूमेंट और फाइल तैयार कर लें और शत-प्रतिशत एमआईएस अटैचमेंट कर लें। 1 मई से 7 मई तक कैंप लगाकर सभी निकायों में लाभुकों के साथ आवास निर्माण को लेकर एकारनामा करने का निर्देश दिया गया है। सभी लाभुकों के नॉन स्टार्टर आवास का जिओ टैगिंग 15 मई तक करना है। लाभुकों को आवास पूरा करने के लिए 240 दिन का समय दिया जाएगा। काम शुरू करने के 15 दिन के अंदर नींव खुदाई और फाउंडेशन का काम पूरा करना होगा। इसके बाद 15 दिन में फाउंडेशन से प्लिंथ तक का काम पूरा करना होगा। प्लिंथ से लिंटन का काम पूरा करने और जिओ टैगिंग के लिए 30 दिन का समय दिया जाएगा। इसके बाद लिंटन से छत की ढलाई और जिओ टैगिंग के काम के लिए 120 दिन दिए जाएंगे। आवास पूरा होने के बाद रंग-रोगन और जिओ टैगिंग के लिए 60 दिन और दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के सेंट्रल सेंसनिंग एंड मॉनिटरिंग कमेटी (सीएसएमसी) की 65वीं बैठक में योजना के चौथे घटक बीएलसी के तहत झारखंड के लिए 5618 आवास स्वीकृत किये गये हैं। यह आवासा 2022-23 के तहत स्वीकृत किये गये हैं।

पृष्ठ एक का शेष

मैं तो कभी बन्ना गुप्ता से मिली तक नहीं...

रही थी। वहीं सबकुछ मेरा वीडियो एडिट किया गया है। बहुत बड़ी साजिश की गई है। मेरे वीडियो का मिसयूज किया गया है। मेरे तीन बच्चे हैं। मेरा पूरा परिवार इस घटना के बाद गहरे सदमे में है। मैं प्रशासन से इस प्रकरण की जांच की मांग करती हूं। प्रशासन, इस वीडियो के पीछे जो लोग भी शामिल हैं उन्हें सामने लाए। मेरी छवि खराब करने का प्रयास किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले सोशल मीडिया में एक अन्य महिला के मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ होने का दावा किया जा रहा था। वह कांग्रेस की युवा नेता आरुषी नंदन थीं। आरुषी ने उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया में शेयर किए जाने पर प्रेस कांफ्रेंस किया और कहा कि मेरा चरित्रहनन किया जा रहा है। वीडियो में नजर आ रही महिला मैं नहीं हूं। मैं बन्ना गुप्ता को भाई मानती हूं। 9 साल से एनएसयूआई के लिए काम करती हूं। मंत्री बन्ना गुप्ता भी मुझे छोटी बहन मानते हैं। मैंने उन्हें राखी तक बांधी है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्या राजनीति में होने की कीमत चुकानी होगी? उन्होंने कहा कि जिस किसी ने भी उनकी छवि खराब करने का प्रयास किया है। उनका चरित्रहनन किया है उनके खिलाफ लीगल एक्शन लेंगी। बता दें कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का कथित एमएमएस रविवार देर शाम सोशल मीडिया में वायरल हुआ। गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने इसे ट्वीट कर कांग्रेस पर हमला बोला। पूर्वी जमशेदपुर से निर्दलीय विधायक सरयू रॉय ने भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि हाल ही में कांग्रेस प्रभारी ने कहा था कि उनके कोटे के मंत्री अच्छा काम कर रहे हैं। लगता है यह उसी अच्छे काम की झांकी है। इधर, बीजेपी भी मंत्री बन्ना गुप्ता, सरकार और कांग्रेस पर हमलावर है। कहा कि कांग्रेस की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

मंत्री के कथित वीडियो के साथ उसका नाम जोड़कर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट किया है। उन्होंने इसे लेकर रांची के हटिया डीएसपी के पास लिखित शिकायत भी की है। महिला ने एक वीडियो मेसेज जारी कर कहा है कि वह न तो हेल्थ मिनिस्टर बन्ना गुप्ता से कभी मिली है और न ही उन्हें जानती है। किसी ने साजिश पूर्वक उसके चेहरे का इस्तेमाल किया है। महिला ने कहा है कि उसने अपने पति के साथ वीडियो-ऑडियो चैट किया था, जिसे एडिट कर किसी ने मंत्री के साथ जोड़ दिया है। वीडियो में महिला हाथ जोड़ कर प्रशासन और लोगों से गुजारिश कर रही है कि जिसने भी इस तरह का गलत काम किया है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उसने सोशल मीडिया से उसकी छवि खराब करने वाले वीडियो को डिलीट करने की भी गुहार लगाई है। महिला के मुताबिक वह नौकरी करती है और उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। वीडियो और ऑडियो का फर्जी तरीके से इस्तेमाल किया गया है। उसके परिवार का बुरा हाल है। इधर एनएसयूआई की लीडर आरुषि वंदना सिंह ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता का कथित वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने साजिश पूर्वक उनका नाम लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वह मंत्री को राखी बांधती हैं। उनका चरित्र हनन करने की कोशिश की जा रही है। आरुषि और उनके पति इंद्रजीत ने पुलिस से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस मामले में एसएसपी को की गई लिखित शिकायत में कहा है कि मामले की साइबर जांच कराई जाए। यह फर्जी वीडियो है। चरित्र हनन करने वालों के खिलाफ वह सख्त कार्रवाई के लिए हर कदम उठाएंगे। गौरतलब है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इस वीडियो के अंश ट्विट करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता के चरित्र पर सवाल उठाया था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सहित पार्टी के कई नेताओं ने इसे लेकर कांग्रेस नेताओं के चाल-चरित्र पर सवाल खड़ा किया है।

रांची विधायक सीपी सिंह को...

ऑफ कर दिया। सीपी सिंह ने कहा कि उनकी आदत है कि वह 24 घंटे फोन खुद उठाते हैं चाहे वह किसी अज्ञात व्यक्ति का ही क्यों न हो इस बात को पूरी रांची की जनता भी जानती है। उन्होंने इसकी सूचना लालपुर थाना को दे दी है और इस घटना की अविलंब जांच कर दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है जिससे भविष्य में कोई ऐसी हरकत करने की कोशिश ना करे।

अननोन वाट्सएप्प कॉल न उठाएं...

करती है। यह कॉल वीडियो कॉल ही होता है। एक साफ्टवेयर है, जो वह अपने मोबाइल में पहले से ही लगाए रहती है। आपने जैसे ही कॉल किया, वैसे ही रिकार्डिंग चालू हो जाती है। आपने कुछ बोला, नहीं बोला, यह बहुत मायने नहीं रखता। बस, आपकी सूरत दिखी नहीं, हरकत दिखी नहीं कि रिकार्डिंग चालू। सूत्र बताते हैं कि जो लोग हनीट्रैप के इस काले धंधे में हैं, वो प्रोफेशनल्स हैं। मीठी-मीठी बातें करके वह आपको उलझाए रखती हैं। आपको क्या पता कि आपका वीडियो रिकार्ड हो रहा है। आपने ज्योंहीं फोन बंद किया, उधर लड़की आपके नंबर को ट्रेस करती है। अब नंबर ट्रेस करना बहुत मुश्किल नहीं रहा। कई सेवा प्रदाताओं कंपनियों के मिलीभगत से सभी जानकारियां मिल जाती हैं। हालांकि ये कंपनियां कहती हैं कि ग्राहकों की जानकारियां गुप्त रहती हैं पर ब्लैक शिप हर जगह होती हैं। यहीं से चालू होता है ब्लैकमेलिंग का खेल। चेहरा आपका, धड़ किसी का। आपक्किजनक हालत में आपकी वीडियो तैयार होती है और फिर आपसे पैसे मांगे जाते हैं। यही है खेल।

क्या करें : अव्वल तो आप कोई भी वीडियो कॉल रिसीव ही न करें, तब तक जब तक वह आपके पहचान वाले का न हो। अगर गलती से आपने कर भी लिया तो शक्ल सामने न रखें। अगर कोई ब्लैकमेलर है तो आवाज से ही पता चल जाएगा। आप आवाज सुनें और प्रतिक्रियास्वरूप फोन को डिस्कनेक्ट कर दें।उस नंबर को परमानेंट ब्लैकलिस्ट में डाल दें और कॉल लॉग से भी उड़ा दें। इस प्रकार आप हनी ट्रैप का शिकार होने से बच जाएंगे। सबसे अहम यह है कि अननोन नंबर हरगिज न उठाएं। जिसे जरूरत होगी, वह आपको वाट्सएप्प पर आडियो कॉल करेगा या फिर जनरल नेटवर्क पर बात करेगा। अननोन नंबर का वीडियो कॉल करना ही खतरे की निशानी है।

सिमडेगा : हथियार सहित चार...

और आगे भी जो भी इस प्रकार के शामिल रहेंगे वैसे लोगों को भी गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा जाएगा इधर छापेमारी विशेष दल में बसिया एसडीपीओ विकास लांगुरी ,पुलिस निरीक्षक रामानुज कुमार वर्मा, सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश राम, कोलेबिरा थाना प्रभारी प्रभात कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी देव कुमार दास, पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा ,सब इंस्पेक्टर कामेश्वर उरांव, मणि भूषण पासवान, गुमला के सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार एवं तकनीकी कोषांग एवं सशस्त्र बल की विशेष भूमिका रही।

खुशखबरी : राजकीय श्री बंशीधर...

राजेश कुमार राय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उत्तरी वन प्रमंडल, दिलीप कुमार यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी, दक्षिणी वन प्रमंडल, शशि कुमार, अपर समाहर्त्ता, पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रंका, राम नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार समेत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला अभियंता, जिला परिषद गढ़वा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर, अंचल अधिकारी, नगर उटॉरी / प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर उटॉरी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

एक साथ 69 छात्राएं कोविड संग्रमित...

वहीं दूसरे स्थान पर पूर्वी सिंहभूम है। राज्य में बीते छह मार्च तक कोविड का एक भी केस नहीं था। सात मार्च को तीन केस सामने आए थे। इसके बाद से एक्टिव केस में लगातार इजाफा हुआ है। अब राज्य के 24 में से 19 जिलों में कोविड के एक्टिव मरीज हैं। पांच जिलों में एक भी मरीज नहीं है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अभी मरीजों की स्थिति ऐसी नहीं है कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की नौबत आ रही हो। फिर भी ध्यान रखने और बचाव की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट संज्ञान ले...

कृत्रिम व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अब ऐसा लगने लगा है कि न केंद्र सरकार खुद काम करेगी और न गैर भाजपाई सरकारों को काम करने देगी। इसलिए अब सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए कि अब तक कितनी बार गैर भाजपाई सरकारों में सीबीआई, आईटी और ईडी की कार्रवाई हुई और कहां क्या निकला। ये बातें सुप्रियो भट्टाचार्य ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। सुप्रियो ने कहा कि मनरेगा से शुरू हुई कार्रवाई अब चपरासी-कर्मचारी तक पहुंच गयी है। एक सरकारी कर्मचारी के यहां ईडी की टीम बिना कोई नोटिस-समन के रात को पहुंच जाती है। ईडी को यह बताना चाहिए कि मामला कहां से शुरू हुआ? अब तक क्या हुआ? कितने पर जांच पूरी हुई? कितने पर चार्जशीट फ्रेम हुआ? जांच एजेंसियां काम करने वाली सरकार का ईमेज खराब करने का काम नहीं करे। झामुमो नेता ने कहा कि ईडी के किसी भी कार्रवाई, पूछताछ एवं जांच की खबर मीडिया तक कैसे पहुंच रही है? उन्हें कौन ब्रीफिंग कर रहा है? प्रिंट मीडिया में एक जैसी खबरें होती है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक व वेव मीडिया में अलग-अगल तरह की खबरें प्रचारित-प्रसारित हो रही हैं। इसको लेकर खुद ईडी एवं अन्य जांच एजेंसियों को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। यह लोकतंत्र के लिए बहुत घातक है। इसको लेकर भी कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए। सुप्रियो ने कहा कि केंद्र में आपकी बहुमत की सरकार है। आपके पास पावर है। अगर आप गैर भाजपाई सरकार को कहीं नहीं देखना चाहते हैं, तो एक प्रस्ताव लाकर घोषित कर दें कि जब तक यह सृष्टि रहेगी, केंद्र से लेकर राज्यों तक केवल और केवल भाजपा की सरकार रहेगी। सारी समस्या ही खत्म हो जाएगी। यह तो अजीब स्थिति बन गयी है। केंद्र सरकार पूरे संघीय ढांचा को समाप्त करने पर तुली है। अब अति हो गया है। बर्दाश्त से बाहर है। मंत्री बन्ना गुप्ता मामले पर मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस मामले में सरकार या मेरी पार्टी कांग्रेस के कदम का इंतजार कर रही है। क्योंकि मामला अभी जांच के क्रम में हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमलोग भाजपा सांसद की तरह एकदम नीचे गिर जाएं और भाजपा के काले कारनामे बताना शुरू कर दें, तो आपके कान फट जाएंगे। हमलोग की राजनीतिक व वैचारिक लड़ाई हो सकती है। हमलोग भाजपा वालों की तरह इतना नीचे गिर कर राजनीति नहीं करना चाहते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को...

के मुख्य न्यायाधीश ने उनकी बात मान ली। इस मामले में अब बृजभूषण शरण सिंह का बयान आया है कि मामला सुप्रीम कोर्ट में है तो कोर्ट तय करेगा कि क्या करना है। इस बीच 3 दिन से धरने पर बैठे बजरंग पुनिया ने आरोप लगाया है कि बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत देने वाली नाबालिग रेसलर समेत सातों महिला पहलवानों को शिकायत वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। रेसलिंग फेडरेशन के कुछ लोगों ने इन पहलवानों से संपर्क कर उन्हें पैसे देने की पेशकश की। विनेश फोगाट व साक्षी मलिक ने भी कहा कि बृजभूषण सिंह के खिलाफ शिकायत देने वाली सातों पहलवानों को जान का खतरा है। इधर हरियाणा व उप्र के जाट खाप नेता ओलम्पियन बेटियों के समर्थन में जंतर-मंतर पर पहुंचे हुए थे।

जमीन घोटाले में आईएएस छवि रंजन से...

कब्जा दिखाया गया। रांची नगर निगम से फर्जी दो-दो होल्डिंग दिखाकर जमीन की रजिस्ट्री करवा ली, यह कैसे संभव हुआ। फजीवार्ड़ा के इस बड़े खेल से संबंधित कई सवालों के जवाब से छवि रंजन ईडी को संतुष्ट नहीं कर पाए। दूसरी तरफ ईडी द्वारा इस घोटाले में पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने कहा कि रांची का उपायुक्त बनने के बाद उन्होंने ही सभी जमीन कारोबारियों से संपर्क कर अपने कार्यालय में बुलाया था। उन्होंने ही सभी से जमीन के लिए फजीवार्ड़ा करने को कहा था। हालांकि छवि रंजन इससे इनकार करते रहे। छवि रंजन वर्तमान में झारखंड सरकार में समाज कल्याण विभाग में निदेशक के तौर पर तैनात हैं। करीब दस दिन पहले ईडी ने जमीन घोटाले में छवि रंजन के आवासों के अलावा 21 ठिकानों पर छापेमारी कर कई दस्तावेज बरामद किए थे।

रांची में बढ़ते दिल के दौरे को लेकर परीक्षण कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

वनबंधु परिषद् , रांची की महिला समिति एक सक्रिय शाखा है और आदिवासी समाज के विकास के क्षेत्र में काम करती है। समाज का इरादा वन्यात्रा और अन्य कार्यशालाओं का आयोजन करके गांवों और शहरों के बीच संतुलन बनाना है। दिल के दौरे के मामले में भारी वृद्धि को देखते हुए रांची महिला समिति ने 25 अप्रैल 2023 को चैंबर भवन में दिल के दौरे के पहले लक्षणों और उनके प्रतिक्रियों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कारशाला के प्रशिक्षक और वक्ता एक युवा जाने माने हृदय रोग विष्यज्ञ डॉक्टर कुशाग्र महानसारिया थे। उन्होंने प्रतिभागियों को दिल का दौरे पड़ने के पहले लक्षणों के बारे में बताया। आपातकालीन में पहली प्रतिक्रिया के लिए सी पी आर तकनीक सिखाते हुए डॉक्टर कुशाग्र ने दिल के दौरे के लक्षणों पर चर्चा की जिसमें सीने में दर्द जो जकड़न या निचोड़ने जैसा महसूस हो सकता है, दर्द जो कंधे, हाथ, पीठ, गर्दन, जबड़े, दातों तक फैलता है और कभी कभी ऊपरी पेट ठंडा पसीना, थकान, नाराजगी, उपज, चक्कर आना, अचानक चक्कर आना, मतली और सांस की तकलीफ आदि। उन्होंने ये भी कहा की असंतुलित आहार और जीवनशैली की आदतों वजह से कोनोरी धमनियों की दीवारों पर फैटी जमा या पट्टिका के विकास होता है जिससे दिल का दौरा पड़ता है। डॉक्टर कुशाग्र ने इस तथ्य पर जोर दिया की सी पी आर एक जीवन रक्षक तकनीक है और सभी को इसके बारे में पता होना चाहिए।

भगवान महावीर हॉस्पिटल व रोटरी क्लब जयपुर मेजेस्टी के तत्वावधान में आयोजित

निःशुल्क कृत्रिम हाथ वितरण शिविर का आयोजन 28 मई को

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भगवान महावीर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, राँची एवं रोटरी क्लब जयपुर मेजेस्टी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क कृत्रिम हाथ वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर रिहैबिलिटेशन काउंसिल इंडिया के निर्देशन में लगाया जा रहा है। यह शिविर 28 मई को लगेगा। सुबह 9: 30 बजे से शिविर प्रारंभ हो जाएगा। शिविर महावीर भवन, पीएचडी कालोनी के सामने भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल के निकट, बरियातु रोड रांची में लगेगा। इसमें कोहनी से नीचे कटे हाथ (कम से कम 4 इंच का हिस्सा लगा हो) वाले महिलाओं-पुरुषों-बच्चों को एलन मीडोज प्रॉस्थेटिक हेंड्स फाउडेशन, अमेरिका द्वारा निर्मित हाथ लगाए जाएँगे' दावा किया जाता है कि ये हाथ लगाने एवं निकालने में सहज, टिकाऊ एवं उपयोगी है' इसे लगाकर साईकिल चलाना, लिखना, पढ़ना आदि संभव है। इसके अलावा अन्य घरेलू कार्य भी किए जा सकते है' रोटरी क्लब जयपुर मेजेस्टी के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह राजपुरोहित के अनुसार, इसका वजन 400 ग्राम है' पंजीकरण के लिए फोन नंबर 9110141366, 9771473820 पर कॉल किया जा सकता है।

बीएयू में निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

रांची। कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित विश्वविद्यालय चिकित्सालय में बुधवार को निः शुल्क नेत्र चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन होगा। विश्वविद्यालय चिकित्सालय में संचालित शिविर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जाँच सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यूएस वर्मा ने बताया कि बीएयू एवं टाइटन आई प्लस वीएलएस टाइम एंड विजन, रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में नेत्र, नेत्र रोग, आँख की रोशनी, चश्मा फ्रेम आदि की जाँच एवं चिकित्सा परामर्श दी जाएगी। शिविर में विश्वविद्यालय अधीनस्थ सभी निदेशालयों, सभी संकायों एवं महाविद्यालयों तथा सभी यूनिट छात्र झ छात्राओं, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों, आकस्मिक मजदूरों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए निः शुल्क जाँच उपलब्ध होगी। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने इसे विश्वविद्यालय परिवार में भविष्य में होने वाले गंभीर नेत्र रोगों से बचाव का अवसर एवं ईलाज की सुरक्षा कवच प्रदान करने कोशिश बताया है। उन्होंने पुरे विश्वविद्यालय परिवार को निः शुल्क जाँच शिविर में भाग लेकर चिकित्सा लाभ लेने का संदेश दिया है।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

संख्याः क.वि.–ओ.टी.–01–एएलसीएटी–बीडी–23–24

डीडीयू डिविजन के बीडी सेक्शन के जपला (जेपीएल) से गढ़वा (जीएचडी) अप लाईन तक कैडमियम कॉपर कैटेनरी वायर के साथ एल्युमिनियम अलॉय कैटेनरी वायर को बदलना।

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैद्य दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई–नीविदायें आमंत्रित की जाती हैः–

1.कार्य का नाम एवं स्थानः डीडीयू डिविजन के बीडी सेक्शन के जपला (जेपीएल) से गढ़वा (जीएचडी) अप लाईन तक कैडमियम कॉपर कैटेनरी वायर के साथ एल्युमिनियम अलॉय कैटेनरी वायर को बदलना। **2. कार्य की अनुमानित रकमः** रू. 83,21,325.70, **3.बयाने की राशिः** रू. 1,66,400.00, **4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनांक 16.05.2023 को 15:00 बजे तक। **5. वेबसाइट का विवरण जहाँ से ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in**

वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर/क.वि./पूर्व मध्य रेल, डीडीयू

पीआर/000151/डीडीयू/ईटीआरडी/टी/23–24/32

NEWS इन ब्रीफ

बेंगलुरु दौड़ की अंतरराष्ट्रीय दूत होगी सान्या रिचर्ड्स रॉस

बेंगलुरु। पूर्व ओलंपिक और 400 मीटर में विश्व चैंपियन सान्या रिचर्ड्स रॉस को 21 मई को यहां होने वाली विश्व 10 किमी बेंगलुरु दौड़ का अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा दूत नियुक्त किया गया है। अमेरिका की एथलीट सान्या रिचर्ड्स रॉस विश्व एथलेटिक्स की नामी खिलाड़ियों में शामिल है। वह ओलंपिक में लगातार तीन बार चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ जीतने वाली दुनिया की एकमात्र महिला एथलीट हैं। जमैका में जन्मी सान्या रिचर्ड्स रॉस ने ओलंपिक तथा विश्व चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 14 पदक जीते हैं। इसके अलावा विश्व रिले में उनके नाम पर तीन स्वर्ण पदक दर्ज है। उन्होंने डायमंड और गोल्डन लीग में भी कई पदक जीते हैं।

चोट के चलते मैड्रिड ओपन से बाहर हुई जाबेउर

नई दिल्ली। पिछले साल मैड्रिड ओपन में अपना पहला करियर डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने वाली वर्ल्ड नंबर 4 ऑन्स जाबेउर इस सीजन में अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाएगी। वह बायीं पिंडली की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। ट्यूनीशिया की जाबेउर ने पिछले हफ्ते के स्टटगार्ट ओपन के अंतिम चार में जगह बनाई, लेकिन पैर में चोट के कारण 3-0 से पिछड़ते हुए वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वोटेक के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में रिटायर हो गई। दो बार की ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट ने अपनी चोट के बारे में अपडेट देने के लिए ट्विटर का सहारा लिया।

डेविड वॉर्नर पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है।

हर्ब डगलस का 101 वर्ष की आयु में निधन

पिट्सबर्ग। हर्ब डगलस, जिन्होंने 1948 के ओलंपिक में लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था, का 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय, जहां डगलस ने अपने अल्मा मेटर के लिए विभिन्न भूमिकाओं में काम किया, ने कहा कि डगलस का शनिवार को निधन हो गया। पिट्सबर्ग के चांसलर पैट्रिक गैलाघेर ने कहा, हेजलवुड के एक महत्वाकांक्षी एथलीट, एक छात्र-एथलीट और विश्वविद्यालय के ट्रस्टी, एक सम्मानित व्यवसायी, ओलंपियन और समुदाय के नेता, हर्ब डगलस ने हर भूमिका में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वह स्वयं के और दूसरों के भी चैंपियन दोनों थे, कभी भी अवसर के द्वार खोलने और लोगों को अपनी सफलता का पीछा करने में मदद करने में संकोच नहीं करते थे।

हॉकी सिमडेगा टूर्नामेंट में 87 पंचायतों के 1900 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

हॉकी इंडिया ने हाल ही में 'हॉकी इंडिया का अभियान हर घर हो हॉकी की पहचान' कार्यक्रम की घोषणा की, जिसका उद्देश्य देश के दूरस्थ भागों में हॉकी का प्रसार करने के लिए सभी जिलों को नियमित कोचिंग शिविरों और अंतर-जिला प्रतियोगिताओं की मेजबानी में शामिल करना है। झारखंड में, सिमडेगा जिला इस अभियान का एक शानदार उदाहरण बन गया है, हॉकी सिमडेगा छोटे बच्चों के लिए कई टूर्नामेंट आयोजित कर रहा है, जिससे पूरे जिले के युवा खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने का पर्याप्त अवसर मिल रहा है।

हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष एवं हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कुमार प्रसाद ने सभी पंचायतों के युवा खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए जिले में किस तरह से टूर्नामेंट आयोजित किये जा रहे हे, इसका विस्तृत विवरण दिया।

मनोज ने कहा, सिमडेगा में, 94 पंचायतें हैं। हम 3-4 पंचायतों को मिला रहे हैं और इन पंचायतों की टीमों के बीच ट्रायल टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं। हम पहले ही 87 पंचायतों में 22 टूर्नामेंट आयोजित कर चुके हैं, जिसमें लगभग 1900 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। हम दो और टूर्नामेंट आयोजित करेंगे जिसमें शेष 7 पंचायतों से टीमें शामिल होंगी। इन टूर्नामेंटों के लिए चुने गए युवा 16 साल से कम उम्र के हैं और उन्हें अपने करियर में हॉकी का बहुत सीमित अनुभव है। मनोज ने इन चयन मानदंडों को बनाए रखने के पीछे तर्क देते हुए कहा, हम 16 साल से कम उम्र के खिलाड़ियों का चयन कर रहे हैं क्योंकि हमारा उद्देश्य उन्हें उचित कोचिंग प्रदान करना है ताकि वे अगले वर्ष तक सब-जूनियर टूर्नामेंट के लिए चयन करने के लिए तैयार हों।

मनोज ने कहा, हम सभी 24 टूर्नामेंटों की विजेता टीमों के बीच एक टूर्नामेंट की मेजबानी करने की योजना बना रहे हैं। वहां से, शीर्ष चार टीमें सिमडेगा की आठ अन्य हॉकी टीमों के साथ एक टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनके पास जिला-स्तरीय और ऐसे अन्य टूर्नामेंटों में खेलने का अनुभव है। हॉकी सिमडेगा ने सीधे जिला स्तर पर टूर्नामेंट की मेजबानी करने के बजाय पंचायतों में टूर्नामेंट की मेजबानी करने का फैसला किया था, क्योंकि संघ चाहता था कि सभी क्षेत्रों के युवाओं को प्रतिस्पर्धा करने का समान अवसर मिले।

मनोज ने कहा, अगर हम जिला मुख्यालय में एक टूर्नामेंट की मेजबानी करते हैं, तो ग्रामीण क्षेत्रों या आदिवासी क्षेत्रों से आने वाले इच्छुक खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करने का मौका नहीं मिलता है क्योंकि वे दूर की यात्रा करने में असमर्थ होते हैं। इसलिए, हम तकनीकी से 2-3 सदस्यों की एक टीम नियुक्त करते हैं। समिति जो इन पंचायतों के स्कूलों का दौरा करती है, प्रतिनिधियों के साथ जुड़ती है और खिलाड़ियों की एक टीम का चयन करती है। फिर हम टूर्नामेंट आयोजित करने से एक सप्ताह पहले समाचार पत्रों और सोशल मीडिया में विज्ञापन पोस्ट करते हैं।

मनोज ने कहा, हम संकटग्रस्त क्षेत्रों के युवाओं तक भी पहुंच रहे हैं क्योंकि हम चाहते हैं कि हमारी पहल यथासंभव समावेशी हो। हम युवाओं को यह भी शिक्षित करना चाहते हैं कि वे झारखंड में रह सकें और प्रमुख शहरों की यात्रा किए बिना अपनी प्रतिभा दिखा सकें। उन्होंने युवा छात्रों को प्रतिस्पर्धा करने और पूरे भारत में हॉकी की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तर पर कई पहलों की घोषणा करने के लिए हॉकी इंडिया की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, इस तरह की पहल के साथ, हमें विश्वास है कि हॉकी निश्चित रूप से भारत के हर घर तक पहुंचेगी। यह कई वर्षों से हमारा सपना रहा है और हम इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय निकाय के साथ काम करना जारी रखेंगे।

गुजरात ने मुंबई को दिया 208 रन लक्ष्य

एजेंसी। अहमदाबाद

डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग-16 के 35वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 208 रन का टारगेट दिया है। जवाब में मुंबई ने 7.3 ओवर में दो विकेट पर 43 रन बना लिए हैं। कैमरून ग्रीन क्रीज पर हैं। ईशान किशन 13 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें राशिद खान ने जोशुआ लिटिल के हाथों कैच कराया। इससे पहले, मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा (2 रन) कप्तान हार्दिक पंड्या का शिकार बने। पहलाः दूसरे ओवर की आखिरी बॉल पर हार्दिक पंड्या ने रोहित शर्मा को कॉट एंड बोल्ड किया। दूसरा : 8वें ओवर की तीसरी बॉल पर राशिद खान ने ईशान किशन को जोशुआ लिटिल के हाथों कैच कराया। 208 रन के टारगेट चेज करते उतरी मुंबई की शुरूआत धीमी रही। टीम ने 6 ओवर में एक विकेट गंवाकर 29 रन बनाए। यह मौजूदा सीजन का पावरप्ले में दूसरा लो स्कोर है। इससे पहले राजस्थान ने गुजरात के खिलाफ दो विकेट पर 26 रन जोड़े थे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन बनाए। ओपनर शुभमन गिल (56 रन) ने सीजन का तीसरा अर्धशतक जमाया, जबकि डेविड मिलर 46 और अभिनव मनोहर 42 रन बनाकर आउट हुए वहीं, राहुल तेवतिया ने 5 बॉल पर 20 रन बनाए। पीयूष चावला को दो विकेट मिले। अर्जुन तेंदुलकर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, रिले मेरेडिथ और कुमार कार्तिकेय को एक-एक विकेट मिला। पहलाः अर्जुन तेंदुलकर ने तीसरे ओवर की पहली बॉल पर साहा को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया। दूसराः 7वें ओवर की पहली बॉल पर पीयूष चावला ने हार्दिक पंड्या को सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। तीसरा : 12वें ओवर की पहली बॉल पर कुमार कार्तिकेय ने गिल को सूर्यकुमार के हाथों लॉन्ग ऑन पर कैच कराया।

आखिरी चरण से बाहर रह सकता है लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुख्य गेंदबाज



नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मार्क वुड अगले महीने अपने बच्चे के जन्म के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के अंतिम चरण से बाहर रह सकते हैं। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अब तक सुपर जाइंट्स की ओर से चार मैच में 11 विकेट चटकाए हैं और इस दौरान 8.12 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए। वह हालांकि बीमार होने के कारण टीम के पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए। रिपोर्ट के अनुसार, वुड और उनकी पत्नी मई के अंत में दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं और बच्चे के जन्म के समय मौजूद रहने के लिए वुड आगामी हफ्तों में किसी समय स्वदेश लौटेंगे।' आईपीएल क्वालीफायर 23 और 26 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 28 मई को होगा। इंग्लैंड को आईपीएल फाइनल के तुरंत बाद एक जून से लार्ड्स में आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेलना है। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स भी इससे पहले कह चुके हैं कि इस मुकाबले की तैयारी के लिए वह आईपीएल के अंतिम चरण से बाहर रह सकते हैं।



पेरिस 2024 ओलंपिक उद्घाटन समारोह के लिए किराए पर लिए जाएंगे 116 नाव

एजेंसी। पेरिस

पेरिस ओलंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह इस बार शहर के सीन नदी पर होगा जिसके लिए 42 कंपनियों की कुल 116 नौकाओं की पहचान की गई है। ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने ये घोषणा की है। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई, 2024 से शुरू हो रहा है। सिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां 98 फीसदी नौकाएं पेरिस इकोसिस्टम से किराए पर ली जाएंगी, वहीं स्ट्रासबर्ग स्थित बतोरामा भी अगले साल उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए अपनी नौकाएं भेजेगी। पेरिस 2024 के प्रेसिडेंट टोनी एस्टैंगुएट ने सोमवार को कहा, 26 जुलाई, 2024 को ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए एक अरब से अधिक दर्शक पेरिस आएंगे। उन्होंने कहा, हम इस अभूतपूर्व, रोमांचक आयोजन के लिए उन पर भरोसा कर बहुत खुश और आभारी हैं, और हम खेलों के इतिहास में सबसे बड़े समारोह की उम्मीद कर रहे हैं। दिसंबर 2021 में, आयोजकों ने सीन नदी पर उद्घाटन समारोह करने की अपनी महत्वाकांक्षा का खुलासा किया था, जिसमें कम से कम 600,000 दर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। खेलों के ग्रीष्मकालीन संस्करण में पहली बार पेरिस 2024 का उद्घाटन समारोह एक स्टेडियम के बाहर होगा। नौकाएं एथलीटों को छह किलोमीटर तक ले जाएंगी, जिसमें आइफिल टॉवर सहित पेरिस के आइकोनिक दर्शनीय स्थल पृष्ठभूमि में होंगे। उद्घाटन समारोह के लिए अनुमानित 100,000 टिकट बेचे जाएंगे, जो 90 यूरो से लेकर 2,700 यूरो तक होंगे। पेरिस ने इससे पहले दो बार, 1900 और 1924 में दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन की मेजबानी की है। यह लंदन के बाद तीसरी बार ओलंपिक होस्ट करने वाला दूसरा शहर होगा जब दुनिया भर के एथलीट अगले साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक फ्रांस की राजधानी में इकट्ठा होंगे।

आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए रहाणे टीम में शामिल

एजेंसी। मुंबई

सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया है। फाइनल 7 से 11 जून तक ओवल में खेला जाना है। पिछले कुछ समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे रहाणे आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अब तक पांच मैचों में 52.25 की औसत और 199.04 की स्ट्राइक रेट से 209 रन बनाए हैं। श्रेयस अय्यर के चोटिल होने के कारण, चयनकर्ताओं ने रहाणे को उनके आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर एक और मौका दिया है। इस बीच टेस्ट क्रिकेट में अब तक प्रभावित नहीं कर पाने वाले सूर्यकुमार यादव को टीम में जगह नहीं मिली है।

टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भारत की टीम इस प्रकार है : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मो. शमी, मो. सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड टीम में मार्क चैपमैन शामिल

एजेंसी। रावलपिंडी

बाएं हाथ के बल्लेबाज मार्क चैपमैन को पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि 2-2 से समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान चैपमैन का प्रदर्शन बहुत अच्छा था।

स्टीड ने कहा, मार्क ने जिस तरह से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ खेला वह किसी भी तरह से कम नहीं है। पांचवें और निर्णायक मैच में उनकी मैच जिताने वाली पारी विशेष रूप से खास थी और हम इस तरह के मजबूत फॉर्म में उन्हें पाकर खुश हैं।

चैपमैन ने पांच टी20 मैचों में कुल 290 रन बनाए जो इस सीरीज में सबसे अधिक है।

आरसीबी के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने आज उतरेगा केकेआर

एजेंसी। बेंगलुरु

लगातार चार मैचों में हार से आहत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने का प्रयास करेगा। दो बार के चैंपियन केकेआर ने अभी तक सात मैचों में से केवल दो में जीत दर्ज की है और वह सातवें स्थान पर काबिज है। इससे उसकी आगे की राह काफी कठिन हो गई है। केकेआर को बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उसे नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर और ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की कमी भी खल रही है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को खेले गए पिछले मैच में केकेआर के बल्लेबाजों को बड़े लक्ष्य के सामने अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर, कप्तान नितीश राणा और एन जगदीशन ने दबाव में अपने विकेट गंवाए।

आरोप धरने पर बैठे पहलवानों को राजनीति दलों का मिला साथ

रिपोर्ट पर बबीता के साइन जबरदस्ती कराए

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के नामी पहलवानों का दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना चल रहा है। मंगलवार (25 अप्रैल) को पहलवानों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शिकायत दर्ज न करने समेत कई गंभीर आरोप लगाए। पहलवान यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और अन्य नेता भी दिल्ली में पहलवानों के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। ओलंपियन पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा, मुझे नहीं पता पुलिस एफआईआर क्यों नहीं रजिस्टर कर रही है। सुप्रीम कोर्ट पर हमारा विश्वास और बढ़ गया है। सुप्रीम कोर्ट को दिल की गहराइयों से धन्यवाद करते हैं। जो आना चाहे, हमारे मंच पर सबका वेलकम है, चाहें पॉलिटिकल पार्टी हो या कोई और, बीजेपी आना चाहे तो उनका भी वेलकम है। उन्होंने कहा, आप कौन सी व्यवस्था की बात कर रहे हैं? सारी व्यवस्था तो आपने खराब कर रखी है। कानून से बड़ा कुछ नहीं है, ना दिल्ली पुलिस ना कोई और। हमारे साथ पहले जो राजनीति हुई है, हम नहीं चाहते वैसा हमारे साथ दोबारा हो। वहीं पहलवान साक्षी मलिक ने कहा, कमेटी के मेंबर्स में आपस में सहमति नहीं थी, रिपोर्ट सबमिट कैसे हुई। बबीता फोगाट ने बताया कि रिपोर्ट पर उनसे जबरदस्ती साइन कराए गए।

हमें डराने का प्रयास किया जा रहा

पहलवान विनेश फोगाट ने कहा, किसी भी महिला के साथ कुछ हुआ हो तो कितना मुश्किल होता है ये सब बताना। हमें डराने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसा मत करिए। हमें सुप्रीम कोर्ट पर विश्वास है। इस दौरान खाप पंचायत के प्रतिनिधि ने कहा कि ये वो खिलाड़ी हैं जो देश का नाम रौशन करते हैं। देश के लिए मेडल लेकर आते हैं। जो हो रहा है बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारा समर्थन खिलाड़ियों के साथ है।

सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

बीजेपी सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज न किए जाने का आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका लगाई। जिसपर मंगलवार को कोर्ट ने दिल्ली सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए। कोर्ट ने कहा कि नोटिस जारी किया जाता है। इसे शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करें। कोर्ट ने पहचान जाहिर न करने के लिए न्यायिक रिकॉर्ड से सात शिकायतकर्ता पहलवानों के नाम हटाने का निर्देश भी दिया। महिला पहलवानों ने आरोप लगाया है कि उनका डब्ल्यूएफआई के चुनावों से कोई लेना-देना नहीं है और वे अपने उन आरोपों की उचित जांच की मांग पर जोर देती रहेंगी कि बृजभूषण शरण सिंह ने महिला एथलीटों का यौन शोषण किया है।